जबलपुर, शनिवार 7 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 21, अंक : 184 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 27 न्यून. 15 haribhoomi.com



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सरयू के 56 घाटों पर करीब 30 लाख दीप जलेंगे

प्रभु राम के घर में आज जलेगी 'ज्योत से ज्योत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

- उप राष्ट्रपति के आगमन से दीप प्रज्ज्वलन तक मजिस्ट्रेटों के हाथ में रहेगी व्यवस्था की कमान

आज सरयू के 56 घाटों को 30 से 33 लाख दीपों से सजाया गया है। घाटों पर दीप सजाने का काम 35 हजार स्वयंसेवकों ने पूरा किया है। शुक्रवार को राम की पैड़ी सहित सभी घाटों पर दीपोत्सव का फाइनल रिहर्सल किया गया। इसके बाद शनिवार को सरयू तट पर भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। दीपों से जगमगाते घाटों के बीच दीप प्रज्ज्वलन और अन्य सांस्कृतिक आयोजन आकर्षण का केंद्र होंगे। उप राष्ट्रपति डॉ. सीपी राधाकृष्णन के आगमन से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों और दीप प्रज्ज्वलन तक अलग-अलग मजिस्ट्रेट व्यवस्थाओं की कमान संभालेंगे।

भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस

दीपोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात, पार्किंग, बैरिकेडिंग और आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। नया घाट स्थित सरयू आरती स्थल की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन विशु राजा और उप जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार शर्मा संभालेंगे।



रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में आस्था और वैभव का अद्भुत नजारा

न तिजोरी, न बैंक... मां महालक्ष्मी के दरबार में सजा 2 करोड़ का खजाना



- करीब 2 हजार भक्तों ने पांच दिन के लिए सौंपी अपनी अमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतलाम

रतलाम स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर में आस्था और वैभव का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। यहां मां लक्ष्मी का दरबार फूलों और रोशनी के साथ करीब दो करोड़ रुपए के भारतीय नोटों, 40 देशों की विदेशी करेंसी और सोने-चांदी के बेशकीमती आभूषणों से सजाया गया है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां सजावट के लिए धन मंदिर प्रबंधन नहीं जुटाता, बल्कि श्रद्धालु अपनी तिजोरियों का खजाना मां के चरणों में सौंपते हैं।

- 40 देशों की करेंसी, सोने-चांदी के आभूषण और 57 चांदी के हाथियों से हुआ महालक्ष्मी का श्रृंगार

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकेज टेरो
TATA PLAY पैकेज रु. 1155 | airtel पैकेज रु. 366

खबर संक्षेप

मप्र विस का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र 7 से 11 दिसंबर तक आयोजित होगा।



विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को सत्र की अधिसूचना जारी कर दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने बताया कि सत्र में महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों के साथ अशासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे।

डॉ. निशांत बने भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी

भोपाल। मप्र भाजपा ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे को प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। नई नियुक्ति के बाद डॉ. खरे की संगठन में भूमिका बढ़ गई है। वे अब प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ कार्यालय का कामकाज भी संभालेंगे।



16 फरवरी से सीबीएसई की 10वीं-12वीं परीक्षाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 9 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 9 अप्रैल तक चलेगी।



भड़के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा यह किसी भी तरह सत्ता में बने रहने की कोशिश

योजनाओं का लाभ देने के लिए आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) का इस्तेमाल करेगी केंद्र सरकार

नाम कटा तो वोट गया, वोट गया तो हक गया, यह गहरी 'साजिश'

कांग्रेस नेता का आरोप- यदि आज पंचायती राज की योजनाओं का लाभ लेने के लिए वोटर आईडी जरूरी किया जा रहा है तो कल राशन, पेंशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति और आरक्षण जैसी सुविधाओं को भी मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा जा सकता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) के इस्तेमाल के केंद्र सरकार के ऐलान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे चुनावों में हेरफेर कर सत्ता में बने रहने और नागरिकों से उनके मतदान का अधिकार छीनने की गहरी साजिश करार दिया है।

राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार अब सरकारी योजनाओं का लाभ भी मतदाता सूची से जोड़ने की तैयारी कर रही है। ऐसे में जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जाएंगे, वे न केवल मतदान के अधिकार से वंचित होंगे, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित हो सकते हैं। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के एक भाषण का वीडियो साझा करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को गंभीरता से समझने की जरूरत है। सरकार की यह नई व्यवस्था नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए खतरा बन सकती है।



राहुल गांधी

- राहुल: सरकार की यह नई व्यवस्था नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए खतरा



राजीव रंजन

तो, सरकार अपनी पसंद की जनता चुनेगी

राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में जनता सरकार नहीं चुनेगी, बल्कि सरकार अपनी पसंद की जनता तय करने लगेगी।

केंद्रीय मंत्री ने किया था नई व्यवस्था का ऐलान

दरअसल, केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने 30 अक्टूबर 2026 को एक कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के सत्यापन को लेकर नई व्यवस्था की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि अब तक आधार नंबर के आधार पर भुगतान पाने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आगे भुगतान प्राप्त करने के लिए बायोमीट्रिक्स और मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर का इस्तेमाल करना होगा।

प्रमुख योजनाएं, जिनमें आधार का इस्तेमाल होता है

1. **मनरेगा:** मजदूरों की पहचान और मजदूरी भुगतान के लिए आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) का इस्तेमाल।
2. **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि:** किसानों के सत्यापन और किस्तों के भुगतान के लिए आधार अनिवार्य।
3. **सामाजिक सुरक्षा पेंशन:** वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन और भुगतान में आधार का उपयोग।
4. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना:** गैस सब्सिडी सीधे बैंक खाते में भेजने के लिए आधार आधारित डीबीटी।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में सिर्फ सैलरी नहीं होगी आधार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के तहत क्रीमी लेयर निर्धारित करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी अभ्यर्थी को क्रीमी लेयर में रखने या उससे बाहर करने का फैसला केवल उसके माता-पिता की आय, विशेषकर वेतन के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए माता-पिता का पद, सामाजिक स्थिति और आर्थिक परिस्थितियों सहित अन्य प्रासंगिक मानकों को भी देखना होगा। अदालत ने इस संबंध में 11 मार्च को दिए गए अपने फैसले को बरकरार रखते हुए केंद्र सरकार की दो साल की मोहलत मांगने वाली याचिका खारिज कर दी।जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि फैसले को लागू करने में और देरी करने का कोई ठोस आधार नहीं है।

- *माता-पिता का पद सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को भी देखना होगा*



सिविल सेवा 2025 के आवंटन पर पड़ेगा असर

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम 6 मार्च को घोषित हो चुका है, लेकिन अभी तक अभ्यर्थियों को सेवाओं का अंतिम आवंटन नहीं हुआ है। इसलिए इस प्रक्रिया में 11 मार्च के फैसले में निर्धारित सिद्धांत लागू होंगे।

2004 के स्पष्टीकरण पर उठा था विवाद

यह विवाद 8 सितंबर 1993 को जारी सरकारी आदेश से जुड़ा है, जिसमें ओबीसी क्रीमी लेयर के निर्धारण के नियम तय किए गए थे। इसके बाद 14 अक्टूबर 2004 को जारी स्पष्टीकरण में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और निजी क्षेत्र में काम करने वाले माता-पिता के वेतन को भी क्रीमी लेयर की आय में शामिल करने का निर्देश दिया गया था।सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इस व्यवस्था से सरकारी कर्मचारियों और निजी क्षेत्र व पीएसयू में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के बीच अनुचित भेदभाव की स्थिति पैदा हुई।

सैटकॉम लाइसेंस पर सरकार ने कहा

जियो और वनवेब के बाद स्टारलिंक ने पूरी की प्रक्रिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- ग्राहक तय करेंगे किसकी सेवा पसंद

केंद्रसरकार ने भारत के सैटेलाइट कम्युनिकेशन (सैटकॉम) सेक्टर में सभी कंपनियों का स्वागत करते हुए कहा है कि इस क्षेत्र में आखिरकार ग्राहक ही तय करेंगे कि उन्हें किस कंपनी की सेवा लेनी है। उपभोक्ता कीमत, सुविधाओं और सेवा की गुणवत्ता के आधार पर अपनी पसंद चुन सकेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल भारत में जियो, वनवेब और स्टारलिंक के पास सैटकॉम सेवाओं के लाइसेंस हैं।

भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी मामला

आगरा में धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ परिवाद दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगरा



- 14 दिसंबर को होगी मामले की सुनवाई

कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद बढ़ गया है। इस मामले में आगरा में उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का परिवाद दाखिल किया गया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सिविल कोर्ट में यह परिवाद पेश किया है। उनका आरोप है कि धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणी से भगवान श्रीकृष्ण के वंशजों की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है।

नागपुर से दल के साथ पचमढ़ी घूमने आए

बंदर से बैग छुड़ाने के प्रयास में खाई में गिरा पर्यटक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



- प्रियदर्शनी प्वॉइंट पर हुआ हादसा

पर्यटन स्थल पचमढ़ी में शुक्रवार को बंदर से बैग वापस लेने की कोशिश एक पर्यटक की जान पर भारी पड़ गई। प्रियदर्शनी प्वाइंट पर बंदर का पीछा करते समय संतुलन बिगड़ने से नागपुर निवासी विजय नाईक (40) गहरी खाई में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। वह करीब 30 पर्यटकों के दल के साथ पचमढ़ी घूमने आए थे।

पीएम मोदी से परिवार के साथ मिले सूर्यकुमार



बच्ची के भजन ने जीता दिल, साझा किया वीडियो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने सूर्या के बच्चों के साथ समय बिताया। मुलाकात का एक खास पल तब देखने को मिला, जब वहां मौजूद एक बच्ची ने खूबसूरत भजन सुनाया। भजन सुनकर पीएम मोदी ने तालियां बजाकर बच्ची का उत्साह बढ़ाया।

पारिवारिक विवाद में बेंगलुरु में नरसंहार

पत्नी समेत सात लोगों की हत्या, पार्टी के बहाने दो सालों को घर बुलाकर मार डाला



- सास और सालियों को भी बनाया निशाना

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पारिवारिक विवाद के चलते सामूहिक हत्याकांड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पत्नी समेत उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने का दावा करने वाले आरोपी इंदुशेखर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने दो दिनों के भीतर वारदात को अंजाम दिया। जांचकर्ताओं को उसकी नाबालिग बेटी की भूमिका पर भी संदेह है। उससे पूछताछ की जा रही है। मृतकों की पहचान आरोपी की पत्नी सुनीता, सास रूपवती, साले शिवकुमार और शंकर, सालियों दिव्या और नलिनी तथा शंकर के सात वर्षीय बेटे के रूप में हुई है।

लापता होने की शिकायत से खुला मामला

गुरुवार को नलिनी की मां ने श्रीरामपुरा पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को हत्याकांड का पता चला। पुलिस ने आरोपी की कार जब्त की है, जिसका इस्तेमाल शवों को ले जाने में किया गया था। हत्या में प्रयुक्त सिलबट्टा भी बरामद किया गया है। नंदी हिल्स के पास तलाशी के दौरान सात वर्षीय बच्चे का शव मिला है।

सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद होगा फैसला

मंत्री कृष्णा गौर की अपील बेअसर, तीन दिन से सफाईकर्मी हड़ताल पर अड़े

भोपाल की सड़कों पर करीब 2700 टन कचरे का ढेर आज हड़ताल खत्म हुई तो इसे हटाने में लगेंगे चार दिन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। तीन दिन से सफाई नहीं होने के कारण भोपाल की सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में करीब 2700 टन कचरा जमा हो गया है। शहर से रोजाना करीब 900 टन कचरा निकलता है। हड़ताल के कारण 800 से ज्यादा कचरा गाड़ियां खड़ी हैं। तीन दिन में करीब 2700 टन कचरा जमा हो चुका है। हड़ताल में सफाई कर्मचारियों के साथ करीब छह हजार अन्य निगमकर्मी भी शामिल हैं। कर्मचारियों ने शुक्रवार को टैंकरों से पानी की सप्लाई भी बंद कर दी, जिससे कई इलाकों में जल संकट की स्थिति बन गई। आज यानी शनिवार को भी हड़ताल खत्म हुई तो यह कचरा चार दिन में हट सकेगा। हालात ऐसे हैं कि मंत्री और बड़े अधिकारियों के बंगलों वाले वीआईपी इलाके चार इमली में भी कचरे के ढेर लगे हैं।



वल्लभ भवन क्षेत्र का हाल

सारे 85 वार्डों में दुर्गंध, खाली प्लाटों में फेंक रहे कचरा

हड़ताल का असर शहर के 85 वार्डों में दिखाई दे रहा है। चार इमली में हनुमान मंदिर और साईं मंदिर के आसपास कचरा जमा है। अटल पथ पर भी सफाई नहीं होने से गंदगी फैली हुई है। कोलार रोड पर गेस्ट हाउस के सामने सिक्सलेन के सेंटर वर्ज में तीन दिन से कचरा पड़ा है। बुधवारा बाजार में जानवरों के शव सड़कों पर पड़े होने की जानकारी भी सामने आई है।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर जा पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी की हवा में घुला जहर, ग्रैप-3 लागू, राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए लगाए कई प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज 3 के उपाय लागू करने की घोषणा की है। यह कदम तब उठाया जाता है जब एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 401 से 450 के बीच पहुंच जाता है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी माना जाता है।

450
पहुंचा प्रदूषण का स्तर



कई गैर-जरूरी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध

- गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे।
- स्टोन क्रशिंग और खनन गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।
- इन गतिविधियों को वायु प्रदूषण का बड़ा कारण माना जाता है।

स्टेज 3 लागू होने पर दफ्तरों में ये होगा बदलाव

- ग्रैप स्टेज 3 के तहत सरकारी, नगर निगम और निजी कार्यालयों में कामकाज सीमित कर दिया गया है।
- दफ्तरों में सिर्फ 50 प्रतिशत स्टाफ को ही फिजिकली आने की अनुमति होगी
- बाकी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है
- इसका उद्देश्य रोजाना की आवाजाही कम कर प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना है।
- निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर क्या रोक लगी है?

वाहनों पर ये पाबंदियां लागू होंगी

पुराने वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण

- बीएस-3 पेट्रोल और 4 डीजल चारपहिया वाहनों पर रोक।
- यह पाबंदी दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में भी लागू होगी।
- पुराने डीजल मालवाहक वाहनों की दिल्ली में एंट्री भी प्रतिबंधित कर दी गई है।

दिल्ली सरकार का ऐलान



स्कूलों में आउटडोर एक्टिविटी पर लगी रोक बच्चों को मास्क पहनने की सलाह

दिल्ली के कई स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा और खेलकूद जैसी बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। बच्चों को प्रदूषित हवा से बचने के लिए मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है।

प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

उम्मीद है आप मौसम का मजा ले रहे होंगे



सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुके वायु प्रदूषण के संकट से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पराली की खरीद कीमत पहले ही घोषित कर दी जानी चाहिए और इसके प्रबंधन की व्यवस्था ग्राम पंचायतों को दी जानी चाहिए।

दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान 14 प्रतिशत

वरिष्ठ वकील और अदालत में 'एमिकस क्यूरी' अपराजिता सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर अभी भी 'गंभीर' श्रेणी के आसपास बना हुआ है। यहां हवा हर दिन 30 सिगरेट पीने के बराबर है। पराली जलाने का योगदान 14 प्रतिशत है।

अकेले पराली जिम्मेदार तो वाहन प्रदूषण का क्या?

बेंच ने पूछा कि वायु प्रदूषण के इतने गंभीर स्तर के लिए क्या अकेले पराली को दोष दिया जा सकता है। यहां वाहन प्रदूषण को समस्या नहीं बताई जा रही।

खबर संक्षेप

दिल्ली में गांधी नगर का कपड़ा मार्केट जला

गांधीनगर। यहां के शांति मोहल्ला स्थित कपड़ा मार्केट में शुक्रवार को आग लगने की घटना सामने आई।



आग की लपटें उठती देख बाजार में मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हलचल बढ़ गई। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं। कारणों का पता नहीं चल पाया है।

दिवाली पर दिल्ली मेट्रो सुबह 6 बजे से दौड़ेंगी

नई दिल्ली। दिवाली के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया है।



रविवारको सभी मेट्रो लाइनों पर रात की आखिरी ट्रेन सामान्य समय रात 11 बजे के बजाय एक घंटे पहले रात 10 बजे टर्मिनल स्टेशनों से रवाना होगी। इसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन भी शामिल है।3 मेट्रो लाइनों पर सेवा भी एक घंटे पहले शुरू की जाएगी।

पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटाला: विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में



'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।

ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को



एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर 5लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जेएसएससी व सीजीएल परीक्षा रद्द,फैसला निरस्त

रांची। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन के



बीच झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा को रद्द करने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निर्णय 'अन्यायपूर्ण और अनुचित' था।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार



एजेंसी ▶▶ देहरादून

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थीं। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

> राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ा था

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।



परेड ग्राउंड में समारोह के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा किमोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को राहत

दोबारा फॉर्म भरने का मिलेगा मौका, ईसी ने प्रक्रिया सरल की

राहत उन्हें मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किए जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नई व्यवस्था तय की है। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाए। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जाएगी।

बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे, आनलाइन भी दे सकेंगे

जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किए जाएंगे। बीएलओ मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जाएंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां वॉट्सएप, ईमेल और एसएमएस के जरिए भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं।

फार्म जमा न करने का कारण बताना होगा

आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फॉर्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फॉर्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे ईसीआईनेट पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बीएसई व अमिताभ बच्चन का बंगला भी निशाने पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से



उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज , वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। मुंबई में ह बच्चन के2 बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा।

पुलिस ई- मेल भेजने वाले को तलाश रही

धमकी भरे ईमेल में मुंबई की चार प्रमुख जगहों का जिक्र किया गया है। मुंबई पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हैं। जांच का मुख्य मकसद यह पता करना है कि धमकी किसने भेजी और इसके पीछे क्या मंशा है। पुलिस ने फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। जांच जारी है और आगे की जानकारी मिलने का इंतजार है।

झारखंड के खूंटी में सड़क हादसा

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को ट्रेलर ने रौंद दिया, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶ खूंटी

झारखंड के खूंटी जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाला दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कर्रा थाना



क्षेत्र स्थित कोशांबी कॉलोनी के पास गुरुवार रात एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर ने सड़क पर मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रधानमंत्री, सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

रात करीब सवा 10 बजे एक स्कूटी सवार सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया था। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए घरों से बाहर निकले। कुछ युवक झाड़ी में फंसे स्कूटी सवार को बाहर निकालने में जुटे थे। तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े 9 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 डिब्बे जले



पटियाला में मची अफरा तफरी, सभी यात्री सुरक्षित

पटियाला। अमृतसर की ओर आ रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 जनरल कोचों में शुक्रवार दोपहर आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन नंबर 12508 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी कर्मभूमि एक्सप्रेस शुक्रवार दोपहर 12 :58 बजे फतेहगढ़ साहिब जिले के साधुगढ़ रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी।कुछ ही समय बाद राजपुरा के नजदीक ट्रेन के जनरल कोचों में आग लग गई। ट्रेन के डिब्बों से धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देख यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। रेलवे कर्मचारियों, पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा- संविधान सर्वोपरि

कांग्रेस की केरलम इकाई पर क्यों न कार्रवाई की जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता 'राजनीतिक सुविधा' का विषय नहीं है और इसी के साथ उसने (सीजेआई) सूर्यकांत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर की गयी एक पोस्ट को लेकर केरलम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि संविधान सर्वोच्च है और कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक संगठन इससे ऊपर नहीं है। पीठ ने कहा किफैसलों की हमेशा आलोचना की जा सकती है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करने के लिए डराने-धमकाने का माध्यम नहीं बन सकती।

खास बातें

- जवाब दे राज्य सरकार
- न्याय क्षेत्र को कमजोर कर रहे
- कोई भी संविधान के ऊपर नहीं हो सकता

राज्य के सभी पदाधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया

कोर्ट के अधिकार को किसी के भी समर्थन की जरूरत नहीं

कोई व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, अदालत के



अधिकार को कमजोर करने की किसी भी कोशिश से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि अदालत के अधिकार को किसी राजनीतिक समर्थन की जरूरत नहीं है, बल्कि यह कानून के शासन पर आधारित है। जहां न्याय प्रशासन की व्यवस्था स्थापित है, वहां कानून को अपना काम करना चाहिए।

केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी

माफी या अवमानना से जुड़े हालिया मामलों में सीधा संबंध कर्नाटक या कांग्रेस से यह है कि प्रदेश कांग्रेस



कमेटी ने सीजेआई के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। केरल कांग्रेस के एक्स से सीजेआई के खिलाफ एक पोस्ट की गई थी। नोटिस जारी किए जाने के बाद, केरल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिना शर्त माफी मांगी है।

अग्निवीरों पर सीजेपी का सवाल

सरकार डरी, केंद्र सरकार का 'मास्टरस्ट्रोक यू-टर्न' बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेनाओं में भर्ती अग्निवीरों के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। भारत सरकार ने अग्निवीरों के पहले बैच की सेवा की अवधि दो साल और बढ़ा दी है। जिस पर विपक्ष उन्हें मास्टरस्ट्रोक बता रहा है। सीजेपी के नेता सौरव दास ने भी मोदी सरकार पर अग्निवीरों की सेवा 2 साल और बढ़ाने पर तंज कसा है। सौरव ने सोशल मीडिया पर अग्निवीरों की सेवा 2 साल और बढ़ाने वाला पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, मोदी सरकार का एक मास्टरस्ट्रोक यू-टर्न।



रांका ने योजना पर उठाए सवाल

आशुतोष रांका ने भी अग्निवीर योजना को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, तो क्या कोई मुझे बता सकता है कि आखिर यह योजना शुरू ही क्यों की गई थी?केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और सीडीएस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है।

कई क्षेत्रों के लिए एआई मॉडल विकसित कर रहे

'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' लॉन्च, वैष्णव बोले भारत जल्द बनेगा दुनिया की 'एआई एप्लिकेशन राजधानी'

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति हो रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया की 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लिकेशन राजधानी' बनने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल' के लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, नए अवसर भी खुलेंगे।

- वैश्विक एआई उद्योग में तेजी से बदलाव हो रहे

जल्द भारत की अपनी ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) चिप होगी


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

पोर्टल में गंभीर आवेदक ही ले सकेंगे हिस्सा

सेमीकॉन 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें केवल पूरी तरह भरी गई (कंप्लीट) एप्लिकेशंस ही स्वीकार की जाएंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सेमीकंडक्टर उद्योग की गंभीर कंपनियां ही इसमें हिस्सा लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें गैर-गंभीर आवेदकों के लिए कोई जगह नहीं है।

एप्लिकेशन पर फोकस

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम भारत को दुनिया की 'एप्लिकेशन राजधानी' बनाने पर पूरा जोर दे रहे हैं। उद्योग का मुख्य फोकस विभिन्न उद्यमों में एआई मॉडल का इस्तेमाल करने और कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने पर है। हमारा उद्योग इन एप्लिकेशंस पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रहा है और इस दिशा में काफी अच्छी प्रगति भी हो रही है।

अहम इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण हो रहा

अश्विनी वैष्णव ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि आज हम पूरा बैटरी सेल बना रहे हैं। हम कॉपर फॉयल बना रहे हैं। हम पीसीबी के लिए कॉपर-क्लैड लैमिनेट बना रहे हैं। पूरी वैल्यू चेन में हम हर प्रोग्राम और हर मंजूरी के साथ गहराई से काम कर रहे हैं। यह कदम भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सोशल मीडिया कंपनियां नुकसान की जिम्मेदारी लें

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, एल्गोरिद्म की पारदर्शिता से जुड़े उपाय करने चाहिए और शिकायतों का तेजी से समाधान करना चाहिए। इन मंचों को 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों सहित गंभीर ऑनलाइन खतरों से समाज की सक्रिय रूप से रक्षा करनी चाहिए। मंचों को बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और नागरिकों को होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी लेनी होगी।

समाज को सुरक्षित रखने के लिए उठाएं कदम

वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों को खुद आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए कि हमारा समाज सुरक्षित रहे। वैष्णव ने कहा कि इन मंचों पर नागरिकों को अपनी बात रखने की ताकत दी जानी चाहिए। इस समय अगर किसी मंच पर मौजूद सामग्री से गंभीर नुकसान होता है, तो नागरिक के पास केवल अदालत या पुलिस के पास जाने का ही विकल्प बचता है। उन्होंने एक ऐसी अच्छी और प्रभावी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया जिसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का सीधे समाधान किया जा सके।

खबर संक्षेप

किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने 904.32 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और



जाने-माने कारोबारी किशोर बियानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, शुक्रवार को मुंबई में उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके भाई राकेश बियानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल



को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने जूनियर महिला सहकर्मी से रेप के मामले में मिली 10 साल की सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर सहकर्मी के साथ रेप करने का आरोप है।

टैंक फार्म में आग लगने से 1 की मौत, 6 झुलसे

डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ जिले में ऑयल इंडिया लिमिटेड के इंटरमीडिएट टैंक फार्म में शुक्रवार



सुबह आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए। कंपनी के अनुसार, तेंगाखाट स्थित इंटरमीडिएट टैंक फार्म में सुबह करीब 9:05 बजे रखरखाव कार्य के दौरान आग लगी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए।

पराग्वे में राष्ट्रपति पेना ने दिया इस्तीफा

एसनसियोन। पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना ने उनकी सरकार से जुड़े एक बड़े डिजिटल बैंक के



दिवालिया होने के बाद इस्तीफा देने की घोषणा की। यूएनो बैंक के इस संकट से लाखों लोगों की जमा-पूंजी फंस गई और देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। उनकी अपनी पार्टी ने भी उनसे समर्थन वापस ले लिया। पेना के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने की घोषणा की है।

लॉस एंजिल्स की मेयर चुनी गईं नित्या रमन

वॉशिंगटन। केरल में जन्मीं नित्या रमन ने लॉस एंजिल्स के मेयर का चुनाव जीत लिया है। वह इस शहर



का नेतृत्व करने के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। वह इस शहर की पहली दक्षिण एशियाई मेयर भी बनेंगी। भारत में जन्मी रमन छह साल की उम्र में अपने परिवार के साथ अमेरिका आ गई थीं। उन्होंने हार्वर्ड से स्नातक किया और वे अर्बन प्लानर हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार सिंह की दो टूक

शांति सैनिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में

शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं


कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह

कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ हमलों के दोषियों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया है, और इस बात को प्रमुखता से उठाया है कि 'ब्लू हेल्मेट्स' (शांति सैनिकों) को विषम और तकनीकी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। शांति स्थापना अभियानों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा पर आयोजित वार्षिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार, कर्नल तरुणेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज के कर्मियों को विषम और तकनीकी रूप से उन्नत खतरों का सामना करना पड़ता है, और शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 पर भारत का निरंतर नेतृत्व इसी दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

सैनिकों को उन्नत खतरों का सामना करना पड़ रहा

भारत ने 50 मिशन में सर्वाधिक 3 लाख सैनिक तैनात किए

कर्नल सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में से एक है, जिसने अब तक 50 मिशनों में 3,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। भारत शांति सैनिकों की सुरक्षा को शांति स्थापना के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक मानता है। हम संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और एक ऐसे शांति स्थापना ढांचे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो बेहतर संसाधनों से युक्त, बेहतर रूप से सुरक्षित और स्वयं विश्व का अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हो।

184 भारतीय शांति सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कर्नल सिंह ने उन 184 भारतीय शांति सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 'ब्लू हेल्मेट्स' के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस अनिवार्य उद्देश्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता केवल दार्शनिक नहीं है; यह बुनियादी है, जो सात दशकों के परिचालन जुड़ाव में निहित है, और हमारे शांति सैनिकों के पसीने और खून से आकार लेती है।

शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों

भारत के स्थायी मिशन के सैन्य सलाहकार ने कहा कि शांति अभियानों के सफल होने की संभावना तब सबसे अधिक होती है जब वे एक व्यापक राजनीतिक प्रक्रिया के साथ जुड़े हों, जिसमें स्पष्ट रूप से परिकल्पित राजनीतिक परिणाम और शांति सैनिकों के लिए पर्याप्त संसाधन हों। भारत ने सैनिकों और पुलिस का योगदान देने वाले देशों के लिए उन 'मैंडेट' (कार्यक्षेत्र) को आकार देने में एक 'व्यवस्थित आवाज' होने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिन्हें वे लागू करते हैं।

शांति सैनिक भेजने वाले देशों को अधिकार दें

सिंह ने जोर दिया कि जिन देशों के सैनिक और पुलिसकर्मी इन अभियानों में शामिल हैं, उन्हें सुरक्षा परिषद द्वारा तय किए जाने वाले जनादेश को आकार देने में अपनी बात रखने का व्यवस्थित अधिकार होना चाहिए।

वर्तमान में 160 भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात

कर्नल सिंह ने 1960 से महिला शांति सैनिकों की भारत की तैनाती पर भी प्रकाश डाला, और इस विश्वास को दोहराया कि वे जनादेश को पूरा करने में केंद्रीय भूमिका में बनी हुई हैं। वर्ष 2007 में, भारत ने लाइबेरिया में पहली बार सर्व-महिला पुलिस इकाई की तैनाती की थी, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित की और यह निर्णायक रूप से सिद्ध किया कि महिला शांति सैनिक शांति स्थापना में विशिष्ट रूप से प्रभावी हैं। सिंह ने बताया कि भारत ने वर्तमान में 160 महिला शांति सैनिकों को तैनात किया है।

शांति मूल उद्देश्य

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत शांति स्थापना को संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्य के लिए 'अपरिवर्तनीय' (अनिवार्य) मानता है, इसलिए नई दिल्ली ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में अपनी उम्मीदवारी के लिए इसे एक प्राथमिकता के रूप में चिह्नित किया है।

कमजोर ट्रंप ने कसी कमर

'वीटो पावर' का इस्तेमाल कर विरोधियों के एजेंडे को पलटेंगे

- *डेमोक्रेट्स का ट्रंप पर ईरान युद्ध समाप्त करने का दबाव*
- *ट्रंप प्रशासन और उनके करीबियों की आक्रामक जांच*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के परिणामों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों, निचले सदन- प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन- सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। यानी विधायिका में डेमोक्रेटिक पार्टी अब


डोनाल्ड ट्रंप

रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ मजबूत हो गई। दूसरी तरफ कई राज्यों के गवर्नर और विधानसभा चुनाव में भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रिपब्लिकन को हराकर अपना शासन स्थापित किया है।

यूं तो इन चुनावों में राष्ट्रपति की कुर्सी दांव पर नहीं थी, लेकिन इस पद के साथ मिलने वाली कई शक्तियां अब कम हो सकती हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के विधायी एजेंडे और जांच अभियानों को बेअसर करने के लिए एक आक्रामक प्रशासनिक रणनीति बनाई है। डेमोक्रेट्स के पास वीटो को पलटने के लिए न तो प्रतिनिधि सभा और न ही सीनेट में जरूरी दो-तिहाई बहुमत (प्रतिनिधि सभा में 290 और सीनेट में 67 सीटें) है।

टैरिफ और व्यापार शुल्क रद्द करवाएंगे

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर हकीम जेफ्रीज की पहली प्राथमिकता रिपब्लिकन पार्टी की ओर से आम लोगों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा- मेडिकेड में की गई कटौती को बहाल करना और अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को फिर से लागू करना होगी। इसके साथ ही वे दवाओं की कीमतों को सीमित करने का प्रयास करेंगे। डेमोक्रेट्स ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों, खासकर कनाडा पर लगे लेवी को वापस लेने के लिए एंड ट्रंप्स टैरिफ टैक्स एक्ट जैसा कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं, उनका तर्क है कि इन शुल्कों ने घरेलू लागत बढ़ाई है। डेमोक्रेट्स एक ऐसा प्रस्ताव लाने की योजना बना रहे हैं।

पॉकेट वीटो की रणनीति अपनाएंगे

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे लोकप्रिय विधेयकों पर बार-बार वीटो की धमकी देकर या प्रशासन की नीतिगत चेतावनियों के जरिए डेमोक्रेट्स को कानून में संशोधन करने या अंततः समझौते की मेज पर आने के लिए मजबूर करेंगे। संसद (कांग्रेस) के स्थगन के समय ट्रंप बिना हस्ताक्षर किए विधेयकों को रद्द करने वाले पॉकेट वीटो का उपयोग कर सकते हैं, जिसे कांग्रेस द्वारा दोबारा मतदान से भी नहीं पलटा जा सकता। डेमोक्रेट्स के जांच के लिए जारी होने वाले समन और संभावित महाभियोग का मुकाबला करने के लिए व्हाइट हाउस काउंसिल के दफ्तर ने विशेष रूप से 15 अतिरिक्त वकीलों की भर्ती कर ली है।

सीएम साहा ने घटना की समीक्षा की

बीएसएफ जवानों पर हमला करने वाले 8 गिरफ्तार, कुल 18 पकड़े

एजेंसी ▶▶ अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर कथित तौर पर हमला करने और उनमें से तीन को घायल करने के आरोप में आठ और लोगों को पकड़ा गया है।

जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तस्करी के संदेह में सिपाहीजाला जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को


सीएम साहा बैठक करते हुए

आशाबारी सीमा चौकी के पास ग्रामीणों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक सहायक कमांडेंट समेत 3 जवान घायल हो गए थे।

टाइगर ट्रायम्फ 2026 समारोह संपन्न

भारत-यूएस सेनाओं ने सहायता आपदा, राहत पर किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरीका के बीच पांचवा द्विपक्षीय त्रि-सैन्य मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ 2026 विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। 31 अक्टूबर से 05 नवंबर तक आयोजित इस अभ्यास में दोनों देशों के सशस्त्र बल कर्मियों ने भाग लिया।

समापन समारोह में नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई और अमरीकी प्रशांत बेड़े के वाइस कमांडर रियर एडमिरल


विशाल बिश्नोई, जोक्विन पिनिलोस

जोक्विन जे. मार्टिनेज डी पिनिलोस उपस्थित रहे। अभ्यास में सैन्य बल अभ्यास और आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं के परीक्षण और मूल्यांकन संबंधी सैन्य चर्चा - टेबलटॉप अभ्यास शामिल रही।

हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस

नौसेना को सौंपा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अमिनी', बारूदी सुरंगों का लगाएगी पता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) में से एक 'अमिनी' को गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है।

ये पोत भारतीय नौसेना के सबसे बड़े जलज्वारीय युद्धपोतों में से एक हैं, जो अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और सोनार से लैस हैं, जिससे पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम है।


भारतीय नौसेना को सौंपते अमिनी

80 प्रतिशत स्वदेशी निर्माण

अमिनी का नाम लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के अमिनी द्वीप से लिया गया है। यह पोत पूर्ववर्ती पेट्या तृतीय श्रेणी के पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस अमिनी की अगली पीढ़ी है, जिसे 2002 में सेवामुक्त कर दिया गया था, इस प्रकार यह विशिष्ट विरासत नामों को बनाए रखने की नौसैनिक परंपरा को जारी रखता है।

तुर्किये की करतूत: एर्दोगन राज में भारत विरोधी ताकतों को दिया मंच

आतंकी बुरहान की तस्वीर भी दिखाई, पीओके नरसंहार पर सभी लोग रहे मौन

कश्मीर पर हुआ सम्मेलन, पुरानी तस्वीरों से लोगों को 'बरगलाने' का प्रयास किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में कश्मीर पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पाकिस्तान के राजनयिकों, कश्मीर अलगाववादी विचारों से जुड़े प्रतिनिधियों और विदेशी अकादमिक हस्तियों ने हिस्सा लिया।

इस मंच से भारत विरोधी ताकतों ने खूब जहर उगले। सम्मेलन के दौरान दिखाई गई तस्वीरों में आतंकी बुरहान वानी भी शामिल था। इसके अलावा सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी करते लड़कों और लड़कियों की फोटो, वीडियो भी यहां लगाई गई थी। सम्मेलन में

आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का किया प्रयास


इस्तांबुल में कश्मीर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों, कथित मानवाधिकार उल्लंघनों और हिंदुत्व विचारधारा के प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इतना ही नहीं, कश्मीर के मुद्दे को फिलिस्तीन से जोड़कर पेश करने की भी कोशिश की गई।

कश्मीर विवाद पर उगला जहर

पहले सत्र में कश्मीर विवाद का क्षेत्रीय स्थिरता पर असर, शांति और न्याय की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र का विषय हिंदुत्व विचारधारा का क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभाव रखा गया। इस दौरान कश्मीर और फिलिस्तीन के मुद्दों के बीच समानताएं और अंतर तलाशे गए। तीसरे सत्र में कश्मीर विवाद के अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। इस आयोजन के जरिए कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने और भारत की नीतियों पर सवाल खड़े करने की कोशिश की गई।

पीओके में हो रही हत्याओं पर साधी चुप्पी: इस आयोजन की खास बात यह रही कि मानवाधिकार की बात करने वाले इन एजेंडेबाज लोगों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सेना की फायरिंग पर चुप्पी साध रखी।

तुर्किये जेनक्लिक वक्फी ने किया आयोजन

सम्मेलन का आयोजन तुर्किये के युवा संगठन 'तुर्किये जेनक्लिक वक्फी' ने अपने मुख्यालय में किया। कार्यक्रम में पाक के इस्तांबुल स्थित कॉन्सुल जनरल ख्वाजा खुर्रम नईम शामिल हुए। वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट के अध्यक्ष डॉ. मुजम्मिल अय्यूब थाकुर, इस्लाम एंड ग्लोबल अफेयर्स सेंटर के निदेशक डॉ. सामी अल एरियन और तुर्किये रिसर्च फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. एनेस बायराकली भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीन सत्र आयोजित किए गए।

पत्रकार ने लगाई फटकार: पत्रकार राजा मुनीब ने लिखा कि एक दशक पुरानी तस्वीरों का इस्तेमाल करके किसी मरे हुए नैरेटिव को जिंदा रखने की कोशिश करना, खुद पाक और उसके प्यादों की हार है।

बलूच यकजेहती कमेटी का आरोप

बलूचिस्तान में बढ़ रहा अत्याचार पाक सेना ने 4 लोगों की हत्या की

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

मानवाधिकार संगठन 'बलूच यकजेहती कमेटी' (बीवाईसी) ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फोर्स ने कम से कम चार नागरिकों की गैर-न्यायिक हत्या कर दी।

60 वर्षीय दुकानदार इलाही बख्श और 32 वर्षीय ड्राइवर मुनीर अहमद को जबरन गायब कर दिया गया था। बाद में 2 नवंबर को उनके शव 'नाल' क्षेत्र के 'लाघोरजार्ड' इलाके में फेंक दिए गए। बीवाईसी के अनुसार, 30 अक्तूबर को पाकिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी)


एआई इमेज

के जवानों ने इलाही बख्श को उनके घर से जबरन उठा लिया था, जिसके बाद से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि लोगों को जबरन गायब करना और बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मार डालना, जीवन, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत और राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ला ने कांग्रेस पर लगाए आरोप

राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में अराजकता फैलाने का हो रहा षडयंत्रः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में अराजकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। एसआईआर नई प्रक्रिया नहीं है। देश के आजाद होने के बाद एसआईआर की प्रक्रिया 12 बार हो चुकी है, जिनमें 10 बार यह प्रक्रिया कांग्रेस के शासनकाल में हुई है। राहुल गांधी मतदाता सूची से 13 करोड़ लोगों के नाम काटने का झूठा व गलत आंकड़ा देश की जनता को बताकर भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। वह विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों को मतदाता बनाए रखने के लिए देश में अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे।

सदन छोड़कर भागने वाले राहुल गांधी सड़क पर बहस की चुनौती दे रहे : प्रेम



भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता के दौरान शुक्ला और खंडेलवाल।

विपक्षी दलों के नेता देश में फैला रहे भ्रम

अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और अन्य श्रेणियों के मतदाताओं के सत्यापन को राहुल गांधी और विपक्षी दलों के नेता गलत तरीके से प्रस्तुत कर देश में भ्रम फैला रहे है। राहुल गांधी और विपक्षी दलों के नेता एसआईआर के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की बजाय संवैधानिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। देश की लोकतांत्रिक ताकतें और संवैधानिक मजबूत रहेंगी, तभी देश मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि राहुल गांधी, कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेता देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। अभी इंदौर, जबलपुर और भोपाल में बड़ी पदयात्राएं निकाली गई हैं। आने वाले दिनों में जिलों में भी पदयात्राएं निकाली जाएंगी।

राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ला ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विमर्श के लिए हमारे संविधान में संसद का सदन निर्धारित किया है। राहुल गांधी सदन में बहस करने की बजाय हंगामा खड़ा करते हैं। सदन छोड़कर भागने वाले राहुल गांधी सड़क पर बहस की चुनौती दे रहे हैं। चार बार ऐसा मौका आया, जब बहस के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जब सदन में अपना पक्ष रखने लगी तब राहुल गांधी और कांग्रेस सदन छोड़कर चले गए। रामलीला में राहुल लीला करने वाले लोग देश में अराजकता फैलाने का कुत्सित षड्यंत्र कर रहे हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की राजनीति अब झूठ, भ्रम, निराशा और अराजकता फैलाने तक सीमित रह गई है। कांग्रेस लगातार चुनावों में मिल रही हार का आत्ममंथन करने के बजाय अपनी विफलताओं का ठीकरा निर्वाचन आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रही है।

देश की स्वतंत्रता, रक्षा में जनजातीय समाज का योगदानः पटेल

प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल

'जनजातीय गौरव सप्ताह' को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। खण्डेलवाल, पटेल, वी सतीश, चंद्रशेखर, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव गजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज का देश की स्वतंत्रता, संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्र की रक्षा में अतुलनीय योगदान रहा है।



जनजातीय गौरव सप्ताह का शुभारंभ करते प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

जनजातीय समाज की भूमिका महत्वपूर्णः चंद्रशेखर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाएगा। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। अनुसूचित जनजाति समाज की भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सभी जिला मुख्यालयों पर भव्य आयोजन किए जाएंगेः टेकाम

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने कहा कि 11 नवंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जनजातीय समाज के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पत्रकार-वार्ता आयोजित की जाएंगी। 14 नवंबर को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

सीएम ने दीं गोमाता के पर्व गोवत्स द्वादशी की शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जगत जननी गोमाता की उपासना और सेवा के पावन पर्व गोवत्स द्वादशी (बछ बारस) की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि गौमाता हमारी आस्था, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। डॉ यादव ने इस अवसर पर गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा का संकल्प लेने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया, उन्होंने कहा कि गौमाता की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बनी रहे यही कामना है।

निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सीएम से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पुरी

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की।

सीएम ने कहा: हर गांव-शहर को सड़कों से जोड़ना हमारा लक्ष्य

63 हजार 296 करोड़ की लागत से तैयार होगा 5 ग्रीन फील्ड कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सड़कें विकास की वास्तविक जीवन रेखा होती हैं। मप्र का कोई गांव, कस्बा या शहर बेहतर सड़क संपर्क से वंचित न रहे। हर गांव-शहर को बारहमासी सड़कों से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। स्टेट हाईवे, फोर लेन, सिक्स लेन, 8 लेन और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के माध्यम से आधुनिक सड़क नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इससे प्रदेश में कनेक्टिविटी का नेटवर्क और मजबूत होगा। यह बात सीएम ने कही।

मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सड़कों के जो काम निर्माणाधीन हैं, उनमें कार्य की गति बढ़ाकर तेजी से पूरा कर लें। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 63 हजार 296 करोड़ रुपए की लागत से कुल 1398 किमी लंबाई वाले पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर्स तैयार करने के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। यह फोर लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर, पेव्हड शेल्डर सहित होंगे।

मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई 49वीं बैठक



सड़क विकास निगम की बैठक में मौजूद सीएम।

प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, उद्योग और मप्र हाऊसिंग बोर्ड के साथ आपसी तालमेल से काम करें। सड़क निर्माण कार्यों की गति तेज करें, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर भी काम करें तथा सभी संभावनाओं पर एक साथ काम करें।

इन प्रस्तावों को मंजूरी

सीएम ने इस दौरान बीओटी योजनातर्गत 4 लेन जावरा-नयागांव खंड की परियोजना में शतप्रतिशत इक्विटी के विनिवेश की अनुमति को मंजूरी दी। निगम के सुचारू संचालन के लिए मुख्य अभियंता के दो, महाप्रबंधक के तीन तथा उप महाप्रबंधक के पांच नवीन पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग के स्वामित्वाधीन मप्र तिलहन संघ भवन, अर्थात पीएएम भवन, अरेरा हिल्स के अधिग्रहण, स्वतंत्र संचालक की नियुक्ति सहित अन्य मंजूरी दी गईं।

स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से आज संवाद करेंगे सीएम

स्वामित्व योजना में ग्रामीणों को मिल रहा उनकी संपत्ति का मालिकाना हक

सीएम आज मुरैना जिले के ग्राम करुआ में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और सम्पत्ति संबंधी अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में शामिल होंगे। डॉ यादव स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। साथ ही मुरैना जिले के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकानों एवं अन्य सम्पत्तियों के पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख एवं सम्पत्ति स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों को अपनी सम्पत्ति का कानूनी अधिकार प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें आर्थिक गतिविधियों एवं वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद मिलेगी।

लक्ष्य निर्धारित

सीएम के निर्देश पर शुक्रवार से ग्रामीणों को स्वामित्व योजना का लाभ देने के लिए मंत्री, सांसद एवं विधायक गांव में पहुंचकर अपनी उपस्थिति में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण कराएंगे। प्रदेश में अब तक लगभग 15 लाख 98 हजार 46 रजिस्ट्रियां की जा चुकी हैं और 15 नवम्बर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

दुबई से एयर एंबुलेंस के जरिए भारत पहुंचे ज्ञानेंद्र तिवारी, एम्स दिल्ली में उपचार जारी

भोपाल। अपनों के लौटने की उम्मीद और लंबे इंतजार के बाद अनूपपुर जिले के ज्ञानेंद्र तिवारी दुबई से एयर एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। उन्हें बेहतर उपचार के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। ज्ञानेंद्र की स्वदेश वापसी के लिए भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन द्वारा समन्वित प्रयास किए गए। सीएम की पहल पर प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क एवं आवश्यक समन्वय किया गया। वहीं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने भी ज्ञानेंद्र की सुरक्षित भारत वापसी और बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयास किए।

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर हुई कार्रवाई

इस पूरे घटनाक्रम में शासन-प्रशासन के स्तर पर किए गए प्रयासों के फलस्वरूप दुबई से एयर एंबुलेंस के जरिए उन्हें भारत लाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए एम्स दिल्ली पहुंचाया गया। पारिवारिक रिश्तेदार देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि ज्ञानेंद्र तिवारी की स्वदेश वापसी को लेकर पूरा परिवार लगातार चिंतित था। उन्होंने ज्ञानेंद्र की सुरक्षित वापसी में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

मिलकर काम करें तो एक साल में 1 लाख करोड़ का निर्यात लक्ष्य संभवः बर्णवाल

आवश्यकता पड़ने पर व्यापार बढ़ाने के लिए नीति में करेंगे जरूरी बदलावः मंत्री काश्यप

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप उद्योग संगठनों से कहा है कि वे हर उद्योग की निर्यात संभावनाएं खोजकर शासन के पास लाएं, और आश्वासन दिया कि छोटे या बड़े किसी भी उद्योग का व्यापार बढ़ाने के लिए नीति में बदलाव की आवश्यकता होगी, तो राज्य शासन वह भी जरूर करेगा। काश्यप भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित कर रहे थे। कॉन्क्लेव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग और मप्र औद्योगिक विकास निगम ने विदेश व्यापार महानिदेशालय और भारत व्यापार संवर्धन संगठन के साथ मिलकर कॉन्क्लेव आयोजित की।

उद्योग को व्यापार समझौतों का लाभ लेने के गुर बताए

मुख्य सचिव बर्णवाल ने उद्योग को व्यापार समझौतों का लाभ लेने के गुर बताए। सरकार समझौते से बाजार का रास्ता खोलती है, खरीददार तक पहुंचना गुणवत्ता से तय होता है, और समझौता निर्यातक को प्रतिस्पर्धी से आगे निकलने की अतिरिक्त बढ़त देता है। उन्होंने 1 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के लिए उद्योग संगठनों को तीन कदम बताए। पहला, अपने क्षेत्र के कम से कम पांच ऐसे उत्पाद चुनें जिनमें निर्यात की सबसे अधिक क्षमता है। दूसरा, इन उत्पादों के लिए एफटीए साझेदार देशों में सबसे संभावनाशील बाजार पहचानें, जो इस स्तर तक निर्यात कर सकती हैं। बर्णवाल ने कहा कि उद्योग और शासन मिलकर काम करें, तो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा तय 1 लाख करोड़ रुपए के निर्यात का लक्ष्य एक वर्ष में प्राप्त किया जा सकता है।

कुल निर्यात में लगभग आधा हिस्सा

मंत्री काश्यप ने कहा कि देश के कुल निर्यात में लगभग आधा हिस्सा एमएसएमई का है। चीन में बिजली, श्रम और अधोसंरचना की लागत बढ़ने से भारत और मध्यप्रदेश के निर्माताओं के लिए विश्व बाजार में बड़ा अवसर बना है, और इसका लाभ लेने के लिए उद्यमी उत्पादन का पैमाना और क्षमता बढ़ाएं, जिससे प्रति इकाई लागत घटे। उन्होंने कहा कि यूके और यूरोपीय संघ के साथ समझौतों में परिधान पर जीरो शुल्क के लिए उत्पाद में भारतीय अंश अधिक होना आवश्यक है।

स्कूटी सवार बदमाशों ने छीना आईफोन

दीवाली समारोह में शामिल होने जा रही एयर होस्टेस से लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में त्योहारी सीजन के दौरान कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अपराधियों ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। दीवाली की खुशियों के बीच एक एयर होस्टेस को बदमाशों ने निशाना बनाया।

इंडिगो एयरलाइंस की एयर होस्टेस सहेली के साथ स्कूटी पर सवार होकर एक दीवाली समारोह में शामिल होने जा रही थी, तभी रास्ते में बदमाशों ने उसे लूट का शिकार बना लिया। इस घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना चार नवंबर की रात लगभग 11 बजे घटित हुई। भाठागांव मठपुरैना क्षेत्र की रहने वाली युवती अपनी सहेली आर्या सेन के साथ स्कूटी से वीआइपी रोड की ओर से मुजगहन स्थित इवारा फार्म जा रही थी। जैसे ही वे खिलोरा-सिवनी रोड पर नहरपार के पास पहुंचीं, वैसे ही पीछे से एक अन्य स्कूटी पर सवार होकर दो अज्ञात युवक तेजी से उनके करीब पहुंचे। स्कूटी के पीछे बैठे शातिर बदमाश ने बिना किसी डर के अचानक झपट्टा मारा और युवती के हाथ से उसका कीमती आईफोन 15 छीन लिया। वारदात इतनी तेजी से हुई कि दोनों युवतियां संभल भी नहीं पाईं। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। लूटे गए मोबाइल फोन की बाजार कीमत करीब 40 हजार रुपए आंकी गई है। वारदात के तुरंत बाद घबराई हुई युवतियों ने आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, परंतु आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद शुक्रवार को पीड़िता ने अपनी सहेली के साथ मुजगहन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मप्र में कांग्रेस का ओबीसी दांव, दो उपाध्यक्ष भी नियुक्त

बैजनाथ कुशवाहा को ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की रणनीति के तहत कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा कदम उठाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग में नई नियुक्तियों को मंजूरी देते हुए पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। कांग्रेस की यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब मध्य प्रदेश की राजनीति में ओबीसी मतदाताओं की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण बनी हुई है। प्रदेश की आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी करीब आधी मानी जाती है। ऐसे में भाजपा के मजबूत ओबीसी जनाधार को चुनौती देना कांग्रेस की प्रमुख राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल है।

संगठनात्मक गतिविधियां की जाएं तेज

पार्टी की कोशिश है कि नए नेतृत्व के जरिए पिछड़े वर्गों के बीच संगठनात्मक गतिविधियां तेज की जाएं और विभिन्न जातीय समूहों को पार्टी से जोड़ा जाए। बैजनाथ कुशवाहा मुरैना की सबलगढ़ विस सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2018 के विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। वह मप्र कांग्रेस कमेटी में महासचिव की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उनकी नियुक्ति को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ओबीसी राजनीति को मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पवन पटेल इससे पहले भी कांग्रेस के ओबीसी विभाग में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पार्टी ने इन नियुक्तियों के जरिए ओबीसी संगठन को सक्रिय करने और विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया है। ओबीसी राजनीति भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बेहद अहम रही है। भाजपा ने उमा भारती, शिवराज सिंह चौहान और सीएम जैसे नेताओं के माध्यम से इस वर्ग में अपना मजबूत आधार तैयार किया है।

मुद्दा चर्चाओं में

अक्टूबर 2026 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद यह मुद्दा फिर राजनीतिक चर्चा में है। ऐसे में कांग्रेस को उम्मीद है कि आरक्षण, जातिगत जनगणना और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक हिस्सेदारी जैसे मुद्दों के माध्यम से वह भाजपा सरकार को घेर सकेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी लगातार जातिगत जनगणना और आबादी के अनुपात में अधिकार की मांग उठाते रहे हैं। पार्टी की कोशिश होगी कि इन मुद्दों को नए ओबीसी नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश के गांवों, कस्बों और जिला स्तर तक पहुंचाया जाए।

माओवादी डंप से 955 डेटोनेटर बरामद, नक्सलवाद के सफाए के बाद विस्फोटक ढूंढने में जुटे सुरक्षा बल

कर्रेगुट्टा के बाद अब पुजारीकांकेर के जंगल में मिले विस्फोटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से माओवादी हिंसा का दौर आधिकारिक रूप से समाप्त होने की घोषणा के बावजूद, जंगलों में छिपाया गया विस्फोटकों का जखीरा सुरक्षा बलों के लिए अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। ताजा मामले में, बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुजारीकांकेर के जंगलों में सुरक्षा बलों ने एक भारी मात्रा में डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बरामद डेटोनेटरों की संख्या 955 हैं। सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के अनुसार, बरामद किए गए 455 इलेक्ट्रिक और 500 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटरों का इस्तेमाल कर माओवादी लगभग 1000 आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तैयार कर सकते थे। इतनी बड़ी संख्या में आईईडी का विस्फोट बस्तर के एक बड़े हिस्से को दहला सकता था और इससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

लगातार मिल रहे विस्फोटकों के जखीरे



यह बरामदगी इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ठीक एक दिन पहले ही पास के करेंगुट्टा की पहाड़ियों से 711 बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सेल बरामद किए गए थे। लगातार दो दिनों में सामने आए विस्फोटकों के ये बड़े जखीरे यह स्पष्ट करते हैं कि माओवादियों ने अपने वर्चस्व वाले दौर में जंगलों को हथियारों और विस्फोटक सामग्री के विशाल भंडार के रूप में इस्तेमाल किया था। अब जबकि संगठन की सशस्त्र मौजूदगी समाप्त हो चुकी है, इन पुराने और छिपे हुए ठिकानों को ढूंढना सुरक्षा बलों के लिए कठिन परीक्षा है। पुलिस के अनुसार, 204 कोबरा बटालियन से मिली जानकारी के आधार पर, जिला बल और कोबरा की एक संयुक्त टीम ने पुजारीकांकेर के दक्षिण-पूर्व दिशा में पहाड़ी और जंगली क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। इसी दौरान जमीन के नीचे छिपाकर रखा गया यह संदिग्ध डंप बरामद हुआ।

उपकरण भी मिले

डेटोनेटर के अलावा, मौके से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी मिले हैं, जिनमें मल्टीमीटर, रेडियो सेट बैटरी चार्जर कप, कॉपर प्रोटोटाइपिंग बोर्ड (पीसीबी), यूएसबी पोर्ट कार्ड रीडर, मोबाइल चार्जर, लैपटॉप एडाप्टर, एंटीना और रिले कंट्रोल सर्किट बोर्ड शामिल हैं। इसके अलावा माओवादी साहित्य भी बरामद किया गया है। फ्लिहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

अब कैब की तरह ट्रैक होगी कचरा गाड़ी, घर बैठे मिलेगी लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



घर के बाहर कचरा गाड़ी नहीं पहुंची तो अब उसकी लोकेशन जानने के लिए निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर निगम सभी 260 कचरा वाहनों को जीपीएस आधारित डिजिटल निगरानी से जोड़ने जा रहा है। इससे नागरिक गाड़ी की वास्तविक लोकेशन और घर पहुंचने का संभावित समय जान सकेंगे।

अब तक 50 से 60 वाहनों के रूट डिजिटाइज किए जा चुके हैं। अगले 15 से 20 दिनों में बाकी वाहनों को भी इस व्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके लिए इंदौर में सफाई निगरानी का काम कर रही विशेषज्ञ एजेंसी की सेवाएं ली जा रही हैं। हर वाहन का रूट और समय डिजिटल सिस्टम में दर्ज होगा। तय रास्ते से भटकने, निर्धारित समय से 30 मिनट से अधिक देरी होने या किसी स्थान पर 15 से 20 मिनट तक बिना वजह खड़े रहने पर सिस्टम रेड फ्लैग जारी करेगा। कंट्रोल रूम से इसकी जांच कर संबंधित वाहन पर कार्रवाई की जा सकेगी।

एएसपी ग्रामीण अनु बेनीवाल ने गोसलपुर में किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के पालन और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

पटाखा दुकानों पर पुलिस की नजर

हरिभूमि, जबलपुर।

दीपावली पर्व पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और पटाखों के सुरक्षित कारोबार को सुनिश्चित करने के लिए जबलपुर पुलिस ने निगरानी तेज कर दी है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर शुक्रवार को एएसपी ग्रामीण अनु बेनीवाल ने गोसलपुर थाना क्षेत्र में संचालित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी बेनीवाल ने दुकानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, पटाखों के सुरक्षित भंडारण और विक्रय संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दुकान संचालकों को निर्धारित सुरक्षा मानकों और नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि दुकान परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



इंतजामात की दी सख्त हिदायत

पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को आगजनी जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम रखने तथा पटाखों का सुरक्षित तरीके से भंडारण करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान गोसलपुर टीआई भावना तिवारी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

जिलेभर में जारी है जांच

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पटाखा दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत दुकानों में सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्थाओं और भंडारण संबंधी नियमों की जांच की जा रही है। वहीं अवैध रूप से पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री रखने, भंडारण करने अथवा बेचने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

करिया मुंडा समिति की रिपोर्ट और केशवानंद भारती फैसले का दिया हवाला

सात न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा, लिखित बहस दाखिल

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में सात अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त करने की संस्तुति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका में शुक्रवार को याचिकाकर्ता की ओर से लिखित बहस दाखिल कर दी गई। इसमें न्यायपालिका में सामाजिक प्रतिनिधित्व की कमी को संवैधानिक मूल्यों के प्रतिकूल बताते हुए करिया मुंडा समिति की रिपोर्ट और केशवानंद भारती मामले के फैसले का हवाला दिया गया है। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका में 26 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट कालेजियम द्वारा हाई कोर्ट के लिए सात अधिवक्ताओं के नामों की संस्तुति को चुनौती दी गई है। पांच नवंबर को चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद लिखित तर्क प्रस्तुत करने की अनुमति दी थी।

याचिकाकर्ताओं ने करिया मुंडा समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उच्च न्यायपालिका में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई है। वहीं, केशवानंद भारती फैसले के आधार पर सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को संविधान के मूल ढांचे से जोड़ते हुए प्रतिनिधित्व में असंतुलन का मुद्दा उठाया है। लिखित बहस में दावा किया गया है कि हाईकोर्ट के 38 न्यायाधीशों में 36 सामान्य वर्ग से हैं और अनुसूचित जनजाति का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। प्रदेश की आबादी में ओबीसी की हिस्सेदारी 51, अनुसूचित जाति की 16 और अनुसूचित जनजाति की 21.21 प्रतिशत बताई गई है। संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत नियुक्ति प्रक्रिया में प्रभावी परामर्श की अनिवार्यता का सवाल भी उठाया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि राष्ट्रपति भवन और राज्य के विधि विभाग को भेजे गए अभ्यावेदनों पर निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना संस्तुति कर दी गई। कालेजियम ने डा. विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार, भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, मृणाल एलकर और अविनाश जरगर के नामों की अनुशंसा की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर सहित नौ अधिवक्ता पैरवी कर रहे हैं।

बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था ध्वस्त, जाम में फसे लोग

ई-रिक्शा और कार वालों ने मुख्य मार्गों में लगवाया जाम

जबलपुर। 6 दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत शुक्रवार को धनतेरस के साथ हो गई। पहले दिन स्वास्थ्य के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर लोगों ने स्वस्थ रहने की प्रार्थना की। वहीं धनतेरस पर शुभ खरीदी के मुहूर्त और परंपरा को लेकर बाजारों में खासी भीड़ रही। एक दिन पहले ही बाजार ग्राहकों के लिए सजधज कर तैयार हो गये थे। मंहगाई की मार के बावजूद लोगों ने खासकर केन्द्रीय कर्मचारियों को बोनस और राज्य कर्मचारियों को वेतन समय से पूर्व हो जाने से जमकर खरीददारी की।

स्वर्ण आभूषण वालों के बाद बर्तन वालों ने जमकर चांदी काटी। जबकि मेवा मिष्ठान और कपड़े वालों की ग्राहकी में मंदी रही। धनतेरस की पूर्व संध्या से ही बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम ढलने के साथ-साथ भीड़ और बढ़ने लगी। रात में बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं थी। शाम के वक्त चौपाया वाहन, हाथ ठेला और ई-रिक्शा ने नगर के तंग गली बाजार फुहारा, कमानिया, गंजीपुरा, गढ़ाफाटक मेन रोड, सिविक सेंटर के चारों ओर, ब्लूम चौक, गोरखपुर मार्केट, अंधेरदेव, मुकादमगंज, करमचंद चौक से घंटाघर मार्ग, अधारताल, रद्दी चौकी, दमोहनाका, आदि क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था चरपट कर दी। लोग घंटो जाम में फंसे रहे, कही जगह वाद विवाद स्थिति बनी। दिनभर पुलिस नदारद रही, शाम 7 बजे के बाद प्वाइंटों पर पुलिस तैनात हुई, तब तक ई-रिक्शा, कार चालक , मालवाहक आटो, कोहराम मचा चुके थे। सड़कों पर दुकानें पसरी रही। चलने के लिए मुख्य बाजारों में सड़के कम पड़ गई थी। शाम ढलने से लेकर देर रात तक बाजार गुलजार रहे। लोगों ने जी भरकर खरीददारी की। बर्तनों की खनक और सोने की चमक से खरीददारों को खासा प्रभावित किया। शुभ मुहूर्त पर बर्तन खरीदने की परम्परा का निर्वाहन करते हुये थाली कटोरी, गिलास, डिनर सेट, चम्मच खरीदने के लिये दुकानों पर खासी भीड़ लगी रही। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस पर खरीदी करने से साल भर खरीदी का योग बना रहता है। सामान्य आय वर्गीय लोग बर्तन खरीदकर धनतेरस की खरीदी की परम्परा का निर्वाह कर रहे थे, वहीं धनाढ्य वर्गीय लोग हर तरह से बाजार की चकाचौंध में प्रभावित नजर आये। खरीदने वालों ने सवा-सवा लाख रूपये के डायमंड ज्वेलरी और सोने-चांदी के जेवरात खरीदकर धनतेरस मनाई। वहीं समस्याओं से बेजार व सामान्य आयवर्गीय लोगों ने सामान्य घरेलू वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की खरीदी कर धनतेरस की रस्म निभाई। बाजारों में भीड़ का फायदा चाट-चटौनी व चाय पान की दुकान लगाने वालों ने भी खूब उठाया। बाजार हाट कर हारी थकी जनता ने चाय नाश्ता कर घरों की ओर रूख किया।

डॉ. ईशा माहेश्वरी को पीएचडी



जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. ईशा माहेश्वरी को राजनीति विज्ञान विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. ईशा माहेश्वरी ने अपना शोध कार्य विश्वविद्यालय के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विवेक मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनके शोध में मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के संचालन में जबलपुर जिला प्रशासन की भूमिका का अध्ययन किया गया है। वर्तमान में डॉ. ईशा माहेश्वरी माता गुजरी महिला महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापिका के पद पर सेवाएं दे रही हैं। वे श्रीमती ज्योति एवं श्री राजवर्धन माहेश्वरी (एआईजी, सीआईडी, जबलपुर) की सुपुत्री तथा एडवोकेट वेदांत माहेश्वरी की बहन हैं। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर परिजनों, सहकर्मियों एवं विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

2023 के संशोधन में मिडिल और हाईस्कूल से 100 मीटर की दूरी का प्रावधान

प्राइमरी कक्षाएं आबकारी नियमों में स्कूल की श्रेणी से बाहर, सरकार ने हाईकोर्ट में रखा पक्ष

संजीवनी नगर में एक ही भवन में स्कूल और शराब दुकान संचालन का मामला



जबलपुर। प्राथमिक कक्षाओं का संचालन करने वाली संस्था क्या आबकारी नियमों के तहत स्कूल की श्रेणी में आएगी? संजीवनी नगर में एक ही भवन में स्कूल और शराब दुकान संचालित होने के मामले में राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में जवाब पेश कर इस कानूनी सवाल पर अपना पक्ष रखा है। सरकार के अनुसार वर्ष 2023 में आबकारी नियमों में किए गए संशोधन के बाद प्राथमिक कक्षाओं को शराब दुकान के लिए निर्धारित 100 मीटर की प्रतिबंधित दूरी के दायरे में शामिल नहीं किया गया है। संशोधित नियम में मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल, कॉलेज और शासकीय कन्या छात्रावास का उल्लेख है। दरअसल, मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत बनाए गए सामान्य प्रयुक्ति के नियमों में 31 मार्च 2018 को जारी अधिसूचना में शैक्षणिक संस्था की परिभाषा में प्री-प्राइमरी, प्राइमरी और सेकंडरी स्कूल शामिल थे। इसके बाद 31 मार्च 2023 को जारी राजपत्र अधिसूचना क्रमांक 111 के जरिए नियम-एक को प्रतिस्थापित कर दिया गया। यह संशोधन एक अप्रैल 2023 से प्रभावी हुआ। इसमें शराब दुकान के लिए धार्मिक संस्थाओं, मान्यता प्राप्त मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, कालेज और शासकीय कन्या छात्रावास से 100 मीटर की दूरी का प्रावधान किया गया। नई परिभाषा में प्राथमिक विद्यालय का उल्लेख नहीं है। मामले में जबलपुर निवासी अजय पटेल की ओर से याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि संजीवनी नगर के मुख्य मार्ग स्थित एक भवन के एक हिस्से में शराब दुकान संचालित हो रही है, जबकि दूसरे हिस्से में संस्कार भारती नाम से स्कूल चलाया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने एक ही भवन में दोनों के संचालन पर आपत्ति जताते हुए जिला कलेक्टर और आबकारी विभाग से शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली। पूर्व सुनवाई पर चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार, जिला कलेक्टर और आबकारी विभाग सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकार ने 2023 के संशोधन का हवाला देते हुए अपना जवाब पेश किया। वहीं, कलेक्टर की ओर से बताया गया कि स्कूल और आबकारी विभाग की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। अभ्यावेदन पर निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने जिला कलेक्टर को अगली सुनवाई से पहले याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण कर आदेश पारित करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने पैरवी की।

बेलखेड़ा में कार से कुचलकर एक युवक - युवती की हत्या

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आपसी विवाद के चलते एक युवक पर कार से कुचलकर दो किशोरों की हत्या करने का आरोप लगा है। घटना में 18 वर्षीय प्रशांत लोधी और 16 वर्षीय जागृति की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी अनिल एवं उसके साथियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 3(5) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद का मामला आया सामने

पुलिस को हेमराज लोधी ठाकुर उम्र 18 वर्षीय निवासी ग्राम करहैया उड़ना, थाना पाटन ने बताया कि 5 नवंबर को वह अपने दोस्त प्रशांत के कहने पर उसकी मोटरसाइकिल से बेलखेड़ा आया था। दोपहर करीब ढाई बजे दोनों पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, जहां राघवेन्द्र उर्फ देवेन्द्र खड़ा था। इसी दौरान स्कूटी से दो लड़कियां वहां पहुंचीं और राघवेन्द्र तथा प्रशांत से बातचीत करने लगीं। हेमराज और प्रशांत कुछ दूर चले गए, जहां अनिल भी मौजूद था। इसके बाद सभी लोग हाईवे पर पेट्रोल पंप के आगे पुलिया के पास पहुंच गए। धूप से बचने के लिए कुछ लोग सड़क की दूसरी ओर चले गए। दोपहर करीब 3:15 बजे मोबाइल के जरिए अनिल को वहां बुलाया गया। आरोप है कि अनिल अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीई 8644 से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मौके पर पहुंचा और सड़क किनारे खड़े प्रशांत तथा उसके पास मौजूद जागृति को जानबूझकर कुचल दिया।

टक्कर इतनी जबरदस्त कि दूर जा गिरे दोनों

कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रशांत और जागृति उछलकर दूर जा गिरे। दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी अनिल कार को कुछ दूरी पर रोककर खेतों की तरफ भाग गया। मौके पर पहुंचे हेमराज ने देखा कि प्रशांत झाड़ियों में फंसा हुआ था और उसके सिर में गंभीर चोट थी। वहीं जागृति भी हादसे में बुरी तरह घायल थी। दोनों की श्वांसे नहीं चल रही थीं।

पुराने विवाद में हत्या की आशंका

हेमराज के अनुसार, राघवेन्द्र उर्फ देवेन्द्र, प्रशांत और दो अन्य लड़कियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते अनिल द्वारा जानबूझकर कार चढ़ाकर प्रशांत और जागृति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद राघवेन्द्र उर्फ देवेन्द्र, एक लड़की और एक अन्य युवक मौके से भाग गए।

हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना हेमराज ने डायल 112 और 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस घटना के पीछे के विवाद, आरोपियों की भूमिका और वारदात की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

किसान से ठगी, पैथोलॉजी संचालक भी साइबर फ्रॉड का शिकार

साइबर ठगों ने तीन लोगों के बैंक खातों से उड़ाए 1.92 लाख

जबलपुर। शहर में साइबर ठगी की तीन अलग-अलग घटनाओं में जालसाजों ने तीन लोगों को निशाना बनाते हुए उनके बैंक खातों से रकम निकाल ली। पनागर में पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लगवाने के नाम पर किसान से 48 हजार 950 रुपये ठग लिए गए। वहीं गढ़ा में मोबाइल पर लाइव टीवी देखने के लिए ऐप डाउनलोड करने के बाद दो बैंक खातों से 72 हजार 750 रुपये निकाल लिए गए। इसी तरह संजीवनी नगर में पैथोलॉजी संचालक के बैंक खातों से भी अज्ञात व्यक्ति ने हजारों रुपये पार कर दिए।

पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनौदा निवासी 30 वर्षीय अरुण कुमार कुर्मी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने पिता सुरेन्द्र पटेल के नाम से पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इस दौरान नितिन कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क कर अलग-अलग किस्तों में फोन-पे के माध्यम से कुल 48 हजार 950 रुपये जमा करवा लिए। बाद में धोखाधड़ी का पता चलने पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

दूसरी घटना गढ़ा थाना क्षेत्र की है। जनता होटल के सामने गढ़ा बाजार निवासी 37 वर्षीय अनिल कोष्टा ने बताया कि जुलाई माह में मोबाइल पर लाइव टीवी चैनल देखने के लिए एक्स डी टीवी नामक ऐप डाउनलोड किया था। ऐप ठीक से काम नहीं करने पर उसने करीब एक घंटे बाद उसे अनइंस्टॉल कर दिया था। इसके बाद 15 अक्टूबर को दोपहर करीब 3:30 बजे उसके मोबाइल पर सेंट्रल बैंक खाते से 60 हजार 400 रुपये और स्टेट बैंक खाते से 12 हजार 350 रुपये कटने के मैसेज आए। अज्ञात व्यक्ति ने दोनों खातों से कुल 72 हजार 750 रुपये निकाल लिए।

तीसरी घटना संजीवनी नगर थाना क्षेत्र की है। नमन विहार कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी 32 वर्षीय देवकरण साहू मेडिकल कॉलेज के सामने ह्यूमन हेल्थ केयर नाम से पैथोलॉजी संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम 7:20 से 7:32 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैंक खातों से रकम निकाल ली। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 10 बार में 53 हजार 498 रुपये और यूनियन बैंक करमेता शाखा के खाते से 16 हजार 870 रुपये निकाले गए। पुलिस ने तीनों मामलों में धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

डीएमएफ के प्रस्तावों में गुणवत्ता और जनहित को दें प्राथमिकता : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) के अंतर्गत कराए जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्तावों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि डीएमएफ के प्रस्ताव तैयार करते समय कार्यों की वास्तविक आवश्यकता, अनुमानित लागत, गुणवत्ता एवं उनसे मिलने वाले लाभ का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की संख्या के बजाय उनकी उपयोगिता, गुणवत्ता और दूरगामी परिणामों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

छात्रावासों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप लगाएं गीजर

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने छात्रावासों में विद्यार्थियों की संख्या एवं उपलब्ध गीजर की क्षमता का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार पर्याप्त क्षमता के गीजर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र की आवश्यकता पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में वजन किट की स्वच्छता और संक्रमण से बचाव के लिए कम लागत वाली अलग-अलग वजन एवं सैनिटेशन किट उपलब्ध कराने के सुझाव पर विचार किया। उन्होंने शेष आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का आकलन करने के निर्देश भी दिए।

रंगदारी वसूलने मारपीट



जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत बिजली आफिस के पास मालकछार रोड के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर अज्ञात तीन लड़कों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक ने अपने पिताजी को फोन पर घटना की जानकारी दी, उसके बाद बस स्टैंड के पास तीन आरोपियों से एक आरोपी को पकड़कर कर पुलिस के हवाले कर दिया। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झंडा चौक शहपुरा निवासी 25 वर्षीय किसान जयदीप रजक गत शाम लगभग 6.20 बजे मालकछार स्थित अपने खेत से घर आ रहा था जैसे ही बिजली आफिस के पास मालकछार रोड के पास पहुँचा, तभी मोटर सायकल में तीन अज्ञात लड़के पीछे से उसकी मोटर सायकल के आगे आये और मोटर सायकल सामने अड़ाकर उसे रोककर शराब पीने के लिये रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर, गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे एक लड़के ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, वह जोर से चिल्लाया तो तीनों जान से मारने की धमकी देते मोटर सायकल से भाग गये। घायल ने फोन पर अपने पिता को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही उसके पिता महेश रजक आए और अन्य लोगों के साथ मिलकर तीनों लड़कों को बस स्टेण्ड में पकड़ने का प्रयास करते हुये एक आरोपी लड़के को पकड़ लिए तथा दो लड़के वहां से भाग गये, पकड़े गये लड़के ने अपना नाम और पता कालीमठ मदनमहल निवासी 19 वर्षीय नमन नोरिया बताया हैं, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 115(2), 119(1), 296(बी), 126(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया।

कुंडम में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हत्या

पुरानी रंजिश ने ले ली कॉलेज छात्र की जान



जबलपुर। कुंडम थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश का खौफनाक अंजाम सामने आया है। दीपावली का त्योहार मनाने गांव आए एक कॉलेज छात्र की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात कुंडेश्वर मंदिर से लौटते समय हुई, जहां आधा दर्जन युवकों ने छात्र को रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। अचानक हुए जानलेवा हमले से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 19 वर्षीय आकाश उर्फ अक्कू निवासी ग्राम हल्का बोदा, जिला कटनी के रूप में हुई है। वह जबलपुर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा था। दीपावली का त्योहार मनाने के लिए वह अपने गांव आया हुआ था। गुरुवार को वह अपने दोस्तों के साथ कुंडम स्थित कुंडेश्वर मंदिर घूमने गया था। मंदिर से वापस लौटते समय रास्ते में आरोपियों ने उसे घेर लिया और विवाद शुरू कर दिया।

मड़ई मेले के विवाद का लिया बदला

पुलिस के मुताबिक, आकाश का कुछ समय पहले गांव में आयोजित मड़ई मेले के दौरान कुंडम निवासी प्रीतम मार्को से विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। गुरुवार को आकाश के कुंडम पहुंचने की जानकारी मिलने पर प्रीतम अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गया। आरोपियों ने रास्ते में आकाश को रोककर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ मौजूद दोस्त अचानक हुए हमले से घबराकर अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल आकाश को 112 और 108 एंबुलेंस की मदद से कुंडम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

3 आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए कुंडम पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर मुख्य आरोपी प्रीतम मार्को सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल अन्य युवकों की तलाश की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से मृतक के परिजनों और क्षेत्र में शोक एवं आक्रोश का माहौल है।

बाजार में खूब बरसा धन, जमकर हुई खरीददारी





सिहोरा। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व शुक्रवार को धनतेरस के साथ ही शुरुआत हो गई है ।। घरों एंव प्रतिष्ठानों को महालक्ष्मी एंव गणेश जी के आगमन को लेकर सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है मनोरम रंगोलियां बनाने के साथ ही पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर हो गया है।

धनतेरस पर की जमकर खरीददारी

धनतेरस पर बाजार में लोगों ने जरुरत का समान खूब ख़रीदा ज्वेलर्स,बर्तन,इलेक्ट्रॉनिक्स सामान दो पहिया चार पहिया वाहन एजेंसी सहित अन्य प्रतिष्ठानों में धनतेरस पर जमकर खरीदारी की गई। शहर के इलेक्ट्रॉनिक्स,आभूषण प्रतिष्ठानों की सुंदरता देखते ही बन रही थी। धनतेरस पर जगह जगह भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की गई।

बाजार में देर रात तक रही चहल पहल

बिजली सामग्री, एलइडी लाइट, बल्ब, दीप, मोमबत्ती, फूल मिट्टी के दीए, खिलौनों खरीदने के लिए बाजार में भी काफी चहल-पहल रही। धनतेरस पर आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान,वाहन, बर्तन सहित अन्य वस्तुओं की जमकर खरीदारी हुई। अधिकांश प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों के लिए रखे गए विशेष आकर्षक उपहार का भी असर खरीदारों में देखने को मिला। इसी तरह झाड़ू की भी लोगों ने खूब खरीददारी की।

लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा खरीदने दुकानों पर रही भीड़

दीपावली के दिन पूजा के लिए भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति प्रतिमा धनतेरस के दिन खरीदने की मान्यता रहती है। जिससे यहां मूर्ति बाजार में स्थानीय मूर्तिकारों के अलावा कोलकाता में निर्मित लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की दुकानों में भी खूब भीड़ देखी गई। स्थानीय स्तर पर तैयार मूर्तियों को लोग पसंद कर रहे हैं। अनेक लोग सोने-चांदी से बने गणेश-लक्ष्मी की खरीदारी भी करते है। स्थानीय मूर्तिकार सुनील चक्रवर्ती ने बताया कलकत्ता से लाई गई लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां 100 से 150,500,1100 रुपये में उपलब्ध करा रहे है।



भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी के विरोध में यादव महासभा ने सौंपा ज्ञापन

कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री पर एफआईआर की मांग

जबलपुर। कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय यादव महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने 5 नवंबर को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की। महासभा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण करोड़ों श्रद्धालुओं के आराध्य हैं और उनके प्रति अपमानजनक टिप्पणी से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में वीडियो एवं अन्य साक्ष्यों की जांच कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 302 सहित अन्य लागू धाराओं में कार्रवाई करने, धीरेंद्र शास्त्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा आगामी कथा आयोजनों की अनुमति की नियमानुसार समीक्षा करने की मांग की गई। महासभा ने उनकी कथाओं के बहिष्कार का निर्णय लेते हुए समाजजनों से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने की अपील भी की। पुलिस महानिदेशक, भोपाल को भी ज्ञापन की प्रतिलिपि भेजी गई है। महासभा ने जांच एवं कार्रवाई की जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में शिव यादव, रामरतन यादव, सुभाष यादव, एडवोकेट प्रभात यादव, शशांक यादव, एडवोकेट राजकुमार यादव, घनश्याम यादव, विजय सिंह यादव, प्रदीप यादव (पूर्व पार्षद), पवन यादव, एडवोकेट दुर्गा यादव, बब्बू यादव, बच्चा यादव, एडवोकेट संतोष यादव, एडवोकेट सोमदत्त यादव, नीलचन्द्र यादव, एडवोकेट आर.के. यादव, एडवोकेट निशा यादव, संदीप यादव, गोलू यादव, शिवम यादव, अनूप यादव, दीपक यादव, जीतेश सद्दाम यादव, आदर्श यादव, अंकित यादव, प्रद्युम्न यादव, विवेक यादव, प्रभु यादव, रविशंकर यादव, अशोक यादव, रामकिशन यादव, डॉ. एच.आर. यादव एवं जितेन्द्र यादव सहित अनेक सामाजिकजन उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए नगर निगम में खुलेंगे रोजगार के द्वार, 116 पदों पर होगी भर्ती

जबलपुर। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में दिव्यांगजनों की भर्ती और शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। महापौर ने बताया कि नगर निगम में दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान के तहत 116 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इनमें 10 नियमित और 106 संविदा पद शामिल हैं। इससे दिव्यांगजनों को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता का अवसर मिलेगा। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए आउटसोर्सिंग व्यवस्था का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। पहले चार ठेकेदार सफाई व्यवस्था संभालते थे, अब 15 ठेकेदारों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इनमें जबलपुर के सात तथा मुंबई और नोएडा सहित अन्य शहरों के आठ ठेकेदार शामिल हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए संभाग क्रमांक 1 से 16 एवं मुख्यालय स्तर पर कचरा प्रबंधन, सामग्री और श्रमिकों की आपूर्ति से संबंधित 17 समूहों के आवंटन एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में मौजूदा आउटसोर्स फर्म का कार्यकाल 1 से 30 नवंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेंद्र यादव, रजनी कैलाश साहू सहित अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, सहायक आयुक्त कामिनी लिल्हारे, स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा, सचिव अनिल जोशी, पेंशन प्रभारी दीपक शर्मा एवं वरिष्ठ लिपिक वीरू मार्वे उपस्थित रहे।

रेल कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 69 हजार करने की मांग

आठवें वेतन आयोग को सौंपा 14 सूत्रीय प्रस्ताव



जबलपुर। रेल कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, पदोन्नति एवं सेवा सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के समक्ष 14 सूत्रीय मांग-पत्र प्रस्तुत किया है। संघ के महामंत्री एवं एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 30 अक्टूबर को आयोग के सामने न्यूनतम वेतन 69 हजार रुपये प्रतिमाह, फिटमेंट फैक्टर 3.833 तथा वार्षिक वेतनवृद्धि 3 से बढ़ाकर 6 प्रतिशत करने की मांग रखी। शर्मा ने बताया कि संघ ने सालाना वेतनवृद्धि में न्यूनतम 10 हजार रुपये का लाभ, सेवाकाल में पांच पदोन्नतियां, महंगाई भत्ते को मूल वेतन में शामिल करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा अंतिम वेतन का 67 प्रतिशत पेंशन, 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन और पेंशन कम्यूटेशन की वसूली 15 के बजाय 11 वर्ष में पूरी करने की मांग की गई है। रेलवे कर्मचारियों के जोखिमपूर्ण कार्यों के लिए विशेष वेतन संरचना, बंद भत्तों की बहाली, ट्रैक मेंटेनरों एवं लोको पायलटों के पदोन्नति अवसर बढ़ाने तथा सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

श्री शर्मा ने बताया कि रेलवे अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति, रेलवे आवासों में स्वच्छ पेयजल, सफाई, सुरक्षा, खेल मैदान एवं जिम जैसी सुविधाएं विकसित करने की मांग भी रखी गई है। उन्होंने संघ की ओर से पदोन्नति एवं कर्मचारियों की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि संगठन कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है।

जहरीली शराब कांड के बाद होटल जलसा पर की थी कार्रवाई

हाईकोर्ट में प्रशासन की किरकिरी: सीलिंग का आदेश तक पेश नहीं कर पाया प्रशासन

कोर्ट ने एक दिन में सील खोलने के दिए निर्देश, 23 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में अगली

जबलपुर। जहरीली शराब कांड के बाद सख्त कार्रवाई का संदेश देने वाले जिला प्रशासन को हाईकोर्ट में उस समय झटका लगा, जब वह बहेरिया स्थित होटल जलसा को सील करने का आदेश ही अदालत में पेश नहीं कर सका। सीलिंग की कार्रवाई का आधार बताने वाला दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाने पर हाईकोर्ट ने होटल को अंतरिम राहत देते एक दिन में सील खोलने के निर्देश दिए हैं।

जस्टिस मनिंदर एस. भट्टी की एकलपीठ ने पृथ्वी सिंह ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पिछली सुनवाई में पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद प्रशासन सीलिंग आदेश पेश नहीं कर पाया है। ऐसे में याचिकाकर्ता अंतरिम राहत पाने का हकदार है।

दूसरी बार भी खाली हाथ पहुंचा प्रशासन

मामले की पिछली सुनवाई 30 अक्टूबर को हुई थी। तब हाईकोर्ट ने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अगली सुनवाई तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के प्राधिकृत अधिकारी का सीलिंग आदेश प्रस्तुत किया जाए। ऐसा नहीं होने पर



याचिकाकर्ता की अंतरिम राहत की मांग पर विचार करने की बात कही गई थी।राज्य सरकार ने दस्तावेज पेश करने के लिए समय मांगा था, लेकिन सुनवाई के दौरान भी आदेश अदालत के सामने नहीं रखा जा सका। राज्य की ओर से पैनल लॉयर ने निर्देश प्राप्त करने के लिए फिर समय मांगा। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय ने होटल की सील खोलने की मांग की। कोर्ट ने प्रशासन को 6 नवंबर तक होटल अनसील करने और अगली सुनवाई तक व्यावसायिक गतिविधियां जारी रखने की अनुमति देने के निर्देश दिए।

दरअसल, सागर के बंडा-बहेरिया क्षेत्र में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद पुलिस, आबकारी और जिला प्रशासन ने अवैध शराब नेटवर्क के खिलाफ अभियान चलाया था। इसी कार्रवाई के दौरान बहेरिया स्थित होटल जलसा के अलावा सत्यम होटल, पाथवे रेस्टोरेंट और स्वरूचि इन पर भी कार्रवाई की गई थी।होटल जलसा को सील करने के पीछे नियमों के उल्लंघन और संदिग्ध गतिविधियों का हवाला दिया गया था। हालांकि, अब सीलिंग आदेश पेश नहीं कर पाने के कारण प्रशासन को अदालत से राहत नहीं मिली और होटल संचालक को अंतरिम राहत मिल गई।

कार्रवाई पर नहीं, प्रक्रिया पर उठा सवाल

हाईकोर्ट ने फिलहाल होटल सील करने की कार्रवाई को अवैध घोषित नहीं किया है। आदेश का आधार पेश नहीं होने के कारण अंतरिम राहत दी गई है। लेकिन इस घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया और दस्तावेजी तैयारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

दुकान लगाने को लेकर पार्षद और पुलिस में विवाद, थाने पहुंचे समर्थक

बरेला। सड़क पर दुकान लगाने को लेकर भाजपा पार्षद प्रकाश चक्रवर्ती और पुलिस के बीच विवाद हो गया। घटना के बाद राजनीतिक हलचल बढ़ गई और पार्षद के समर्थन में मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतीक दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर सहित बड़ी संख्या में समर्थक थाने पहुंच गए। पार्षद प्रकाश चक्रवर्ती ने पुलिसकर्मियों पर गाली-गलौज, अभद्रता और मारपीट करने के आरोप लगाए। उन्होंने अपने पुत्र के साथ भी मारपीट किए जाने का दावा किया। मामले की जानकारी मिलने पर पनागर विधायक सुशील तिवारी ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों से चर्चा की और विवाद शांत कराने का प्रयास किया। विधायक ने पुलिस को सख्त हिदायत देते हुए नगर परिषद को



सड़क पर चूना डालकर दुकानें लगवाने के निर्देश भी दिए। घटना को लेकर थाने में काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। इस संबंध में डीएसपी ग्रामीण निकिता सिंह ने बताया कि पुलिस और भाजपा पार्षद के बीच विवाद की जानकारी सामने आई थी, लेकिन विधायक सुशील तिवारी के हस्तक्षेप से मामला सुलझा लिया गया है। फिलहाल पार्षद द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर निष्पक्ष जांच की आवश्यकता जताई जा रही है।

सिहोरा विकासखंड में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने कार्यों का लिया जायजा

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों एवं संस्थानों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गोसलपुर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजना की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एसडीएम ज्योति परस्ते सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसलपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान बच्चों के टीकाकरण की नियमित निगरानी के संबंध में जानकारी लेते हुए पूछा कि एक वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए किस प्रकार ट्रैकिंग की जा रही है। उन्होंने सभी बच्चों का निर्धारित समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की नई बिल्डिंग का भी जायजा लिया।

आंगनवाड़ी केंद्र कछपुरा में बच्चों से की बातचीत

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कछपुरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी सीखने की क्षमता एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान बच्चों से चित्रों और शैक्षिणक वस्तुओं के संबंध में सवाल पूछे। बच्चों द्वारा दिए गए जवाबों और पढ़ाने के तरीके की सराहना करते हुए उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को इसी तरह रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

भवन पोंडा का लिया जायजा

कलेक्टर ने सिहोरा मझौली रोड स्थित ग्राम पोंडा में निर्माणाधीन तहसील भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने भवन के मुख्य प्रवेश द्वार, सड़क के लेवल,आवागमन की व्यवस्था, कोर्ट रुम का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रयोगात्मक लैब का किया निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर ने सिहोरा स्थित नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ स्मार्ट क्लास और प्रयोगात्मक लैब का भी जायजा लिया। उन्होंने भवन के फिनिशिंग वर्क को शीघ्र पूरा करने तथा विद्यालय को जल्द ही शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पंचायत भवन का भी किया निरीक्षण


कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय के सामने निर्माणाधीन जनपद पंचायत की नई बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

मिठाई दुकानों पर खाद्य विभाग की दबिश, लिए छेना-कलाकंद सहित कई नमूने

जबलपुर। दीपावली के मद्देनजर मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने खाद्य सुरक्षा विभाग ने भेड़ाघाट, शहपुरा और कटंगी की मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने यह कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार भेड़ाघाट स्थित बीकानेर स्वीट्स से छेना, कलाकंद, मोतीचूर के लड्डू और सोनपापड़ी के नमूने लिए गए। शहपुरा स्थित बीकानेर स्वीट्स से भी इन्हीं खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। वहीं कटंगी स्थित बाबा स्वीट्स से रसगुल्ला एवं मोतीचूर के लड्डू तथा बीकानेर स्वीट्स से नमकीन, कलाकंद, मोतीचूर के लड्डू और सोनपापड़ी के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों के मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

श्रीमती चंद्रावती गुप्ता का निधन

सदर बाजार गली नं. 7 पीपल चौक के पास निवासी स्व. श्यामलाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रावती गुप्ता का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे श्रीकृष्ण गुप्ता (आलोक) की माता जी तथा सी.ए. चेतन गुप्ता एवं चन्द्रांश गुप्ता की दादी थी। अंतिम यात्रा आज शनिवार 7 नवंबर को उनके निज निवास से प्रातः 10.30 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।





श्री किशोरी लाल पटेल- धनी कुटिया के पास अधारताल निवासी श्री किशोरी लाल पटेल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री वीरेंद्र कुमार रैकवार- भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री वीरेंद्र कुमार रैकवार (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रमेश कुमार कुशवाहा- श्याम नगर महाराजपुर निवासी श्री रमेश कुमार कुशवाहा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती फूल बाई गौंड़- लालमाटी बड़ी संतोषी माता के निकट निवासी श्री मुन्ना लाल गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती फूल बाई गौंड़ (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव- मनमोहन नगर कृषि उपज मंडी के पास निवासी श्री सरल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राम मिलन मिश्रा- त्रिमूर्ति नगर गली नं. 5 निवासी श्री राम मिलन मिश्रा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रमा तिवारी- अशोक नगर अधारताल निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रमा तिवारी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रदीप चौधरी- गली नं. 3 पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री राजकुमार चौधरी के पुत्र श्री प्रदीप चौधरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती राधा बाई- गंगासागर रोड गढ़ा निवासी श्री हंसराज की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रेम बाई- रिषी नगर करोंदा नाला पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री शिवधारी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम बाई (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती विमला बाई कनौजिया- ग्राम कुड़रिया गौर निवासी श्री राम विशाल कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई कनौजिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती आदित्य कुमारी शुक्ला- रांझी निवासी डॉ. शिव चरण शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती आदित्य कुमारी शुक्ला (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री रामाश्रय मिश्रा- मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री रामाश्रय मिश्रा (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री वासुदेव- टैगोर रेलवे कॉलोनी सिविल लाईन निवासी श्री वासुदेव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कलम से.मी.
डिस्प्ले साइज:- 1x1 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डिस्प्ले साइज:- 1x1 से.मी. रंगीन 400/-
डिस्प्ले साइज 1x1 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

हिंडाल्को का लाभ 59 फीसदी बढ़कर 7,533 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 58.8 प्रतिशत बढ़कर 7,533 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,741 करोड़ रुपये था।

ब्रिटानिया का मुनाफा 10.8% बढ़कर 726 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। बेकरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 725.99 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 655.06 करोड़ रुपये के मुकाबले 10.82 प्रतिशत अधिक है। सितंबर तिमाही में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,541.57 करोड़ रुपये हो गया।

नियो ग्रुप ने म्यूचुअल फंड कारोबार किया शुरू

नई दिल्ली। नियो वेल्थ एंड एसेट मैनेजमेंट (नियो ग्रुप) ने अपनी वित्तीय सेवा पेशकश का विस्तार करने की योजना के तहत नियो म्यूचुअल फंड की शुरुआत के साथ म्यूचुअल फंड कारोबार में प्रवेश की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि नियो म्यूचुअल फंड ने करीब 10 अनुभवी फंड प्रबंधकों को अपने साथ जोड़ा है।

गॉडफ्रे फिलिप्स के मुनाफे में 37 प्रतिशत गिरावट



नई दिल्ली। सिगरेट बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 37.73 प्रतिशत घटकर 189.90 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने इसका कारण कर में वृद्धि को बताया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में 304.99 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

आर्सेलरमित्तल को 39.1 करोड़ डॉलर का घाटा

नई दिल्ली। वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल का घाटा 2026 की सितंबर तिमाही में 39.1 करोड़ डॉलर रहा। यूरोप में ऊर्जा लागत बढ़ने के कारण कंपनी को घाटा हुआ। लक्जमबर्ग स्थित इस्पात कंपनी को पिछले साल की समान तिमाही में 37.7 करोड़ डॉलर की शुद्ध आय हुई थी। कंपनी भारत में भी कारोबार करती है। सेंलरमित्तल का वित्त वर्ष जनवरी से दिसंबर तक होता है।

सोने का भाव 1.68 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में सोने की कीमत अगले 6-12 महीनों में बढ़कर 1.60-1.68 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। निवेश मांग जारी रहने और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी के बीच दाम बढ़ने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

- वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने अपनी ताजा तिमाही सर्राफा रिपोर्ट में अनुमान लगाया कि मध्यम अवधि में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतें 4,500-4,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएंगी, जबकि अल्पावधि में घरेलू

मोतीलाल ओसवाल सर्विसेज ने तिमाही सराफा रिपोर्ट में लगाया अनुमान

सोना सुरक्षित संपत्ति के रूप में महत्व बनाए हुए

एमओएफएसएल के जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, "वैश्विक आर्थिक और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में अपना महत्व बनाए हुए है। हालांकि, निकट भविष्य में इसकी दिशा फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति, मुद्रास्फीति के रुझान, अमेरिकी डॉलर की चाल और वास्तविक बॉन्ड प्रतिफल से निर्धारित होगी।"

वर्ष 2025 में तेज उतार-चढ़ाव देखे गए

चांदी भी 100 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार जाने के बाद तेज गिरावट का शिकार हुई। रुपया-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव ने घरेलू सर्राफा कीमतों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि 2025 की एकतरफा तेजी के विपरीत, इस साल बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में अधिक तेज उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, जो बदलती वैश्विक वृहद आर्थिक स्थितियों और मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदों को दर्शाते हैं।

वैश्विक घटनाक्रमों का भी पड़ा प्रभाव

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष की असाधारण तेजी के बाद अमेरिकी ब्याज दरों में वृद्धि के अनुमान, मुद्रास्फीति के जारी रहने, ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक घटनाक्रमों के बीच 2026 में बहुमूल्य धातुओं में उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत जनवरी 2026 में लगभग 5,600 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे आ गई और फिर उनमें सुधार हुआ।

महानदी कोलफील्ड्स को मिली आईपीओ लाने की सेबी से मंजूरी

- कोल इंडिया बेचेगी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी
- कोल इंडिया लिमिटेड 66,18,36,300 तक इक्विटी शेयर बेचेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



ओडिशा स्थित महानदी कोलफील्ड्स लि. को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। सेबी ने चार नवंबर को कंपनी के निर्गम के मसौदा दस्तावेजों पर अंतिम टिप्पणी जारी की। नियामक की टिप्पणी आईपीओ प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके बाद कंपनी संबंधित नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सार्वजनिक निर्गम की आगे की तैयारी कर सकती है। महानदी कोलफील्ड्स लि. (एमसीएल) ने सितंबर में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना मसौदा विवरण-पत्र दाखिल किया था। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें कंपनी की प्रवर्तक कोल इंडिया लिमिटेड 66,18,36,300 तक इक्विटी शेयर बेचेगी। चूंकि यह पूरी तरह बिक्री पेशकश है।

कोल इंडिया के उत्पादन में महानदी की हिस्सेदारी 28 फीसदी : वित्त वर्ष 2025-26 में कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 28 प्रतिशत रही। कोल इंडिया देश के घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है। प्रस्तावित सूचीबद्धता पूंजी बाजार के जरिये अपनी अनुषंगी कंपनियों का मूल्य बढ़ाने की कोल इंडिया की व्यापक योजना का हिस्सा है।

केंद्र ने चावल, धान के भंडार की घोषणा अनिवार्य की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- दक्षिणी राज्यों को स्टॉक सीमा लगाने की अनुमति
- जमाखोरी रोकने भंडार सीमा लगाने की दी अनुमति

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देशभर के व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं और मिल मालिकों के लिए चावल एवं धान के भंडार की घोषणा करना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही, जमाखोरी रोकने के लिए पांच दक्षिणी राज्यों को चावल और धान पर भंडार सीमा लगाने की अनुमति दी है।

चावल की कीमत बढ़ने के बीच यह कदम उठाया गया है। छह नवंबर के आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी खुदरा दुकानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और मिल मालिकों को छह श्रेणियों में अपने भंडार की जानकारी देनी होगी। इनमें बासमती चावल, गैर-बासमती प्रीमियम चावल, गैर-बासमती चावल, उसना चावल, टूटे चावल और धान शामिल हैं।

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भंडार रखने वाली सभी इकाइयों को हर शुक्रवार खाद्य भंडार पोर्टल (फूडस्टॉक डॉट डीएफपीडी डॉट जीओवी डॉट इन) पर अपनी जानकारी अद्यतन करनी होगी। पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराने या भंडार सीमा का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा छह और सात के तहत कार्रवाई की जाएगी।

केंद्र ने छह नवंबर को जारी एक अलग पत्र में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना को नियंत्रण आदेशों के जरिए धान और चावल पर भंडार सीमा लगाने की मंजूरी दी है।

सीमाएं 31 जनवरी 2027 तक लागू रहेगी

एक सरकारी बयान के अनुसार, ये सीमाएं 31 जनवरी, 2027 तक लागू रहेंगी। केंद्र और राज्य सरकारें इन आदेशों के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगी, ताकि बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो और जमाखोरी तथा कालाबाजारी रोक लगाई जा सके।

नाफेड से भारत चावल की बिक्री की

केंद्र सरकार ने चावल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नाफेड (एनएएफईडी), एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार को 'भारत चावल' के रूप में बिक्री के लिए अतिरिक्त चावल आवंटित किया है। उनसे खासकर दक्षिणी राज्यों में वितरण के सभी संभावित माध्यमों का इस्तेमाल करने को कहा गया है।

चावल की बिक्री का लक्ष्य दोगुना किया गया

केंद्र ने वर्ष 2026-27 के लिए खुला बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के तहत ई-नीलामी के जरिये चावल की बिक्री का लक्ष्य भी दोगुना कर 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन कर दिया है। 31 अक्टूबर तक निजी खरीदारों को करीब 25 लाख टन चावल बेचा जा चुका था, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 11 लाख टन था।

नोएल टाटा 12 नवंबर को टाइटन से होंगे सेवानिवृत्त

नई दिल्ली। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल एन टाटा आभूषण एवं घड़ी बनाने वाली प्रमुख टाइटन कंपनी लिमिटेड के निदेशक एवं वाइस चेयरमैन पद से 12 नवंबर, 2026 को हट जाएंगे। यह कदम टाटा समूह के संचालन संबंधी दिशानिर्देशों के तहत समूह की कई कंपनियों के निदेशक मंडल से नोएल टाटा (69) के हटने की प्रक्रिया का हिस्सा है। 'हम सूचित करना चाहते हैं कि टाटा समूह के संचालन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप नोएल एन. टाटा 12 नवंबर, 2026 से कंपनी के गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक एवं वाइस चेयरमैन के पद से सेवानिवृत्त होंगे।'

MADHYA PRADESH YATRI PARIVAHAN AND INFRASTRUCTURE LIMITED
CIN : U49219MP2025SGC077633
E-mail Id : madhyapradesh.ypil@gmail.com, Contact : 9755502225
Date : 06.11.2026

NOTICE INVITING TENDER FOR YEAR -2026-27

Following tender uploaded on GeM Portal, the NIT number is GEM/2026/B/8222629

Sr. No.	Name of Work	Probable Amount of Contract
1.	Customized Furniture Interior Electric AC Renovation Work	7.15 Cr.

Detailed NIT along with other details can be downloaded/ viewed on above mentioned portal from 06.11.2026
06.11.2026
M.P. Madhyam/129007/2026 EXECUTIVE ENGINEER

कार्यालय नगर पंचायत बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Entail ID- npbilaigarh08@gmail.com
क्र./ 1013 / न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 बिलाईगढ़, दिनांक 30/10/2026
// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //
एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-F (Lumpsum) अंतर्गत आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	Tender Document Fee	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1	203016	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Bilaigarh under SBM 2.0 (1st Call)	INR 235.46 LAKH	INR 1.50 Lakh TDR/ FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	INR 10000/- in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar panchayat, Bilaigarh	Construction Period-15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of work order)	"B" and Above	25.11.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा/सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बिलाईगढ़

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल
निविदा सूचना 22 वर्ष 2026-27 **निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक 04/11/2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु राशि (रू. लाख में)
1	2	3	4	4
1	2025_PWDRB_547961_1	हैलीपेड ग्राउंड मार्ग का निर्माण लंबाई 0.70 कि.मी. (टूलेन). हबीबगंज से बरखेडा चर्ज मार्ग (फोरलेन / टूलेन) आर्मी डे परेड लंबाई 5.25 कि.मी. हेतु एवं सावतिका पेट्रोल पंप से गोविन्द पुरा हार्ट बाजार मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (टूलेन) मार्ग का निर्माण कार्य ।	प्रथम	423.60
2	2025_PWDRB_547963_1	सावंतिका पेट्रोल पंप से हेमा स्कूल लंबाई 1.30 कि.मी. अन्ना नगर से डी.आर.एम. (कस्तूरबा हॉस्पिटल) मार्ग (फोरलेन / टूलेन) भोपाल में आर्मी डे परेड हेतु लंबाई - 1. 80 कि.मी. में नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य एवं महात्मा गांधी चौराहे से रायसेन मार्ग (फोरलेन) में फर्निशिंग का कार्य आर्मी डे परेड लंबाई-2.00 कि.मी. हेतु ।	प्रथम	408.51
3	2025_PWDRB_547964_1	सुभाष नगर विश्राम घाट ग्राउंड से रायसेन मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. एवं केरियर कॉलेज से आई.टी.आई. (फोरलेन) में नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य, आर्मी डे परेड लंबाई - 2.40 कि.मी. हेतु।	प्रथम	323.33
4	2025_PWDRB_547965_1	गुरुद्वारा चौराहा से रायसेन मार्ग (फोरलेन) में नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य एवं पार्किंग का विकास कार्य आर्मी डे परेड लंबाई-320 कि.मी. हेतु हैलीपेड पहुंच मार्ग एवं पाथवे का निर्माण कार्य, दर्शकों हेतु आर्मी डे परेड ग्राउंड एरिया कालीबाडी भोपाल लंबाई 0.37 कि.मी. एवं जम्बूरी मैदान से पिपलानी बी-सेक्टर खजूरी मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. (टूलेन) का निर्माण कार्य ।	प्रथम	487.95

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 13/11/2026 या जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
G-21185/26 "स्वच्छता ही सेवा" लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

कार्यालय :- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शहडोल (म. प्र.)
क्रमांक 3773/चार-03-01/2019 शहडोल, दिनांक 04/11/2026
निविदा आमंत्रण सूचना
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शहडोल (म.प्र.) के उपयोग हेतु यू.पी.एस. बैटरी, बायबैक (Buy Back) सुविधा अंतर्गत निविदा दस्तावेज में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत क्रय किये जाने हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाना है।
उक्त निविदा संबंधी विस्तृत दस्तावेज एवं निविदा के नियम एवं शर्तें माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की वेबसाईट www.mpch.gov.in एवं जिला न्यायालय शहडोल की वेबसाईट https://shahdol.dcourts.gov.in/notice-category/tenders/ पर उपलब्ध है।

क्रमांक	विवरण	दिनांक एवं समय
01	निविदा प्रकाशन की तिथि	05.11.2026
02	निविदा की अंतिम तिथि एवं समय	27.11.2026 समय 17:00
03	निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय	28.11.2026 समय 10:30

कृते - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
G-21184/26 शहडोल (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला डिण्डौरी म.प्र.
E-MAIL-cmhodin@nic.in
क्र/एन.एच.एम./निविदा/2026/9997 डिण्डौरी, दिनांक 2/11/2026
निविदा आमंत्रण सूचना
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला डिण्डौरी की अंधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सीय कार्य के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुये हीमोग्लोबिन मीटर एवं हीमोग्लोबिन स्ट्रिप के उपार्जन हेतु निविदाकारों से GeM Portal के माध्यम से ऑनलाईन

क्रं.	निविदा का प्रकार	EMD राशि (रू.)
01	Cuvettes-based Digital Hemoglobinometer	रू.84000.00

1. GeM Portal पर निविदा प्रपत्र, निविदा के नियम एवं शर्तें डाउनलोड किया जा सकता है । 2. तकनीकी बिड एवं दर बिड ऑनलाईन अलग-अलग प्रस्तुत करनी होगी। 3. उपरोक्तानुसार अमानत राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सदस्य - सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति डिण्डौरी (म.प्र.) के नाम पर ई. एम.डी. के रूप में देय होगी। 4. GeM Portal पर निविदा प्रकाशन की संभावित तिथि 05/11/2026 5. GeM Portal पर निविदा प्रपत्र बेबसाईट से डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि 05/11/2026 6. GeM Portal पर निविदा जमा / अपलोड करने की संभावित अंतिम तिथि 26 /11 / 2026 7. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना ऑनलाईन GeM Portal पर दी जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। 8. निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार
(डॉ. मनोज पाण्डे)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला डिण्डौरी म.प्र.
G-21163/26

कार्यालय, वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर
E-mail :- ecfre.jbp@mp.gov.in पोस्ट- पोलीपाथर (नर्मदा रोड), जबलपुर - 482008 Tel. Fax0761-266855
ई-निविदा सूचना
अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना
राज्य शासन की योजना क्रमांक 1643 वन विज्ञान केन्द्र के अंतर्गत वन विज्ञान केन्द्र डिण्डौरी (अमेरा नर्सरी) में प्रशिक्षण एवं विस्तार गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए एक अशासकीय संस्था (NGO) को क्रियान्वयन एजेंसी (Implementing Agency) के रूप में सूचीबद्ध किया जाना है। इसके लिए डिण्डोरी जिले में कार्यरत, अनुभवी एवं पंजीकृत अशासकीय संस्थाओं से ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं, ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ई-निविदा क्रमांक- 2026_MPFD_547261_1 के माध्यम से देखी जा सकती है। निविदा संबंधी जानकारी कार्यालयीन समय में दिनांक 03.11.2026 से प्राप्त की जा सकती है-

क्र.	विवरण	तिथि / समय
1	दस्तावेज का प्रकाशन / डाउनलोड	Date 03/11/2026 Time - 3.00PM
2	प्री- प्रपोजल बैठक (कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सा.वा.वृ. जबलपुर)	Date 17/11/2026 Time - 3.00PM
3	ऑनलाइन प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि	Date 30/11/2026 Time - 3.00PM
4	प्रस्ताव खोलने की तिथि	Date 03/12/2026 Time - 3.00PM

EOI शुल्क 2,000 /- (अप्रतिदेय), जो केवल ऑनलाइन जमा होगा।
पात्रता की मुख्य शर्तें : संस्था का पंजीकरण कम से कम 5 वर्ष पुराना हो संस्था NGO दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत हो डिण्डोरी जिले में कम से कम 3 वर्ष का प्रशिक्षण / विस्तार कार्य का अनुभव हो, डिण्डोरी जिले में फील्ड टीम हो पिछले तीन वर्षों का औसत वार्षिक टर्नओवर कम से कम 20 लाख हो। विस्तृत शर्तें EOI दस्तावेज में देखें।
दस्तावेज और प्रस्ताव :EOI दस्तावेज वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। प्रस्ताव भी केवल इसी पोर्टल पर ऑनलाइन जमा होंगे। ऑफलाइन प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
संशोधन : EOI में कोई भी संशोधन या शुद्धि-पत्र केवल उक्त पोर्टल पर प्रकाशित होगा, समाचार पत्र में नहीं किसी भी या प्रस्तावों को बिना कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता केपास सुरक्षित है।
वनमण्डलाधिकारी
G-21175/26 "स्वच्छता ही सेवा" सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
केनफिन होम्स लिमिटेड
501-बी, पहली मंजिल, बाटा शोरूम के पीछे, कटंगा क्रॉसिंग के पास, कैनरा बैंक के ऊपर, गोरखपुर रोड, जबलपुर - 482001
Mob:7625079237 E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699
मांग सूचना
सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) सपठित नियम 3 (1) के अन्तर्गत सिक्युरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेन्ट) नियम 2002
जबकि, अधोहस्ताक्षर कैन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं, SARFAESI अधिनियम के तहत और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नियम 3 के साथ पढ़े गए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी करते हुए। उधारकताओं/ गारंटरों को यहां सूचीबद्ध किया गया (जिनको बाद ''उधारकताओं'' के रूप में संदर्भित किया है), को नोटिस में उल्लिखित मात्रा को चुकाने के लिए, नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार।
उक्त नोटिस डाक प्राधिकरण द्वारा लौटाए गए हैं / उधारकताओं द्वारा विधिवत स्वीकार नहीं किए गए हैं। इसलिए कंपनी अत्यधिक सावधानी के साथ डिमांड नोटिस (नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार) के इस प्रकाशन को प्रभावित कर रही है। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पते के परिसर में चिपकाया है।
ऋण की देय अदायगी के लिए सुरक्षा के रूप में, नीचे दी गई संपत्ति को संबंधित पक्षों द्वारा कंपनी के पास गिरवी रखा गया है।

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतदारों के नाम एवं पता	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	सुरक्षित आस्तियों का विवरण	एनपीए दिनांक / मांग सूचना दिनांक
1.	ऋणी : **श्री सुरेंद्र कुमार पटेल** सहऋणी: **श्रीमती वंदना पटेल** दोनों का पता: मकान संख्या-2274, राधा कृष्ण मंदिर के पास, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, रांझी, मोनेगांव, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482005	₹ 12,61,166/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	संपत्ति स्थित प्रायवेट लेआउट प्लॉट नं. 21 और 22, खसरा नं. 496 का भाग, प.ह.नं. 52, मौजा पदारिया, आर.एन.एम.-बड़ौदा, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, म.प्र.- 483220, क्षेत्रफल- 2000 वर्गफुट (185.87 वर्गमीटर)। चर्तुसीमाएँ: **प्लॉट संख्या 21:** उत्तर में 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण में निजी लेआउट प्लॉट संख्या 14, पूर्व में निजी लेआउट प्लॉट संख्या 22, पश्चिम में निजी लेआउट प्लॉट संख्या 20 **प्लॉट संख्या 22:** उत्तर में 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण में निजी लेआउट प्लॉट संख्या 13, पूर्व में नायडू की संपत्ति, पश्चिम में निजी लेआउट प्लॉट संख्या 21	29-10-2026 / 03-11-2026
2.	ऋणी: **श्री सुरजीत सिंह ठाकुर** सहऋणी: **श्रीमती लक्ष्मी देवी** दोनों का पता: क्वार्टर नंबर 113/3, ओल्ड ट्यूब लाइन जी.सी.एफ. एस्टेट, गोकुलपुर, रांझी, जबलपुर म.प्र.-482011	₹ 13,05,530/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	संपत्ति स्थित प्रायवेट लेआउट प्लॉट नं. 21, डायवर्टेड खसरा नं. 18/2 का भाग, प.ह.नं. 54, नया 21/16, आर.एन.एम.-बिलपुरा, मौजा-मदल, गुरूगोविन्द सिंह वार्ड नं. 76, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र.- 482009 क्षेत्रफल- 1000 वर्गफुट चर्तुसीमाएँ: उत्तर में - निजी प्लॉट संख्या 22, दक्षिण में - निजी प्लॉट संख्या 20, पूर्व में - 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - निजी प्लॉट संख्या 32	29-10-2026 / 03-11-2026

* भुगतान की तारीख तक उल्लिखिततारीख से सहमति के अनुसार संविदात्मक दरों पर देय ब्याज
आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर देय ब्याज की अनुबंधित दर के साथ उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिससे असफलता उपर्युक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होगी। ऋणी/जमानतदार/या /अथवा संपत्ति मालिक / कानूनी उत्तराधिकारी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुटाने (Redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।
दिनांक : 07/11/2026 हस्ता/-
स्थान : जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
केनफिन होम्स लिमिटेड
501-बी, पहली मंजिल, बाटा शोरूम के पीछे, कटंगा क्रॉसिंग के पास, कैनरा बैंक के ऊपर, गोरखपुर रोड, जबलपुर - 482001
Mob:7625079237 E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699
कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) [नियम 8 (1)]
सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **केनफिन होम्स लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को मांग सूचना में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि एवं उस पर संविदात्मक दर से देय ब्याज उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित प्रत्येक उधारकर्ताओं की संपत्ति का कब्जा निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है।

क्र.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना दिनांक	बकाया राशि	कब्जा दिनांक
1.	ऋणी : **श्री दीपक रायकवार पुत्र लक्ष्मी प्रसाद** सहऋणी : **श्री विमा पत्नि दीपक**	**प.ह.नं. 54, हल्का मढ़ई, आर.एन.एम. 1140 वर्गफुट (105.95 वर्गमीटर), बिलपुरा, डायवर्टेड भूमि खसरा नंबर 80 का भाग, जिसमें प्लॉट नंबर 96 का कुछ भाग क्षेत्रफल- 660 वर्गफुट (17.37 फुट x 38 फुट = 660 वर्गफुट) और प्लॉट नंबर 95 का कुछ भाग क्षेत्रफल- 12.67 फुट x 38 फुट = 480 वर्गफुट कुल क्षेत्रफल- 30x38 = 1140 वर्गफुट (105.95 वर्गमीटर) कुल भूमि क्षेत्रफल 0.1400 हेक्टेयर में से , मौजा मढ़ई, शहीद गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 76, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश चर्तुसीमाएं-** उत्तर- अर्चना तिवारी का प्लाट, पूर्व- साइड रोड, पश्चिम-खसरा नं. 83 की भूमि, दक्षिण- रश्मि बाई का प्लाट	30-05-2026	₹ 26,05,239/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	06.11.2026

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं को विशिष्टत

चिंतन

पर्यावरण के प्रति निभानी होगी जिम्मेदारी भी



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

हवा में घुलता जहर अब किसी एक शहर, राज्य या वर्ग की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरा देश त्रस्त है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब के कई शहर तो गैस के चैंबर बन चुके हैं। यहां लोगों का सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर भयावह स्थिति में पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है कि सरकार और अदालतें जितने अधिक आदेश और पाबंदियां लगाएंगी, उनके उल्लंघन की आशंका भी उतनी ही बढ़ेगी। सवाल वाजिब है कि क्या केवल सख्त नियम बनाकर स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है? निश्चित रूप से नहीं। इसके लिए सरकारी इच्छाशक्ति के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी हम साफ हवा में सांस ले पाएंगे। प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 तक पहुंच गया, जबकि कई निगरानी केंद्रों पर यह 400 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान में भी यह 400 के करीब रहा। इन आंकड़ों के बीच यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद यदि हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा तो व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया है। पांच नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी महज 14 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि शेष प्रदूषण के लिए वाहन, उद्योग, निर्माण गतिविधियां, सड़क की धूल, ऊर्जा उत्पादन और कचरा जलाने जैसे स्रोत भी जिम्मेदार हैं। महंगी और बड़ी गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या निर्माण स्थलों पर उड़ती धूल, इन पर प्रभावी नियंत्रण के बिना प्रदूषण से लड़ाई अधूरी रहेगी। अदालत की यह चिंता भी गंभीर है कि प्रदूषण का सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिनके पास महंगे एयर प्यूरीफायर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। असल जरूरत प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय सालभर की प्राथमिकता बनाने की है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों के उत्सर्जन की नियमित निगरानी, निर्माण स्थलों को ढकना, सड़कों की नियमित सफाई और कचरा जलाने पर प्रभावी रोक जैसे उपाय निरंतर लागू करने होंगे। साथ ही नागरिकों को भी निजी वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल छोड़ने, कचरा नहीं जलाने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की जरूरत है। अदालतें दिशा दे सकती हैं, सरकारें नियम बना सकती हैं और प्रशासन कार्रवाई कर सकता है, लेकिन स्वच्छ हवा का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा। पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग या अदालत का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आखिर सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा किसी की सुविधा नहीं, हर नागरिक का अधिकार है। इसे बचाने के लिए जिम्मेदारी भी सबको निभानी होगी।

भीषण प्रदूषण की मार से कराहते लोग

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। जहां तक मुझे याद आता है आज से तकरीब चौदह-पंद्रह साल पहले की बात है, एक अमेरिकी पत्रकार ने अपने विदाई संदेश में लिखा था कि - 'वह दिल्ली इसलिए छोड़कर जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास में प्रदूषण जांचने वाली मशीन बता रही है कि यहां उसके बच्चे की सेहत को खतरा है।' उस वक्त यह कहा गया था कि अमेरिकी दूतावास समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। कुछ समय बाद जब दिल्ली में सरकारी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए गए, तब उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि समस्या वाकई गंभीर है। उस समय कहा गया था कि यहां की आबोहवा में हद से भी अधिक पीएम 2.5 की मौजूदगी से न सिर्फ बच्चे समय पूर्व अस्थमा के शिकार हो सकते हैं, बल्कि गर्भवती महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे सकती हैं,जो तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कम वजन के शिकार होंगे।

पीएम 2.5 के ऐसे सूक्ष्म कण तो बुजुर्गों के लिए बेहद घातक हो सकते हैं। असलियत में तकरीबन 14-15 साल बाद आज देश की राजधानी के हालात वास्तव में न सिर्फ उससे भी ज्यादा खराब हैं बल्कि बेहद भयावह हैं। हालात की गंभीरता का सबूत यह है कि पिछले कुछ सालों से डॉक्टर दिल्ली के लोगों को सर्दियों के इन महीनों में बाहर पहाड़ी इलाकों में जाने की सलाह देते हैं ताकि यहां की जहरीली हवा से उनकी जान बच सके। आने वाले दिनों में हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार हैं। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता। सीपीसीबी इसकी पुष्टि करता है। जबकि केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम, एनसीएपी लागू किया था जिसमें अभी तक मामूली सफलता ही हाथ लगी है। राज्य और नगर निगम एनसीएपी के तहत मिले फंड का 70 फीसदी हिस्सा ही खर्च कर पाये हैं। उसमें भी सरकार ने बजटीय आवंटन का अधिकांश हिस्सा स्थायी सुधारों जैसे सार्वजनिक परिवहन के बजाय केवल सड़कों पर पानी छिड़कने व मैकेनाइज्ड स्वीपिंग जैसी तात्कालिक गतिविधियों पर ही खर्च किया है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदूषण पर वार के लिए 'वार रूम' तैयार है जिसके तहत प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाएगी और प्रदूषण की रियल टाइम मॉनीटरिंग और उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि हकीकत में अभी तक कहीं-कहीं न तो वायु गुणवत्ता मापक यंत्र ही लग पाये हैं और न ही वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ही लगे हैं। उस स्थिति में जबकि सर्दियां आते ही उत्तर भारत में हवा खराब होने लगती हैं। गिरता तापमान और रुकी हुई हवायें जहरीले धुंए को जमीन के पास रोक लेती हैं जिससे दिल्ली और आसपास के मैदानी इलाकों में एक दम घोंटने वाली धुंध छा जाती है। इससे लोग परेशान होते हैं और उनके लिए सांस लेना भी दूभर हो जाता है। फिर इसमें बीते 25 सालों में दिल्ली में हुए बेतरतीब विकास ने पारिस्थितिकी को बड़ी क्षति पहुंचायी है, जिसकी कीमत प्रदूषण के रूप में जनता को चुकानी पड़ रही है। नतीजतन प्रदूषण से दिल्ली हांफ रही है। हकीकत में देश की राजधानी दिल्ली



का बेतरतीब फैल रहे भारत के शहरों में पांचवां स्थान है जिसका अहम कारण कमजोर योजना, बिखरा प्रशासन, असमान सेवाओं के चलते उत्पादकता और जीवन गुणवत्ता का बुरी तरह प्रभावित होना है। यहां पिछले 15 सालों में आबादी 37.5 फीसदी की दर से बढ़कर 2.30 करोड़ के पास पहुंच गई है लेकिन आबादी के हिसाब से यहां सुविधायें आज भी अधूरी हैं। आंकड़े इसके जीते-जागते सबूत हैं। शोधों के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है, नतीजतन कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे उनका कद भी घट रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। यही नहीं, वायु प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों, उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, सीखने की क्षमता और एकाग्रता पर भी असर डाल रहा है। बिगड़ती हवा से बच्चों में सांस की बीमारी 10 साल पहले की तुलना में 47 फीसदी बढ़ गयी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 कम उम्र में ही आंखों में मोतियाबिन्द और ग्लूकोमा यानी काला मोतिया का कारण बन रहा है। सबसे दुखदायी तो यह है कि वायु प्रदूषण के संपर्क से आत्महत्या या आत्मघाती विचारों का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से इंसानी फेफड़े बेदम हो रहे हैं। यह हमारे दिमाग की धार को कुंद कर रहा है। जहां तक दिल्ली वालों का सवाल है, उनके तो फेफड़े काले हो रहे हैं। और तो और यह रक्त वाहिकाओं पर भी असर डाल रहा है। यह दिल के मर्ज को जानलेवा बना रहा है। यह दिल के लिए मधुमेह और कोलेस्ट्राल से भी घातक साबित हो रहा है। अब इसका असर हृदय, फेफडों, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र, मस्तिष्क से जुड़े रोगों को ही प्रभावित नहीं कर रहा, हड्डियों, श्वसन व प्रजनन तंत्र से भी काफी आगे बढ़ गया है। यह शरीर के हरेक अंग को प्रभावित कर रहा है। यह कैंसर और मैटाबोलिक विकार को भी पार कर गया है। इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। यही नहीं, उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्व बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर भी बुरा असर डाल रहे हैं। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। वायु प्रदूषण अब कम उम्र में आंखों की रोशनी छीन रहा है। यातायात सम्बंधी प्रदूषण इन समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाह रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीएम कण इतने सूक्ष्म हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क में पहुंच कर दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा कर रहे हैं। सबसे दुखदायी स्थिति यह है कि 15 साल से कम उम्र के 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। हकीकत है कि वायु प्रदूषण से हर साल तकरीबन बीस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। भारत में सभी श्वसन संबंधी मौतों में से एक तिहाई से अधिक वायु गुणवत्ता से जुड़ी हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएं एयरोसोल से जुड़ी होती हैं जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता की जरूरत

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। 29 अप्रैल, 2026 को जारी राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यालय (एनसीआरपी) की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2 लाख, 31 हजार 671 नए कैंसर मामलों का अनुमान लगाया गया है, जो कि देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। 2030 तक यह आंकड़ा 2 लाख, 54 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह आंध्रप्रदेश में 65000, असम में 51734, तेलंगाना में 46762 कैंसर के नए मामले सामने आए हैं। देश के अन्य राज्यों की भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को अपनी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में कैंसर के 15.6 लाख नए मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में 2024 के दौरान कैंसर से 9,01,828 मौतें हुई, जबकि करीब 33.2 लाख लोग निदान के बाद जीवन जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर बात करें तो वर्ष 2024 में विश्व भर में कैंसर के लगभग 2.06 करोड़ नए मामले सामने आए हैं और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अगर इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं लगा तो वर्ष 2050 तक कैंसर के नए मामलों की संख्या 3.5 करोड़ वार्षिक तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कभी न कभी कैंसर होने की आशंका है। इसके अलावा परिवार के किसी सदस्य के निदान को शामिल करें तो लगभग 92 फीसद लोग किसी न किसी रूप में इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। अच्छी बात यह है कि 2010 से वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग में 27 फीसद की गिरावट आई है जिससे फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कुछ कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरूकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। भारत की बात करें तो तकरीबन 15 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते हैं। एक रिपोर्ट सें उद्घाटित हो चुका है कि हर आठ मिनट में ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन दो हजार से अधिक लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 19 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष तकरीबन 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसदी बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किए जाने के बाद कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रूप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरूक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया जा चुका है कि वर्ष 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उसके मुताबिक कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल, विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं।विश्व कैंसर दिवस के संस्थापक 'यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर 'एचपीवी टीका' को कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए और जागरूकता प्रसारित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

अपनों के साथ मनाएं दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहां हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, सभी पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है।

- ऋषि सिंघल, रेवाड़ी

ट्रेंड

वोटर आईडी से पात्रता



मोदी सरकार के एक मंत्री ने घोषणा की है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्रता अब आधार से नहीं, बल्कि वोटर आईडी से तय होगी। यह खतरनाक साजिश है। एसआईआर के नाम पर वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इसे नहीं रोका गया तो और भी नाम हटा दिए जाएंगे। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

बैडमिंटन में सिल्वर मेडल



सिर्फ 15 साल की उम्र में, तन्वी पात्री ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया है। यूथ ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई। हम उनके लिए और भी कई उपलब्धियों की कामना करते हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

यूजीसी नियम



यूजीसी नियमों के संबंध में केंद्र सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा सुझाव अत्यंत स्वागत योग्य है। हमें पूरा विश्वास है कि इस समीक्षा से एक ऐसा संतुलित निर्णय निकलेगा जो सभी के हितों की रक्षा करेगा।

- रवि शंकर प्रसाद, सांसद, बीजेपी

खेल सामान का निर्माण



खेल के सामान के निर्माण के लिए 1,856 करोड़ रुपये की पहल का स्वागत है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम निर्माण क्षमता (मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी) विकसित कर रहे हैं या वास्तव में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता ?

- अभिनव ए. बिंद्रा, ओलंपियन

करंट अफेयर

अमेरिकी राज्यों के गर्वनरों ने दिवाली समारोह किए आयोजित



अमेरिका के पांच प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के गवर्नरों और 20 से अधिक मेयरों ने पहली बार राज्य की राजधानियों और सिटी हॉल में दिवाली उत्सव की मेजबानी की है, जहां नेताओं ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता और योगदान की सराहना की। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिवाली समारोह मध्य अक्टूबर में शुरू हुए थे और 10 नवंबर तक जारी रहेंगे, जब ओरेगन के गवर्नर सलेम में अंतिम समारोह की मेजबानी करने वाले हैं। इन समारोहों में अमेरिकी सीनेटरों, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों, स्थानीय मेयरों और बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं ने भाग लिया। इस क्षेत्र के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने अपने-अपने राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की भूमिका और योगदान की सराहना की और सांस्कृतिक विविधता के महत्व पर जोर दिया। पिछले महीने इडाहो स्टेट कैपिटल में समारोह को संबोधित करते हुए, गवर्नर ब्रैड लिटिल ने कहा कि इडाहो राज्य को एक ' 'जीवंत भारतीय समुदाय पर गर्व है जो अपने कारोबारों, व्यवसायों, सेवा और नागरिक भागीदारी के माध्यम से हमारे राज्य में बहुत योगदान देता है।

ऑफ बीट

बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव



बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी: बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं। बलीन व्हेल एक अजीब अपवाद हैं। जबकि उनके पूर्वजों के दांत थे, आज की बलीन व्हेल के पास बलीन है, जो महीन, बाल जैसे केराटिन का एक बड़ा रैक होता है जिसका उपयोग पानी से छोटे क्रिल को छानने के लिए किया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

धनतेरस पर बाजार रहे गुलजार

धनवंतरी पूजन से महापर्व का आगाज

जबलपुर।

कार्तिक कृष्णपक्ष त्रियोदशी को भगवान धनवंतरी के पूजन अर्चन के साथ 6 दिवसीय महापर्व का शुक्रवार को अगाज हो गया। समुद्र मंथन में निकलें रत्नों में एक धनवंतरी को आयुर्वेद का जनक माना जाता हैं, इन्हें स्वास्थ्य का देवता भी कहा जाता हैं। वहीं शाम को धन के देवता कुबेर का पूजन कर उनसे सुख समृद्धि की कामना की गई। 6 पर्वों के मेल से बने दीपोत्सव का पहला दिन खरीदी के नाम रहा। आज के दिन लोगों ने सोना चांदी के साथ विभिन्न घरेलू सामग्री की खरीददारी की। ऐसी मान्यता है कि धन त्रियोदशी को स्वर्णाभूषण तांबा, पीतल के बर्तन खरीदना शुभ होता है। धातु खरीदने से धन देवता कुबेर प्रसन्न होते हैं और वर्ष भर सुख समृद्धि बनी रहती है। सुबह से ही शहर के बाजारों में महिलाओं, पुरुषों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। बर्तन, सराफा, पटाखों, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, लाई बताशा की दुकानों के साथ ही इलेक्ट्रानिक आइटम, व्हीकल्स शो रुम में काफी भीड़ देखी गई। खरीददारी का यह क्रम देर रात तक चलता रहा। हर किसी ने कुछ न कुछ खरीदकर सुख समृद्धि बनाए रखने की कामना धन देवता से की।



नरक चतुर्दशी आज

इस साल दो अमावस्या की वजह से पांच दिवसीय पर्व सत्र 6 दिन का हो गया। आज शनिवार को नरक चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जाएगा। इसे रुप चौदस भी कहा जाता हैं। ज्योतिषाचार्य पं.पीएल गौतमाचार्य के अनुसार इस दिन कृष्ण ने नरकासुर नामक दैत्य का संहार कर सोलह हजार राज कन्याओं को उसकी कैद से मुक्त कराकर उनसे विवाह रचाया था। उस महादैत्य ने मरते समय भगवान से वरदान मांगा कि उसकी मृत्यु का दिन सर्वत्र खाने-पीने के रुप में मनाया जाए। वस्तुतः छोटी दीवाली या रुप चौदस भी इसी आयुर्वेद की महत्ता का परिचायक है।

हनुमान उत्सव का पर्व चौदस

शास्त्रों में उल्लेख है कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की अर्धरात्रि में देवी अंजनि के उदर से हनुमान जन्में थे। देश के कई स्थानों में इस दिन हनुमान जन्मोत्सव के रुप में भक्ति भाव से मनाया जाता है। इस दिन वाल्मीकि रामायण, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर चूरमा, केला व अमरुद आदि फलों का प्रसाद वितरित किया जाता है।

रानी दुर्गावती विवि में हुनर को मिला बाजार
दीपावली प्रदर्शनी में 41,500 रुपये की बिक्री



जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय दीपावली महोत्सव प्रदर्शनी का 5 नवंबर को समापन हुआ। प्रदर्शनी में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जहां प्रतिभागियों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री कर 41,500 रुपये अर्जित किए। समापन समारोह में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं कौशल को पहचान देने के साथ स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। विशिष्ट अतिथि डी.के. बग्गा ने इसे उद्यमशीलता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाला प्रयास बताया। पूर्व निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अश्विनी जायसवाल ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान की निदेशक प्रो. अलका नायक ने बताया कि प्रदर्शनी में दीप सज्जा, रंगोली, वॉल हैंगिंग, हस्तशिल्प, वेस्ट टू बेस्ट उत्पाद, मिट्टी के दीपक, पूजन सामग्री एवं लिप्पन आर्ट आकर्षण का केंद्र रहे। संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि 100 प्रशिक्षित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बीएड, कृषि एवं प्राचीन इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने भी अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित कीं। कार्यक्रम में डॉ. मीनल दुबे, जोहफिशा मनसब अंसारी, डॉ. मुक्ति मिश्रा, डॉ. आशारानी, डॉ. शैलेश प्रसाद, डॉ. हरीश यादव, डॉ. रेनू पाठक, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. धीरेंद्र मौर्य, डॉ. अभय सिंह, डॉ. प्रदीप विश्वकर्मा, रविता सिंह, आर्किटेक्ट गुणित वैद्य, डॉ. ज्योति चौबे, डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. रोहित पांडे, डॉ. जावेद खान, डॉ. गरिमा प्रवेश पांडे, कन्हैया राठौर, सुदर्शन सिंह एवं डॉ. परिधि वर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. मीनल दुबे ने किया तथा आभार डॉ. अजय मिश्रा ने व्यक्त किया।

नेत्रदान से दो जिंदगी हुईं रोशन

स्व. नरेंद्र रजक की आंखों से दो मरीजों को मिली नई रोशनी

जबलपुर। दीपावली के पावन अवसर पर स्वर्गीय नरेंद्र रजक के नेत्रदान से दो जरूरतमंद मरीजों के जीवन में रोशनी लौट आई। दुर्घटना में ब्रेन डेड घोषित होने के बाद उनके परिजनों ने हृदय, किडनी, लिवर, त्वचा, फेफड़ों सहित दोनों आंखों का दान कर मानवता की मिसाल पेश की। दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र आई बैंक की टीम ने डॉ. पवन स्थापक के मार्गदर्शन में दोनों कॉर्निया सुरक्षित किए। जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार में माइक्रोस्कोपिक सर्जरी के जरिए उनका प्रत्यारोपण किया गया। लाभान्वित मरीजों में नरसिंहपुर की 55 वर्षीय महिला और सिवनी का 43 वर्षीय युवक शामिल हैं। यह सफल ऑपरेशन डॉ. आयुष टंडन, डॉ. अर्पिता स्थापक, डॉ. अपूर्वा स्थापक एवं डॉ. पवन स्थापक की टीम ने किया। दोनों मरीजों की स्थिति स्वस्थ बताई गई है। डॉ. पवन स्थापक ने रजक परिवार के निर्णय को अनुकरणीय बताते हुए उनके प्रति संवेदना और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य से दो परिवारों की दीपावली खुशियों और नई रोशनी से जगमगा उठी।

वैद्य सुमित को मिला धन्वंतरि बाबा अवॉर्ड

जबलपुर। धन्वंतरि जयंती के अवसर पर राइट टाउन स्थित सावित्री सदन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक अमित दवे, वरिष्ठ प्रचारक तुलाराम, लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. नरेंद्र कोष्टी एवं संयोजक शरद अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवा कर रहे वैद्य सुमित को धन्वंतरि बाबा अवॉर्ड से सम्मानित किया। उन्हें शॉल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रचारक कन्हैयालाल, वैद्य रविंद्र गर्ग, वैद्य वीरबहादुर, वैद्य गणेश विश्वकर्मा, एडवोकेट सचिन अग्रवाल, शीर्ष अग्रवाल, स्पर्श अग्रवाल एवं संस्कार अग्रवाल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वैद्य डॉ. सुधीर अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।





बाल निकेतन की बहनों संग 28 वर्षों से मना रहे दीपावली का पर्व

जबलपुर। दीपावली के पावन अवसर पर पं. धीरज पटेरिया के नेतृत्व में राजकुमारी बाल निकेतन की बहनों के बीच दीपावली की खुशियां मनाई गईं। इस दौरान बहनों को वस्त्र एवं मिष्ठान वितरित कर भाई-बहन के स्नेह और अपनत्व की परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर पं. धीरज पटेरिया ने कहा कि पिछले 28 वर्षों से लगातार बहनों का आशीर्वाद मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। यह परंपरा प्रेम, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। कार्यक्रम में श्याम सिंह ठाकुर, मुकेश पटेल, राजकुमार जायसवाल, गुड्डा जैन, शेरू रैकवार, अंकित सिंघाई, आशीष साहू, बबलू ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, महेंद्र पाण्डेय, संतोष उपाध्याय, संजय वर्मा, पंकज नवाते, संजू जायसवाल, अभिषेक तिवारी, प्रमोद पटेल, दिनेश केवट, विशाल सुरेखा, मनदीप दुबे, आशीष गोस्वामी, फैसल अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी एवं शाहरुख अंसारी सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।



जूडो में सारका अंजुम ने जीता स्वर्ण
जबलपुर को दिलाई विजेता ट्रॉफी

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2026-27 की राज्य स्तरीय महिला जूडो प्रतियोगिता का आयोजन अग्रणी शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, छतरपुर में किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें जबलपुर की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। श्रीराम कॉलेज, जबलपुर की छात्रा सारका अंजुम ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं शहर का गौरव बढ़ा है। सारका की सफलता पर महाविद्यालय परिवार एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

'दिवाळी पहाट' में अभंग और भजनों से गूंजा शहीद स्मारक

जबलपुर। दीपोत्सव पर्व के अवसर पर शहीद स्मारक प्रेक्षागार में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति मंत्रालय भोपाल की मराठी साहित्य अकादमी द्वारा 'दिवाळी पहाट' सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रसरंग, महाराष्ट्र समाज एवं श्री दत्त भजन मंडल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले, अखिलेश सप्रे, सदानंद गोडबोले, विश्वास पाटणकर, डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. माणिक पान्से, डॉ. शिरीष नाईक एवं ज्योत्स्ना गोखले ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुंबई से आए कलाकार भाग्यश्री देशपांडे एवं महेश कंठे ने 'अबिर गुलाल' और 'शिवशंभो' सहित सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। मुंबई की स्वरा आपटे सहित नीरजा बोधनकर, अर्पिता दुग्वेकर, निशिगंधा हर्डीकर, श्रेयसी दुग्वेकर, कृतिका वरखेडकर, आराध्या देशपांडे एवं आदर्शिनी गुप्ता ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। तबले पर कौस्तुभ तळेकर, हारमोनियम पर मंदार दीक्षित, मृदंग पर मधुकर धोंगडे एवं तालवाद्य पर विजेंद्र बागकर ने संगत की। निवेदन संतोष कुमार जाधव ने किया। इस अवसर पर मालवा प्रांत की वैचारिक पत्रिका 'सर्वोत्तम' के दिवाली अंक का विमोचन भी हुआ। निदेशक संतोष गोडबोले का स्वागत हेमंत पोहरकर तथा सहनिदेशक दीपक गुप्ता का स्वागत अभय गोरे ने किया। मंच संचालन संजय आपटे ने किया। कार्यक्रम में दत्त भजन मंडल के अध्यक्ष विजय भावे, सचिव शरद आठले, पूर्व महापौर डॉ. स्वाती गोडबोले सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर रेलवे का सालभर चला समारोह

जबलपुर। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित सालभर के समारोह का 5 नवंबर को रेल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार, बोर्ड के सदस्य, महानिदेशक एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित रहे। चार चरणों में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ 7 नवंबर 2025 को सामूहिक वंदे मातरम् गायन से हुआ, जिसमें केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शामिल हुए। दूसरे चरण में 22 जनवरी 2026 को 'वंदे मातरम्: भारत की विविधता में एकता की भावना' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीसरे चरण में 10 अगस्त 2026 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं तिरंगा रैली आयोजित हुई। समापन समारोह में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही रेलवे बोर्ड सांस्कृतिक समूह को भी उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सांस्कृतिक विरासत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

दीपोत्सव : गौरीघाट आज सजेगा 51 हजार दीपों से

जबलपुर। संस्कारधानी में दीपावली की पूर्व संध्या पर शनिवार 7 नवंबर को शाम 5:30 बजे मां नर्मदा के पावन तट गौरीघाट पर भव्य 'दीपोत्सव-जबलपुर 2026' का आयोजन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में 51 हजार दीपों से नर्मदा तटों को सजाया जाएगा। आयोजन में पूज्य संतों का आशीर्वाद प्राप्त होगा तथा जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में मां नर्मदा की महाआरती, भव्य आतिशबाजी और सनातन संस्कृति पर आधारित आकर्षक लेजर शो प्रमुख आकर्षण होंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने शहरवासियों से परिवार और मित्रों सहित गौरीघाट पहुंचकर क्षेत्र, शहर, प्रदेश और राष्ट्र की समृद्धि के लिए एक दीप प्रज्वलित करने का आह्वान किया है।



महापौर ने राम बाई चाची से खरीदे 151 मिट्टी के दीपक

जबलपुर। दीपावली पर स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल का संदेश देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सड़क किनारे जमीन पर दुकान लगाकर दीपक बेच रहीं राम बाई चाची से 151 मिट्टी के दीपक खरीदे। इस दौरान राम बाई चाची ने प्रसन्न होकर महापौर को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। महापौर ने कहा कि हमारा संकल्प होना चाहिए कि सबकी दिवाली मने और देश में खुशहाली आए। उन्होंने नागरिकों से विदेशी वस्तुओं के स्थान पर मिट्टी के दीपक एवं स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दीपक पर्यावरण संरक्षण के साथ हमारी परंपरा और संस्कृति के प्रतीक हैं। स्थानीय कुम्हारों एवं छोटे व्यापारियों से खरीदारी करने से उनकी आजीविका को संबल मिलता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। महापौर ने कहा कि त्योहार की वास्तविक खुशियां तभी सार्थक हैं, जब समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में खुशहाली और उजाला पहुंचे।

संभागीय महिला कबड्डी में जबलपुर विजेता



डिंडौरी को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हितकारिणी महिला महाविद्यालय, जोंसगंज द्वारा संभाग स्तरीय अंतरजिला महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश राठौर तथा अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे रहे। विशिष्ट अतिथि राज सोनकर, महेश पशीने, अशोक तोमर एवं डॉ. रमेश शुक्ला उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में संभाग के पांच जिलों की टीमों ने भाग लिया। पहले मुकाबले में नरसिंहपुर ने मंडला को एक अंक से हराया। सेमीफाइनल में जबलपुर ने कटनी को 63 अंकों से तथा डिंडौरी ने नरसिंहपुर को 19 अंकों से पराजित किया। फाइनल में जबलपुर ने 81 और डिंडौरी ने 23 अंक अर्जित किए। इस प्रकार जबलपुर ने खिताब अपने नाम किया। आयोजन में डॉ. प्रिन्सी जॉर्ज, सुदर्शन ठाकुर, डॉ. पिंटू दास, गुलबहार खान, डॉ. आशीष पांडे, अनूप सिंह, अर्पित सक्सेना एवं आबिद खान उपस्थित रहे। निर्णायक शानू यादव, जया स्वामी और शिवानी पटेल रहे। संचालन खेल अधिकारी एवं आयोजन सचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने किया।

किसानों को मिलेगी फसल आधारित डिजिटल मौसम सलाह

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में किसान-केंद्रित डिजिटल जलवायु सलाह सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय चौथी हितधारक परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। इसका विषय सहयोगात्मक डिजिटल समाधान एवं पायलट क्रियान्वयन रोडमैप तैयार करना रहा। यह पहल भारतखंड कंसोर्टियम एवं सॉलिडेरिडाड द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जा रही है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.के. मिश्रा, वैज्ञानिकों, निदेशकों, परियोजना समन्वयकों एवं विकास क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. मोनी थॉमस ने किसानों की जरूरतों के अनुरूप सरल एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल समाधानों तथा प्रमाणिक डेटा पर जोर दिया। डॉ. नहातकर ने हाइपर-लोकल मौसम जानकारी और डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। प्रखरमणि त्रिपाठी ने सटीक कृषि सलाह के लिए संस्थानों के बीच डेटा साझा करने की आवश्यकता बताई। सत्र का संचालन डॉ. अनुपमा वर्मा एवं डॉ. विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। भारतखंड एवं सॉलिडेरिडाड की ओर से डॉ. सुरेश मोटवानी, जनरल मैनेजर डॉ. रीना मेहरा, नम्रता भंवरिया एवं अस्मा खान शामिल हुईं। कार्यशाला में वैज्ञानिक सत्यापन, पायलट परीक्षण, खेत स्तर पर प्रदर्शन और डिजिटल सेवाओं के व्यापक विस्तार पर जोर दिया गया।



सेंट मैरी स्कूल की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाए विज्ञान और कला के नवाचार

जबलपुर। सेंट मैरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्ही.एफ.जे. में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार का परिचय देते हुए विभिन्न कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर जोसुहा जॉन, विद्यालय के उपाध्यक्ष फादर अब्राहम पीजे एवं प्राचार्या मिनाती एस. चार्ल्स ने किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों से मॉडलों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उनकी प्रतिभा की सराहना की। प्रदर्शनी में बारिश में कपड़े सुखाने के लिए रेनोवा डिवाइस, अनाज सुरक्षा उपकरण, अग्नि सुरक्षा एवं बाढ़ बचाव मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने जल से हाइड्रोजन ईंधन निर्माण, टेस्ला कॉइल, जंतु कोशिका और मानव शरीर के विभिन्न तंत्रों के कार्यशील मॉडल भी प्रदर्शित किए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पुरानी प्लास्टिक बोतलों और मेडिकल ड्रिप से स्वचालित ड्रिप सिंचाई प्रणाली तैयार की गई। हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, वाणिज्य एवं कला विषयों पर भी विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अभिभावकों ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए इसे बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा और समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने वाला आयोजन बताया। अंत में प्राचार्या मिनाती एस. चार्ल्स ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



हड़ताली कर्मचारियों से मुलाकात की, 15 नवंबर तक होगा वेतन, सुचारू रूप से जल व्यवस्था जारी

विधायक मधु भगत ने जीएम को लगाई फटकार

कहा -"हम यहां आलू छीलने बैठे हैं क्या"

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के चार फिल्टर प्लांटों में पंपकर्मियों की हड़ताल के कारण करीब 140 गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई।

शुक्रवार को विधायक मधु भगत कर्मचारियों से मिलने ढूटी फिल्टर प्लांट पहुंचे। यहां उन्होंने जल निगम के जीएम से फोन पर बात करते हुए कहा, आलू छीलने बैठा हूं क्या यहां? इसके बाद उन्होंने 15 नवंबर तक कर्मचारियों का बकाया वेतन और सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं हल कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने प्लांट शुरू कर दिया और गांवों में पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई। जल निगम के तहत देवसर्रा, ढूटी, पिपरझरी और भटेरा में रेहान





वाटरटेक प्राइवेट लिमिटेड फिल्टर प्लांट का संचालन करती है। कंपनी के कर्मचारी दो महीने से वेतन नहीं मिलने और अन्य सुविधाएं न मिलने के विरोध में करीब एक सप्ताह से काम बंद कर हड़ताल कर रहे थे। इससे इन प्लांटों से जुड़े करीब 140 गांवों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई। पेयजल की समस्या सामने आने के बाद विधायक मधु भगत शुक्रवार को ढूटी प्लांट पहुंचे। उन्होंने आंदोलन कर रहे पंपकर्मियों से उनकी समस्याएं जानीं।विधायक ने कहा कि कर्मचारी पहले ही उन्हें अपनी समस्या बताते तो वे जल्द समाधान की कोशिश करते। इसके बाद उन्होंने जल निगम के जीएम से फोन पर बात की। विधायक ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि 15 नवंबर तक जल निगम, कंपनी और प्रशासन से चर्चा कर बकाया वेतन और सुविधाओं की समस्या हल कराने का प्रयास करेंगे। पंपकर्मी आदित्य बिसेन ने बताया कि कंपनी ने दो महीने से वेतन नहीं दिया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी हो रही है। विधायक के आश्वासन के बाद उन्होंने पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी है और 15 नवंबर तक आंदोलन स्थगित किया है।

विधायक मधु भगत ने कहा कि जल निगम से अनुबंधित रेहान कंपनी पंपकर्मियों के साथ अन्याय कर रही है। दीपावली के त्योहार पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की दीपावली प्रभावित हुई है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भी भुगतना पड़ रहा है।

मैहर में 13 से 15 नवंबर तक सजेगा 52 वाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत समारोह

मैहर। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा मैहर के स्टेडियम ग्राउंड में 13 से 15 नवंबर 2026 तक तीन दिवसीय 52वें 'उस्ताद अलाउद्दीन खाँ समारोह' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी, सांसद गणेश सिंह और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह समारोह प्रतिदिन शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसमें दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। समारोह के दौरान देश के कई प्रतिष्ठित कलाकार अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। पहले दिन 13 नवंबर को शिराज अली खान का सरोद वादन,पद्मश्री गीता चंद्रन का भरतनाट्यम और पंडित प्रसाद खापर्डे का शास्त्रीय गायन होगा। 14 नवंबर को पंडित प्रसन्नजीत पोतदार, पद्मश्री तरुण भट्टाचार्य और पद्मश्री रोनू मजूमदार का वृंद वादन मुख्य आकर्षण रहेगा। वहीं 15 नवंबर को अंतिम दिन अभिषेक बोरकर का सरोद वादन और खुशबू पांचाल की कथक प्रस्तुति होगी।

10 दिन की छुट्टी में घर आए जवान की हादसे में मौत

रीवा। देश की सेवा में तैनात एक जवान की जिंदगी छुट्टियों में घर लौटने के दौरान सड़क हादसे ने छीन ली। परिवार से मिलने महज 10 दिनों की छुट्टी लेकर आए भारतीय सेना के लांस हवलदार राकेश पटेल की गुरुवार रात सगरा के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। जिस घर में कुछ दिन पहले खुशियों ने दस्तक दी थी, वहां अब मातम पसरा है। जवान के असमय निधन की खबर से पूरा गांव शोक में डूब गया। शुक्रवार को जब उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर गृह ग्राम की ओर रवाना हुआ तो हर्दी मोड़ पर सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गईं। भारत माता की जय और राकेश पटेल अमर रहें के नारों के बीच जवान को अंतिम विदाई देने जनसैलाब उमड़ पड़ा। जानकारी के अनुसार मनगवां थाना क्षेत्र के धबैया स्थित ग्राम पंचायत रामपुर निवासी लांस हवलदार राकेश पटेल गुरुवार रात स्कूटी से रीवा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सगरा के समीप तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सेना के जवान को संभलने का



मौका तक नहीं मिला और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में लांस हवलदार राकेश पटेल के पार्थिव शरीर को रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सेना के सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव रामपुर के लिए रवाना किया गया। तिरंगे में लिपटे जवान के पार्थिव शरीर को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

इमलिया डेम घूमने गया युवक मिला गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

डायल 112 की तत्परता से पहुंचाया गया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

नगर से लगभग 16 किलोमीटर दूर विकासखंड के ग्राम इमलिया स्थित डेम में घूमने गए 22 वर्षीय युवक के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। घायल युवक को डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज यादव पिता हीरालाल यादव (22), निवासी ग्राम सालेपानी, घंसौर, अपनी बहन के ससुराल ग्राम इमलिया आया हुआ था। परिवार के अन्य सदस्य वापस अपने गांव लौट गए, जबकि सूरज कुछ दिनों तक इमलिया में घूमने की बात कहकर अपनी बहन के यहां रुक गया था। इसी दौरान 6 नवंबर शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने उसे डेम के एक हिस्से के नीचे गंभीर अवस्था में पड़ा देखा। युवक के मुंह, आंखों सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। घटना की सूचना तत्काल छपारा पुलिस एवं डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा पहुंचाया। युवक के डेम के नीचे गिरने की परिस्थितियां फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रतिष्ठानों पर गिरेगी GST और BIS की गाज!

जुन्नारदेव। कच्चे बिल के जरिए टैक्स चोरी और बिना हॉलमार्क वाले सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री को लेकर सामने आए खुलासे के बाद जुन्नारदेव के व्यापारिक क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। अब इस मामले में नए ग्राहकों के सामने आने से शिकायतों का दायरा बढ़ता नजर आ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्य बाजार और सर्राफा गली के किन प्रतिष्ठानों में कथित तौर पर कच्चे बिलों का खेल चल रहा है और क्या **GST** व **BIS** विभाग इस मामले में जांच कर कार्रवाई करेंगे। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कुछ प्रतिष्ठानों में पक्के **GST** बिल के स्थान पर साधारण कागजी पर्चियां दी गईं। वहीं दोहरी डायरियों, कच्चे रजिस्टर और बिना **HUID** वाले आभूषणों को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। खबर प्रकाशित होने के बाद पांच अन्य ग्राहकों ने भी संपर्क कर अपने साथ हुई खरीदारी और बिल संबंधी आपबीती बताई है। कुछ ग्राहक कच्ची पर्चियां और आभूषणों से जुड़े दस्तावेज सामने लाने की बात कह रहे हैं।अब निगाहें **GST** विभाग की एंटी इवेजन विंग और भारतीय मानक ब्यूरो (**BIS**) पर टिकी हैं। यदि शिकायतों की जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं तो नियमानुसार जुर्माना और अन्य कार्रवाई हो सकती है।

कच्चे बिल और बिना HUID के जेवरों को लेकर बाजार में हड़कंप

फ्लाईओवर पर कार से अंग्रेजी शराब का जखीरा जब्त वर्धा के दो अंतरर्राज्जीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले की सीमा से महाराष्ट्र में हो रही अवैध शराब की अंतरराज्यीय तस्करी के खिलाफ सौंसर पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने नागपुर छिंदवाड़ा हाइवे स्थित सौंसर ओवरब्रिज पर की गई घेराबंदी के दौरान एक कार से 26 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए महाराष्ट्र के वर्धा जिले के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि छिंदवाड़ा की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर महाराष्ट्र ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए टीआई रूपलाल उईके के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत ओवरब्रिज पर सख्त नाकाबंदी की। शाम करीब साढ़े चार बजे छिंदवाड़ा की ओर से आ रही कार (क्रमांक एमएच 15 एफएफ 0309) को रोककर उसकी तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की और सीटों के नीचे बने गुप्त ठिकानों से विभिन्न नामी ब्रांडों की कुल 26 पेटीया कुल 227 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया है, जिसकी कुल कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो युवकों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान प्रसील (पिता बंडू, उम्र 30 वर्ष,महाराष्ट और रोहित सिरसागर, उम्र 23 वर्ष, निवासी वर्धा) के रूप में हुई है।

टीआई रूपलाल उईके ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब किस ठेके या गोदाम से उठाई गई थी और महाराष्ट्र में इसकी सप्लाई किसे दी जानी थी।

प्रारंभिक जांच में इस पूरे नेटवर्क के तार छिंदवाड़ा शराब ठेकेदारों और अंतरराज्यीय तस्करी सिंडिकेट से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

2 दिन से लापता युवक का खेत में मिला शव, इलाके में फैली सनसनी, मामला संदिग्ध, जांच में जुटी पुलिस

लवकुशनगर। थाना लवकुशनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुधौरा में शुक्रवार को एक खेत में 32 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से समूचे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त गुधौरा निवासी खलक सिंह पिता देवी सिंह (32) के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से घर से लापता था। परिजनों के अनुसार युवक दो दिन पूर्व मछली पकडने की बात कहकर घर से निकला था और वापस नहीं लौटा, जिसकी गुमशुदगी की सूचना बीते रोज लवकुशनगर थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस से मिली



जानकारी के अनुसार युवक कुछ समय से बीमार चल रहा था। घटनास्थल पर पहुंची लवकुश नगर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा (मर्ग कायम) तैयार कर शव को पोस्टमार्टम करवाया गया है। लवकुश नगर पुलिस मामले की हर एंगल से बारीकी से जांच की जा रही है। युवक की मौत बीमारी के कारण हुई, या कोई और कारण है या फिर इसके पीछे कोई साजिश है इन तमाम सवालों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और ग्रामीणों व परिजनों से पूछताछ जारी है।

दो बहनों के इकलौता भाई का तलैया में मिला शव

सिर-गर्दन पर चोट के निशान देख पिता ने जताई हत्या की आशंका

छतरपुर। जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां देरी गांव के समीप खीर महेरी पुरवा स्थित एक तलैया में 21 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पानी में उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान देरी गांव निवासी जय सिंह यादव के रूप में हुई है। युवक दो बहनों का इकलौता भाई और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घर के इकलौते चिराग की असमय और संदिग्ध मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम व तनाव का माहौल बन गया। मृतक के पिता बृजेश यादव ने रुंधे गले से घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जय सिंह बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और स्वयं भी उसकी संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू कर दी। गुरुवार की शाम परिजनों को ग्रामीणों



से यह जानकारी मिली कि जय सिंह को गांव के ही दो अन्य युवकों—विकास सिंह चंदेल और मानवेंद्र सिंह चंदेल के साथ खेत में पार्टी करते देखा गया था। इसके बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई और उन्होंने उसी इलाके में सघन खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान गुरुवार रात करीब 10 बजे गांव के पास स्थित खीर महेरी पुरवा की तलैया में जय सिंह का शव पानी में तैरता नजर आया।

अचानक सामने आए वाहन से बिगड़ा संतुलन, सड़क पर पलटी टैक्सी

छतरपुर। रफ्तार और अचानक सामने आए अवरोध के चलते एक और दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर-मरतला मार्ग पर बसारी के पास फोरलेन के समीप गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार टैक्सी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस भीषण दुर्घटना में टैक्सी चला रहे 22 वर्षीय नौजवान चालक की गंभीर चोटें आने से असमय मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के संकट मोचन तिराहा निवासी शाहबाज खान (उम्र 22 वर्ष, आत्मज मुश्ताक खान) गुरुवार शाम करीब साढ़े पांच बजे अपनी टैक्सी लेकर मरतला की तरफ से वापस छतरपुर शहर की ओर लौट रहे थे। वे जैसे ही बसारी गांव पार कर फोरलेन मार्ग के नजदीक पहुंचे, तभी अचानक एक अन्य अज्ञात वाहन उनकी टैक्सी के ठीक सामने आ गया। सामने आए वाहन से सीधी टक्कर से बचने के प्रयास में शाहबाज ने गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया।

तेज रफ्तार बस में ऑटो को रौंदा, चालक की मौत, साथी गंभीर

रीवा। जिले में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की रात बिछिया थाना क्षेत्र के सिलपरा में एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। रचना ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक अमरजीत यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ऑटो के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर स्थिति नियंत्रित की। जानकारी के मुताबिक, सिलपरा निवासी अमरजीत यादव गुरुवार की रात अपने एक साथी के साथ ऑटो लेकर घर लौट रहे थे। दोनों घर के नजदीक पहुंच चुके थे, तभी रचना ट्रेवल्स की बस तेज रफ्तार से आई और उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी



भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गया। हादसे में अमरजीत यादव को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।हादसे में ऑटो में सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद उसे तत्काल रीवा के संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य के साथ आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

सास और पति ने बहू पर किया जानलेवा हमला

सड़क पर एक घंटे तक बेहोश पड़ी रही पीड़िता; नहीं पहुंची पुलिस और एंबुलेंस

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र से घरेलू हिंसा और प्रशासनिक संवेदनहीनता का एक झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां राजनंदनी पुरम के सामने स्थित आनंद पुरम कॉलोनी में एक अहिरवार परिवार में आपसी विवाद इस कदर बढ़ गया कि पति और उसकी मां ने मिलकर अपनी ही बहू पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल और लहूलुहान महिला करीब एक घंटे तक खुले आसमान के नीचे सड़क पर बेहोशी की हालत में तड़पती रही। इस दौरान पीड़िता का 5 वर्षीय मासूम बेटा अपनी मां की यह हालत देखकर बिलख-बिलख कर रोता रहा, जिससे पूरे मोहल्ले में गमगीन माहौल बन गया।

घरेलू विवाद में बहू के साथ बेरहमी से मारपीट

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय रहवासियों के अनुसार, आनंद पुरम निवासी अहिरवार परिवार में पारिवारिक विवाद के चलते अचानक झगड़ा शुरू हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पति और सास ने महिला पर हमला बोल दिया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान महिला गंभीर रूप से घायल होकर घर के बाहर सड़क पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। मां को सड़क पर अचेत पड़ा देख उसका 5 साल का मासूम बच्चा लिपटकर रोता रहा, जिसे देखकर राहगीरों और मोहल्ले वालों का दिल पसीज गया।

7 साल से फरार एटीएम फ्रॉड का अंतरराज्यीय जालसाज कानपुर से गिरफ्तार

छतरपुर। कोतवाली पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खातों से रकम साफ करने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय जालसाज को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले 7 वर्षों से अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कानपुर से धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपी वर्ष 2019 में एटीएम कार्ड की हेराफेरी कर 3 लाख 61 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में मुख्य आरोपी था।



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन और कोतवाली टीआई सतीश सिंह के मार्गदर्शन में अलीपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सटीक लोकेशन के आधार पर कानपुर में दबिश देकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

संभ्रांत नागरिकों को बनाता था निशाना

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी उपेंद्र सिंह भदौरिया मुख्य रूप से संभ्रांत और सीधे-साधे नागरिकों को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों के जाल में फंसाता था। एटीएम बूथ के अंदर मदद का झांसा देकर वह चालाकी से कार्ड बदल लेता था और इसके बाद उनके बैंक खातों से मोटी रकम उड़ा देता था।

19 आपराधिक मामलों का है इतिहास

पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि शातिर बदमाश उपेंद्र सिंह के खिलाफ अकेले एटीएम फ्रॉड के करीब 8 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा विभिन्न थानों में उसके विरुद्ध कुल 19 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह लगातार अपनी लोकेशन बदलकर चकमा दे रहा था। आखिरकार तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस उस तक पहुंचने में कामयाब रही। लंबी फरारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

अमलाई कोयला खदान में हाइवा बना आग का गोला

चालक ने छलांग लगाकर बचाई जान

शहडोल। जिले के कोयला खनन अंचलों में संचालित भारी मालवाहक और खनन वाहनों की तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर कटघरे में आ खड़ी हुई है। धनपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दक्षिण पूर्व मध्य कोलफील्ड्स लिमिटेड की अमलाई ओसीएम खुली खदान में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां खदान परिसर के भीतर कार्य में लगा एक भारी हाइवा वाहन अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग की विकराल लपटों से घिर गया। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपने आगोश में ले लिया और कुछ ही देर में वह जलकर पूरी तरह राख के ढेर में तब्दील हो गया। गनीमत यह रही कि वाहन चालक ने अदम्य सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते चलती गाड़ी से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, इस सनसनीखेज घटना ने खदानों के भीतर चौबीसों घंटे दौड़ने वाले भारी वाहनों की तकनीकी फिटनेस, रखरखाव और सुरक्षा मानकों की पोल खोलकर रख दी है।

देखते ही देखते धू-धू कर जला हाइवा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हृदय विदारक दुर्घटना अमलाई ओसीएम कोयला खदान के कार्यस्थल पर घटित हुई। खदान के भीतर परिचालन के दौरान अचानक हाइवा के अग्रिम हिस्से यानी इंजन क्षेत्र से धुआं और आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। आग इतनी तीव्र गति से फैली कि चालक को वाहन संभालने या उसे नियंत्रित करने का तनिक भी अवसर नहीं मिला। स्थिति की विकरालता को भांपते हुए चालक ने बिना एक पल गंवाए वाहन से कूदकर अपनी रक्षा की। घटना की खबर मिलते ही खदान प्रबंधन में हड़कंप मच गया और तत्काल प्रभाव से दमकल दल (फायर ब्रिगेड) को सूचित किया गया। दमकल की गाडिय़ों ने मौके पर पहुंचकर पानी की जोरदार बौछारें शुरू कीं और काफी मशक्कत के पश्चात आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। परंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी और करोड़ों रुपये की लागत का वह विशालकाय वाहन पूरी तरह स्वाहा होकर लोहे का कंकाल बन चुका था। प्रारंभिक पड़ताल में इस भयानक अग्निकांड का कारण वाहन की आंतरिक विद्युत प्रणाली में हुआ शार्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक और सटीक कारणों का स्पष्ट खुलासा विस्तृत जांच के उपरांत ही संभव हो सकेगा।

वैधता और फिटनेस पर संशय के बादल

बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त हुआ हाइवा आरकेटीसी नामक निजी अनुबंधित कंपनी का है, जो कोयला खदानों में खनन और परिवहन कार्य निष्पादित करने के लिए एसईसीएल के साथ अनुबंध में बंधी हुई है। इस भीषण हादसे के बाद अब स्थानीय लोगों और श्रमिकों के बीच कंपनी के बेड़े में शामिल अन्य भारी वाहनों की सुरक्षा और वैधानिक दस्तावेजों को लेकर तीखे सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का पूछना है कि क्या खदानों की विकट और पथरीली परिस्थितियों में दिन-रात चलने वाले इन भारी वाहनों का नियमित रूप से तकनीकी परीक्षण और फिटनेस जांच की जाती है? क्या कंपनी के पास सभी संचालित वाहनों के वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, दुर्घटना बीमा, पंजीयन और परिवहन परमिट उपलब्ध हैं? खदानों के भीतर चलने वाली इन गाड़ियों के इंजन, ब्रेक, ईंधन पाइपलाइन और विद्युत तारों (वायरिंग) की समय-समय पर गुणवत्ता जांच कराई जाती है।

वैश्वक बाजारों में रही भारी गिरावट

विदेशी निवेशकों की रही लगातार खरीदारी

कच्चे तेल की नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत

निफ्टी नौ महीने के शीर्ष पर पहुंचा

धनतेरस पर झूम उठा शेयर बाजार सेंसेक्स में 1,718 अंकों का उछाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में जारी रहा। विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मजबूत हुई निवेशक धारणा के बीच सेंसेक्स 1,718 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, दूसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर वित्तीय नतीजों और रुपये में मजबूती से भी बाजार की धारणा को समर्थन मिला। इसके साथ ही शेयर बाजार में दिवाली का त्योहारी उत्साह भी बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,718.01 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 81,028.02 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी 25 हजार के पार

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 493.75 अंक यानी 2.01 प्रतिशत की तगड़ी बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 25,030.35 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का नौ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है।

महिंद्रा के शेयर में रही सबसे अधिक तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 6.15 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने एक दिन पहले कहा था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 4,587.88 करोड़ रुपये रहा। वाहन कारोबार में मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी के लाभ को समर्थन मिला।

सात कारोबारी सत्रों में रही तेजी

पिछले लगातार सात कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 7,781.99 अंक यानी 10.62 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 2,331.5 अंक यानी 10.27 प्रतिशत की तेजी आई है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत उछलकर 79,310.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 576 अंक यानी 2.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,536.60 अंक पर बंद हुआ था।



सेंसेक्स के शेयरों में मात्र पावर ग्रिड में रही गिरावट

इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी बढ़त रही। चौतरफा तेजी के बीच सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से केवल पावर ग्रिड का शेयर ही गिरावट में रहा।

स्मालकैप में रही गिरावट : व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.23 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई। इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स ने 6,568.49 अंक यानी 8.82 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी ने कुल 1,977.25 अंक यानी 8.57 प्रतिशत की छलांग लगाई।

एयरटेल दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से जियो प्लेटफॉर्म्स को पीछे छोड़ते हुए दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान फिर से हासिल कर लिया। बीएसई पर भारती एयरटेल के शेयर 1.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,096.25 रुपये पर बंद हुए। कारोबार के दौरान शेयर में 2.81 प्रतिशत की तेजी आई और यह 2,120 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 0.90 प्रतिशत गिरकर 1,405.75 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान शेयर में दो प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 1,390 रुपये पर आ गया। कारोबार के अंत में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि जियो प्लेटफॉर्म्स का बाजार मूल्यांकन 12.94 लाख करोड़ रुपये था।

500 से अधिक परिवारों के शामिल होने की उम्मीद

होंडा के निदेशक ने बीजीएस होंडा के धनतेरस महोत्सव में ग्राहक को सौंपी नई गाड़ी की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



धनतेरस के अवसर पर बीजीएस होंडा की ओर से हिंदी भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा में धनतेरस मेगा डिलीवरी महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें होंडा के निदेशक मुत्सुओ उसुई विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने आयोजन स्थल का दौरा कर ग्राहकों के स्वागत से लेकर वाहन की तैयारी, दस्तावेजीकरण और डिलीवरी तक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उसुई ने स्वयं एक ग्राहक को नई होंडा दोपहिया वाहन की चाबी सौंपकर डिलीवरी दी। उनके हाथों वाहन की चाबी पाकर ग्राहक के लिए यह पल यादगार बन गया। उन्होंने बीजीएस होंडा की टीम के प्रयासों की भी जानकारी ली। महोत्सव में ग्राहकों के लिए विशेष 'सोना-चांदी ऑफर' पेश किया गया। इसके तहत होंडा का दोपहिया वाहन खरीदने पर 99.99 प्रतिशत शुद्धता वाला 20 ग्राम चांदी का सिक्का दिया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में 500 से अधिक परिवारों के शामिल होने की उम्मीद है। ग्राहकों और उनके परिवारों के मनोरंजन के लिए ढोल-नगाड़े, खानपान, पारिवारिक गतिविधियां और मूवी जोन जैसी व्यवस्थाएं भी की गईं। बीजीएस होंडा का यह आयोजन ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने और उनके साथ कंपनी के भरोसेमंद रिश्तों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया।

मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी, विद्यार्थियों ने ली शपथ

भोपाल। मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं एमजीयू हॉस्पिटल, सीहोर में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने मेडिकल शपथ ग्रहण कर चिकित्सा पेशे के प्रति सेवा, समर्पण और नैतिक जिम्मेदारियों का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीहोर विधायक सुदेश राय, विशेष अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति इंजीनियर गौरव तिवारी, कुलगुरु डॉ. एएस यादव और मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद अठावले ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि व्हाइट कोट सेरेमनी विद्यार्थियों के चिकित्सा जीवन की महत्वपूर्ण शुरुआत है।

धनतेरस पर एनएसई ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स को दिया बढ़ावा

मुंबई। इस धनतेरस पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (**NSE**) निवेशकों को इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (**EGRs**) के माध्यम से सोने में निवेश के एक नए विकल्प को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यह एक एक्सचेंज-ट्रेडेड वित्तीय साधन है, जिसके जरिए निवेशक खुद सोने को सुरक्षित रखने की आवश्यकता के बिना भौतिक सोने का स्वामित्व इलेक्ट्रॉनिक रूप में रख सकते हैं। मई 2026 में शुरू किया गया **NSE** का **EGR** प्लेटफॉर्म भारत के पारंपरिक स्वर्ण बाजार को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक **EGR**, **SEBI**-पंजीकृत वॉल्ट में सुरक्षित रखे गए भौतिक सोने के स्वामित्व का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे शेयरों की तरह डीमैट खाते में रखा जा सकता है। निवेशक पंजीकृत ब्रोकरों के माध्यम से **EGR** की खरीद-बिक्री कर सकते हैं और निर्धारित निकासी प्रक्रिया के तहत अपनी होल्डिंग को भौतिक सोने में भी बदल सकते हैं।यह उत्पाद 10 मिलीग्राम से लेकर 1 किलोग्राम तक की विभिन्न मात्राओं में उपलब्ध है। इसमें 995 और 999 शुद्धता वाले सोने के विकल्प शामिल हैं। इसका निपटान **T**+1 चक्र के तहत होता है। इस प्रकार निवेशकों को एक्सचेंज द्वारा विनियमित प्लेटफॉर्म के माध्यम से सोना खरीदने और बेचने का अवसर मिलता है।

NSE का मानना है कि यह प्लेटफॉर्म देश में पहले से मौजूद सोने के विशाल भंडार का बेहतर उपयोग करने में भी मददगार साबित हो सकता है। भारत आज भी सोने के आयात पर काफी हद तक निर्भर है, जबकि देश के परिवारों के पास बड़ी मात्रा में सोना निष्क्रिय रूप से रखा हुआ है। घरेलू स्तर पर उपलब्ध पात्र सोने को संगठित बाजार में लाने से इसके बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिल सकता है और संभावित रूप से आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। एक्सचेंज इस रूपांतरण प्रक्रिया को आम परिवारों के लिए अधिक सुलभ बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत व्यक्ति अधिकृत संग्रह केंद्रों या घर से सोना लेने की सुविधा के माध्यम से अपना पात्र सोना जमा कर सकेंगे। इसके बाद सोने की जांच, वजन और शुद्धता का आकलन किया जाएगा तथा उसके अनुरूप **EGR** यूनिट निवेशकों के डीमैट खातों में जमा कर दी जाएंगी। आभूषणों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध सोने में परिष्कृत करना आवश्यक होगा।**EGR** इकोसिस्टम में रिफाइनर, वॉल्ट मैनेजर, डिपॉजिटरी, क्लियरिंग कॉरपोरेशन और मार्केट मेकर जैसी संस्थाएं शामिल हैं। **NSE** ने खुदरा निवेशकों, ज्वैलर्स, बुलियन कारोबारियों और संस्थागत निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग मात्रा में उत्पाद भी पेश किए हैं।एक्सचेंज की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान इस प्लेटफॉर्म पर अब तक 2,781 सौदे हुए हैं, जिनमें कुल 6,197 यूनिट का कारोबार हुआ है। इन सौदों का कुल कारोबार मूल्य लगभग 97.5 करोड़ रुपये रहा है।

दक्षिण कोरिया का कोस्पी आठ प्रतिशत से अधिक धड़ाम

अमेरिका का डॉऊ 1800 अंक टूटा, कोरिया, जापान के मार्केट क्रैश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका, जापान और कोरिया के शेयर बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर पर सख्ती की आशंका से निवेशकों में भगदड़ फैल गई। वॉल स्ट्रीट का बेंचमार्क इंडेक्स डॉऊ जोन्स 1,842 अंक यानी 3.45 प्रतिशत टूटकर 51,513 पर बंद हुआ।

- जापान का निक्केई इंडेक्स भी 6 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का

वहीं नैस्डैक कंपोजिट में 5.46 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 24,315 पर आ गया। एसएंडपी 500 भी 4.32 प्रतिशत गिरकर 7,353 पर बंद हुआ। दूसरी ओर शुक्रवार को जापान का निक्केई इंडेक्स भी 6 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया। एशियन मार्केट में आज ब्लैक फ्राइडे रहा।

सैमसंग और एसके हाइनिक्स के शेयर धड़ाम

बिकवाली का सबसे ज्यादा असर दक्षिण कोरिया की दिग्गज टेक कंपनियों पर पड़ा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर करीब 10 प्रतिशत और एसके हाइनिक्स के शेयर करीब 12 प्रतिशत तक टूट गए। इन दोनों कंपनियों का कोस्पी में बड़ा वेटेज है। इससे पहले गुरुवार को कोस्पी 300 अंक यानी 5.28 फीसदी गिरकर 5,383 अंक पर बंद हुआ था। विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को करीब 3.39 लाख करोड़ कोरियाई वॉन के शेयर बेचे थे।



1 दिन में करीब 3 ट्रिलियन डॉलर साफ : इस भारी बिकवाली के चलते अमेरिकी शेयर बाजार से करीब 3 ट्रिलियन डॉलर की मार्केट वैल्यू साफ हो गई। नैस्डैक में 19 महीने की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट दर्ज की गई। यह इंडेक्स 6 अक्टूबर के अपने रिकॉर्ड स्तर से 10 प्रतिशत से ज्यादा नीचे आ गया है, जिसे बाजार की भाषा में करेक्शन कहा जाता है।

एआई कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली बनी वजह

बाजार में गिरावट की बड़ी वजह एआई कंपनियों और डेटा सेंटर से जुड़ी कंपनियों को लेकर बढ़ती चिंता है। अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद निवेशकों को आशंका है कि डेटा सेंटर निर्माण पर सख्त नियम लागू हो सकते हैं। इससे एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

एनवीडिया समेत चिप कंपनियों को बड़ा झटका

बिकवाली का सबसे ज्यादा असर सेमीकंडक्टर और एआई से जुड़ी कंपनियों पर पड़ा। एनवीडिया, क्वालकॉम और अन्य बड़ी चिप कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। डेटा सेंटर कंपनियों आईआरईएन, अप्लॉयड डिजिटल, कोर वेव और नेबियस के शेयर भी दबाव में रहे।

निवेशकों की नजर फेड के फैसले पर

अब निवेशकों की नजर अमेरिका के अक्टूबर महीने के रोजगार आंकड़ों पर है। इन आंकड़ों से अमेरिकी अर्थव्यवस्था और फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर आगे की रणनीति के संकेत मिल सकते हैं। बाजार को दिसंबर में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की भी आशंका है।

माया के स्वस्थ होने और जीवन रक्षा के लिए प्रार्थना करें

तिरुंतपुरम। केरल के अभयारण्य में रहने वाली 18 महीने की हथिनी माया जुलाई में गिरने के बाद से अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पा रही है। आज उसे बेहतर और गहन चिकित्सा उपचार के लिए कोच्चि से एयरलिफ्ट करके वंतारा ले जाया जा रहा है। वह अभी बहुत छोटी है, लेकिन बेहद साहसी है और उसे हम सभी की दुआओं की जरूरत है। कृपया माया के शीघ्र स्वस्थ होने और जीवन रक्षा के लिए प्रार्थना करें।माया एक मादा हाथी का बच्चा है, जिसकी उम्र लगभग 15 महीने है। जन्म के दिन ही उसके झुंड द्वारा छोड़ दिए जाने के बाद उसे कप्रीक्कड़ स्थित अभयारण्य शिविर में लाया गया था। तब से शिविर के देखभालकर्ताओं और वन विभाग के अधिकारियों ने उसका पालन-पोषण किया है।जुलाई 2026 में माया दुर्घटनावश गिर गई, जिसके बाद वह अपने पैरों पर वजन सहन करने में असमर्थ हो गई। लगभग दो महीने तक वह लगातार लेटी रही और अपने आप उठ नहीं सकी। वन विभाग ने उसके इलाज और देखभाल के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड गठित किया। मेडिकल बोर्ड की सलाह पर अभयारण्य स्थित पशु चिकित्सालय में सहायक वन पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसका उपचार किया गया। हालांकि, इन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई।माया को ऐसी विशेष और गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी, जो खड़े होने में असमर्थ एक छोटे हाथी के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए वन विभाग ने इस मामले में विशेषज्ञों की मदद लेने का निर्णय लिया।

सहायक वन संरक्षक, अभयारण्य के अनुरोध पर 24 अक्टूबर 2026 को माया की चिकित्सकीय जांच की गई।वन विभाग ने वंतारा से संपर्क किया, जहां हाथियों की देखभाल और उनके पुनर्वास के क्षेत्र में विशेष विशेषज्ञता उपलब्ध है। भारत में इस तरह की विशेषज्ञता बहुत कम स्थानों पर उपलब्ध है।जो युवा हाथी खड़ा नहीं हो सकता, उसके लिए कई गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो जाते हैं। लंबे समय तक लेटे रहने से शरीर के विभिन्न हिस्सों पर लगातार दबाव पड़ता है, जिससे सांस लेने और पाचन क्रिया में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा, शरीर पर दबाव के कारण घाव बनने और मांसपेशियों के कमजोर होने का खतरा भी रहता है। इस उम्र के हाथी के बच्चे को उचित आहार और चौबीसों घंटे विशेष देखभाल की भी आवश्यकता होती है।विशेषज्ञ मेडिकल बोर्ड के मार्गदर्शन में वन विभाग के अधिकारियों ने प्रतिदिन माया की देखभाल की है। लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और अब उसे लंबे समय तक गहन चिकित्सा देखभाल के लिए विशेष सुविधाओं की आवश्यकता है।वंतारा की टीम बेहद कम समय के नोटिस पर अभयारण्य पहुंची। वहां उनके पशु चिकित्सकों ने वन विभाग के अधिकारियों और डॉक्टरों के साथ मिलकर माया की चिकित्सकीय जांच की। इस संयुक्त जांच और मूल्यांकन के बाद दोनों टीमों ने सहमति जताई कि माया के उपचार और स्वस्थ होने की बेहतर संभावना के लिए उसे वंतारा की विशेष सुविधाओं वाले केंद्र में स्थानांतरित करना सबसे उचित कदम होगा।अब माया को कोच्चि एयरपोर्ट से एयरलिफ्ट करके जामनगर स्थित वंतारा ले जाया जा रहा है, जहां उसे गहन चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। मेडिकल बोर्ड के सदस्य और वन विभाग के अधिकारी भी उसके साथ यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के दौरान उसकी देखभाल और चिकित्सा व्यवस्था की योजना दोनों टीमों ने मिलकर तैयार की है।



महिंद्रा चार एसयूवी समेत पांच नए वाहन करेगी पेश



- कंपनी वर्ष 2027 के पहले छमाही में पांच बड़े उत्पाद लाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा अगले साल जून तक चार स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) और एक हल्का वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता भी बढ़ा रही है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन और कृषि कारोबार के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश जेजुरिकर ने कहा, 'हम 2027 की पहली छमाही में पांच बड़े उत्पाद पेश करेंगे। इनमें एनयू-आईक्यू प्लेटफॉर्म पर आधारित एक नया उत्पाद, एक बिल्कुल नया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) 'लाइफस्टाइलर', मौजूदा मॉडल का नया संस्करण और एक नया हल्का वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) शामिल है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में महिंद्रा ने 1,83,000 लाख एसयूवी की बिक्री की। वहीं, कंपनी की इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री 23,345 इकाई रही, जो उसके यात्री वाहन कारोबार की कुल बिक्री का 12.7 प्रतिशत है।



राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6401



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6400 का हल

	स	ह	का	रि	ता		अ	चा	न	क
हा	र		य		ना	वि	क		त	र
थ		त	र	जु	मा		ल	ता		दा
मा	कू	ल			र	थ		क	वि	ता
र		घ		फ	ना		खा		र	
ना	म	र	ख	ना		रा	ज	म	ह	ल
	थ		त		मो	ह		ह		प
क	ना	त		रा	ह			क	पा	ल
र		ना	प		त	म	क	ना		पा
ता	ना		ली	ड	र		थ		का	ना
र	च	यि	ता		मा	ख	न	चो	र	

सूडोकु नवताल - 6411

कठिन

					1	4		
						5	8	
			7	2				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6						
		9	3					

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6410 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

MANGAL SENCHA, BANGALORE



उदित समेत 13 सिंगर्स ने मिलकर गाए 'सूर्या' के गीत

नई दिल्ली। रामायण पार्ट 1 की रिलीज के बाद सनी देओल एक और फिल्म सूर्या में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 दिनों बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका फुल एल्बम जारी हो गया। आगामी फिल्म सूर्या के गानों में कुमार सानू से लेकर उदित नारायण अपनी आवाज देने वाले हैं। फिल्म में कुल सात गाने हैं, जिन्हें सिनेमा के दिग्गज गायक-गायिकाओं ने गाया है। सूर्या के साथ सबका अनुभव करो। फिल्म में कुल सात गाने हैं। सुनियो जरा - कुमार सानू, उदित नारायण, अनुपम अमोद। ढोला जी - श्रेया घोषाल, जावेद अली, स्वरूप खान।

लाइफ Style

सुहाना

दिवाली पार्टी में बिखेरा फैशन का जलवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड में सितारे दिवाली बड़े ही ग्लैमरस अंदाज में मनाते हैं। हाल ही में मनीष मल्होत्रा ने बॉलीवुड सितारों के लिए एक स्पेशल दिवाली पार्ट होस्ट की। इस पार्टी में जाने-माने सितारे शामिल हुए और फैशन का जलवा बिखेरा।

कृति सेनन, सुहाना खान, जाह्नवी कपूर और करीना कपूर ने तो अपने लुक से हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। सोशल मीडिया पर इस पार्टी में शामिल हुए सितारों के लुक्स खूब वायरल हो रहे हैं। कृति सेनन भी मनीष मल्होत्रा की पार्टी में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने इस दौरान पेस्टल ब्लू कलर का कुर्ता और मैचिंग पैंट पहनी। एक्ट्रेस का ये अंदाज भी काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस लग रहा है। सोशल मीडिया पर कृति सेनन के लुक की खूब तारीफ भी हो रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस की फोटोज भी खूब वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने इस पार्टी में ब्लैक और गोल्डन कलर की स्ट्राइप्स वाला लहंगा कैरी किया। इस लुक में जाह्नवी काफी खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, पैपराजी के सामने जाह्नवी ने अकेले ही पोज दिए। सोशल मीडिया पर जाह्नवी का ये ग्लैमरस अंदाज काफी चर्चाओं में बना हुआ है। हर कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने इस पार्टी की सारी लाइमलाइट छीन ली। ब्रोकेड लहंगा में बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। सुहाना के इस लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहीं, सोशल मीडिया पर सुहाना के लुक की तारीफ हो रही है।



हॉलीवुड मसाला



किंग काइली बनीं प्रियंका

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा त्योहारी सीजन का भरपूर आनंद ले रही हैं। दिवाली की पार्टी का आयोजन करने के बाद अब वह अपने परिवार के साथ हैलोवीन मनाने में जुट गई हैं। हैलोवीन मनाने के लिए अभिनेत्री अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ बाहर निकलीं। इस मौके पर, प्रियंका ने काइली जेनर के मशहूर 'किंग काइली' लुक को अपनाया। उन्होंने लंबे गुलाबी बाल (विग), काली बीनी (टोपी), बड़े सनग्लासेस, काला क्रॉप टॉप और उसके साथ मैचिंग जैकेट व ट्राउजर पहना।




नील यंग ने किया ट्रंप पर 10 मिलियन डॉलर का मुकदमा

लॉस एंजिल्स। संगीतकार नील यंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक एक्शन कमिटी 'ट्रंप 47 कमिटी इंक' के खिलाफ 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कमिटी ने मिडटर्म चुनाव रैलियों में राष्ट्रपति के मंच पर आने के दौरान, बिना इजाजत के उनके गाने 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' का इस्तेमाल किया। 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' के अनधिकृत इस्तेमाल को लेकर ट्रंप के खिलाफ यह यंग की दूसरी कानूनी कार्रवाई है। यंग ने पहली बार 2020 में ट्रंप पर मुकदमा किया था, जिसे बाद में आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था। गायक के इस नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने उस समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए, फिर से इस गाने का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।



आज के सितारों में कॉन्फिडेंस की कमी

नई दिल्ली। फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान अपनी बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं। वो अपनी सोच को खुलकर लोगों के सामने रखती हैं। हाल ही में फराह ने आज के नए एक्टर्स के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल के कलाकार फिल्मों में कोरियोग्राफी से लेकर म्यूजिक और कास्टिंग तक हर चीज में दखल देते हैं। उनके मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज के एक्टर्स को खुद पर भरोसा नहीं है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें अपने डायरेक्टर पर भी विश्वास नहीं होता। वे गानों की कोरियोग्राफी खुद करना चाहते हैं और म्यूजिक से लेकर कास्टिंग तक हर मामले में दखल देते हैं। फराह के मुताबिक, यह सब तब होता है जब किसी इंसान को खुद पर भरोसा नहीं होता।



'ईठा' की मुश्किलें बढ़ाएंगे सलमान

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नवंबर के बाद दिसंबर के महीने में कई बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इन बड़ी फिल्मों में शाह रुख खान की किंग से लेकर एंवेजर्सः डूम्सडे समेत श्रद्धा कपूर की ईठा का नाम भी शामिल है और अब लीजिए दिसंबर के महीने में ही बॉक्स ऑफिस पर आंधी तूफान मचाने आ रहे हैं सलमान खान, क्योंकि दबंग खान की मचअवेटेड फिल्म मातृभूमि की रिलीज का ऐलान हो चुका है। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब इसमें ट्विस्ट ये है कि 4 दिसंबर को ही श्रद्धा कपूर की मचअवेटेड फिल्म 'ईठा' भी रिलीज होने जा रही है। मतलब ये है कि भाईजान अब श्रद्धा की फिल्म की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। अभीतक 4 दिसंबर को श्रद्धा की फिल्म आ रही थी और वो भी किंग से पहले, लेकिन अब श्रद्धा की फिल्म से सलमान की फिल्म टकराने वाली है।

टीवी मसाला



प्रियंका को हराकर राइज एंड फॉल 2 के विनर बने शहजाद

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल 2 का ग्रैंड फिनाले हो गया है। शो के विजेता शहजाद पूनावाला बने हैं जिन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ लाखों की प्राइज मनी भी अपने नाम की है। इस बार विजेता बनने की रेस में कुल 6 फाइनलिस्ट थे, जिसमें शहजाद, प्रियंका चाहर चौधरी, गौतम गुलाटी, करण पटेल, स्वरा भास्कर और निहारिका तिवारी शामिल थे। टॉप 2 फाइनलिस्ट में पॉलिटिशियन शहजाद पूनावाला और प्रियंका चाहर चौधरी थे। हालांकि, शो की ट्रॉफी मास्टरमाइंड कहे जाने वाले शहजाद पूनावाला ने अपने नाम की है। शो के होस्ट वीरेन्द्र सहवाग ने विनर की अनाउंसमेंट की। उन्होंने शानदार ट्रॉफी के साथ-साथ 35 लाख रुपए की इनामी राशि भी जीती है। फर्स्ट रनर-अप प्रियंका बनीं। वहीं, शो के दूसरे रनर-अप गौतम गुलाटी रहे। शो जीतने के बाद शहजाद पूनावाला ने अपनी खुशी शेयर की है। उन्होंने कहा, राइज एंड फॉल सीजन 2 जीतना एक ऐसा अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह सफर आसान नहीं था, टावर की ऊंचाइयों से लेकर बेसमेंट की अनिश्चितताओं तक मुझे लगातार खुद को ढालना पड़ा और आगे बढ़ते रहना पड़ा, भले ही चीजें मेरे हक में न हों। शहजाद ने आगे कहा, 'कई बार मन में शक भी पैदा हुआ, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे हमेशा यकीन था कि मैं जीत सकता हूं। आज ट्रॉफी के साथ यहां खड़ा होना, उसी यकीन के सच होने जैसा है। यह जीत इस बात का सबूत है कि दृढ़ संकल्प और हिम्मत से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।


अनिल और फराह ने मांगी गीता से माफी

नई दिल्ली। अनिल कपूर और फराह खान ने स्टंट प्रोफेशनल गीता टंडन से माफी मांगी है। गीता ने 'इंडिया के टॉप 1%' के सेट पर अपने साथ हुए कथित बुरे बर्ताव के बारे में बात की थी। गीता का दावा था कि उन्हें और उनके बेटे को बिना किसी सही जानकारी के लगभग नौ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इंस्टाग्राम पर उनके इस पोस्ट के बाद दोनों सेलिब्रिटीज ने जवाब दिया। अनिल कपूर ने खेद जताया, जबकि फराह खान ने स्पष्ट किया कि उन्हें पता ही नहीं था कि गीता टंडन सेट पर इंतजार कर रही थीं। इस रियलिटी शो को होस्ट करने वाले अनिल कपूर ने खुद गीता टंडन की पोस्ट पर जवाब दिया और उनकी निराशा को समझा। उन्होंने लिखा, 'गीता जी, यह सुनकर मुझे सच में बहुत दुख हुआ। शो के होस्ट के तौर पर, मैं हमेशा यही चाहता हूं कि शो से जुड़े हर व्यक्ति को अच्छा महसूस हो और उनका सम्मान किया जाए।



एक-दूसरे की आंखों में डूबे ऐश्वर्या-अभिषेक हाथ थामे दिवाली पार्टी में ली एंट्री


नई दिल्ली। एश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर एक लंबे समय से सोशल मीडिया पर कई सवाल उठ रहे थे। कभी उनके रिश्ते में अनबन की खबरे आईं, तो वहीं कईयों ने तो उनके तलाक तक की अफवाह उड़ा दी। इन सभी रूमर्स पर अब ऐश्वर्या और अभिषेक ने ट्रोलर्स को ऐसा जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाएगी। बीती रात मुंबई में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने बांद्रा स्थित घर पर दीवाली पार्टी रखी। जिसे अटेंड करने के लिए कई बड़े सितारे पहुंचें। हालांकि, इन सभी सितारों में जिस कपल ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा , वो थे ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक, जो हाथों में हाथ डाले एक साथ पहुंचे थे। मनीष मल्होत्रा की दीवाली पार्टी से ऐश्वर्या और अभिषेक की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में अभिषेक बच्चन रेड कारपेट पर ऐश्वर्या का हाथ थामे दिखाई दिए। जब फोटोग्राफर्स ने कपल को पोज करने के लिए कहा, तो कभी अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या के कंधे पर हाथ रखे दिखे, तो कभी एकटक अपनी ब्यूटीफुल वाइफ की खूबसूरत आंखों में देखते रहे। सालों की शादी के बाद अभिषेक बच्चन का वहीं प्यार भरा अंदाज देखने



के बाद ऐश्वर्या राय की स्माइल थमने का नाम नहीं ले रही थीं। जब अभिषेक ने प्यार से उनके कंधे पर हाथ रखा, तो बड़े ही प्यार से ऐश्वर्या राय ने भी उनके शोल्डर पर अपना सिर टिका दिया। जब पैपराजी ने ऐश्वर्या से मनीष मल्होत्रा के घर में एंट्री करते हुए सोलो फोटो मांगी, तो अभिनेत्री ने इशारों में ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। ऐश्वर्या राय ने इस खास मौके पर लाल सुर्ख साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। उनके लुक की तारीफ करते हुए दूसरे यूजर ने लिखा, "मैं ऐश्वर्या पर से आंखें नहीं हटा पा रहा हूं। दोनों बहुत ही खूबसूरत लग रहे हैं।"

रामायण में इन 6 किरदारों ने चौंकाया अपनी अपीयरेंस और एक्टिंग से किया इंप्रेस

मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है। बता रहे हैं उन 6 कलाकारों के बारे में जिन्होंने रामायण फिल्म में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से चौंका दिया। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है।



कैकसी : रावण की मां कैकसी के रोल में साउथ एक्ट्रेस और पद्म भूषण से सम्मानित शोभना ने चौंका दिया। उन्होंने फिल्म में दमदार रोल प्ले किया और फिल्म की शुरुआत से ही छाई रहीं। रावण की अपब्रिंगिंग में उनका किरदार कितना अहम था ये इस फिल्म में देखने को मिलता है।

जटायु : रामायण फिल्म में जटायु का किरदार अनुपम खेर ने प्ले किया है। इस रोल में वे शानदार परफॉर्म करते नजर आए हैं। जटायू ने ही राम को रावण का पता बताया था। वहीं, सीता मइया को रावण के चंगुल से बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाई थी।

विश्वामित्र : वैदिक काल के महान ऋषि और राम के गुरु विश्वामित्र का किरदार फिल्म में अजंक्य देओ ने प्ले किया है। इस किरदार में वे काफी असरदार साबित हुए हैं। राम को उनके कन्फर्ट जोन से बाहर निकाल एक योद्धा बनाने की पहली शुरुआत विश्वामित्र ने ही की थी। फिल्म में अजंक्य ने ये किरदार बहुत बेखूबी निभाया है।

विद्युतजीव्हा : शूर्पणखा के पति विद्युतजीव्हा का किरदार रामायण फिल्म में विवेक ओबेरॉय ने प्ले किया है। इस रोल में वे काफी प्रभावशाली रहे हैं। रावण को एक महान शासक बनाने में विद्युतजीव्हा का क्या योगदान था ये इस फिल्म में देखने को मिला है। रावण संग उनकी लड़ाई का प्रसंग भी इसमें दिखाया गया है, जिसमें रावण उनकी जान ले लेता है।

शूर्पणखा : शूर्पणखा का किरदार रामायण फिल्म में काफी मायने रखता है। उनके किरदार के बिना तो रामायण की कल्पना करना मुश्किल है। क्योंकि, राम और रावण के बीच लड़ाई और सीता हरण का मुख्य कारण शूर्पणखा ही थीं जो अपने भाई के हाथों अपने पहले पति विद्युतजीव्हा के वध के बाद राम को दिल दे बैठी थीं। रकुल प्रीत सिंह ने इस किरदार के साथ पूरा न्याय किया है।

मारीच : रावण की सेना में मारीच नाम का एक दानव था जो अपने मायावी छल के लिए जाना जाता था। वो रिश्ते में रावण का मामा और उसकी मां कैकसी का भाई था। मारीच का रोल इस फिल्म में सौरभ सचदेव ने निभाया है। वे अपने रोल में परफेक्ट नजर आए हैं।

इन फिल्मों के गाने त्योहार की खुशियों में लगा देंगे चार चांद

बॉलीवुड की इन सात फिल्मों में दिखी दिवाली की धूम

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में हमेशा ही त्योहारों का विशेष महत्व दिया जाता है। फिर चाहे वो ईद, दशहरा, दिवाली या फिर होली सभी त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। ऐसे में जब बात रौशनी की त्योहार दिवाली की हो तो फिल्मों में इसकी रौनक देखते ही बनती है। आज हम आपको ऐसी ही 7 फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें दिवाली के सीन दिखाए गए हैं। इन फिल्मों के दिवाली सॉन्ग्स भी आपको झूमने पर मजबूर कर देंगे।

कभी खुशी कभी गम

जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, करीना कपूर, ऋतिक रोशन, काजोल और शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में भी दिवाली की धूम दिखाई गई है। फिल्म में जया बच्चन दिवाली की पूजा करके हाथों में थाली लिए अपने बेटे शाहरुख का वेलकम करने के लिए तैयार दिखती हैं।

तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

हम आपके हैं कौन

ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हम आपके हैं कौन' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस मूवी में माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी ने धमाल मचा दिया था। इसमें भी दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया था। दिवाली सेलिब्रेशन को दिखाते हुए 'धिक ताना' गाना फिल्माया गया।



आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।

मोहब्बतें

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और अमिताभ बच्चन समेत मल्टीस्टारर फिल्म 'मोहब्बतें' में भी दिवाली को बहुत ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। फिल्म में दिवाली सेलिब्रेशन का गाना 'जिंदा रहती हैं उनकी मोहब्बतें' आज भी हर किसी की फेवरेट सॉन्ग लिस्ट में शामिल है।

चाची 420

कमल हासन की फिल्म 'चाची 420' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस फिल्म में एक खास सीन है, जिसमें चाची भारती यानी कमल की ट्यूटर के तौर पर नौकरी के लिए दुर्गा प्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं। इस दौरान वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं।

होम डिलीवरी

विवेक ओबेरॉय की फिल्म 'होम डिलीवरी' का एक सॉन्ग है, जो अक्सर दिवाली के मौके पर ट्रेंड में रहता है। ये गाना है 'हैप्पी दिवाली। इसके घर हो या ऑफिस हर जगह दिवाली पर सुनने को मिलता है।



रणजी ट्रॉफी : त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर किया बड़ा उलटफेर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी का रोमांच जारी है। इसके चौथे राउंड में आखिरकार पृथ्वी शॉ रंग में नजर आए,जिसके चलते महाराष्ट्र की टीम ने बंगाल के विजयी अभियान को रोक दिया। वहीं, इस सीजन 400 रन की पारी से रिकॉर्ड बनाने वाले मिजोरम के चिन्मय सुतार ने एक बार फिर 175 रन की पारी खेलकर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।

अब पूरी दुनिया में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। चिन्मय के अलावा रणजी ट्रॉफी की कमजोर मानी जाने वाली त्रिपुरा की टीम ने भी बड़ा उलटफेर कर डाला। त्रिपुरा ने पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से हराकर सभी को चौंका दिया।



त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को चौंकाया

अगरतला के मैदान पर खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम से श्रीदम पॉल ने 136 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन की पारी खेली थी, जिससे त्रिपुरा की टीम ने पहली पारी में 268 का फाइटिंग टोटल बनाया। इसके मुकाबले सौराष्ट्र का कोई भी बल्लेबाज त्रिपुरा की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। नतीजा यह रहा कि सौराष्ट्र की पहली पारी 118 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 191 रन का टोटल बनाया और सौराष्ट्र को चेज करने के लिए 342 का विशाल स्कोर दिया, जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 208 रन ही बना सकी और त्रिपुरा ने 133 रन के बड़े अंतर से पूर्व रणजी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम को ढेर कर दिया।



सुतार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड से दिलाई जीत

मिजोरम की टीम से खेलने वाले चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी सीजन में बल्ले से रनों की सुनामी ला रखी है। नागालैंड के खिलाफ 400 रन की नाबाद पारी खेल डाली थी। इसके बाद मेघालय के खिलाफ 125 रन और अब अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 175 रन की मैराथन पारी खेल डाली। इस तरह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की दुनिया में पहली पांच पारियों में सबसे अधिक 834 रन बनाने वाले चिन्मय दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। अरुणाचल प्रदेश की टीम 285 और 257 रन ही बना सकी. इसके चलते मिजोरम को पारी और 29 रन से जीत मिली।

हैदराबाद की एक विकेट से रोचक जीत

हैदराबाद के खिलाफ सिकंदराबाद के मैदान पर छत्तीसगढ़ की टीम ने पहली पारी में 284 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मिलिंद ने तीन विकेट तो तीन विकेट रक्षण रेड्डी ने भी झटके। इसके बाद हैदराबाद के लिए राहुल रदेश ने 72 रन की पारी खेली तो उनकी टीम 280 रन ही बना सकी और पहली पारी के आधार पर छत्तीसगढ़ से चार रन पीछे रही। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ ने 254 रन का टोटल बनाया और मयंक वर्मा ने सबसे अधिक 81 रन की पारी खेली, जिससे छत्तीसगढ़ ने हैदराबाद को जीत के लिए 259 रन का लक्ष्य दिया था। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के एक समय 220 रन पर 9 विकेट गिर गए थे। अनिकेत ने 39 रन तो रक्षण ने 15 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों ने दसवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके टीम को हारे हुए मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले सूर्यकुमार

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूर्यकुमार के साथ उनकी पत्नी देविशा, उनकी नवजात बेटी, उनकी साली दीक्षा, उनके साले अजय शेट्टी और उनकी साली के दो बच्चे राम और सरयू भी थे। इस मुलाकात के दौरान सरयू ने मोदी के सामने एक कन्नड़ गीत भी गाया, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत पसंद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है।' भारत ने सूर्यकुमार की अगुवाई में इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया था लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के कारण वह टीम में जगह नहीं बना पाए थे।

चीन चैंपियनशिपः प्रणवी ने किया कट में प्रवेश



शेनजेन। शीर्ष गोल्फर प्रणवी उर्स चीन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलकर कट में प्रवेश करने में सफल रहीं। प्रणवी ने शुरुआती दौर में पार 73 का कार्ड खेला था। 36 होल का खेल पूरा होने के बाद वह कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। कट भी एक अंडर के स्कोर पर तय हुआ, जिसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शुरुआती दो दौर के खेल के बाद 20 वर्षीय स्थानीय खिलाड़ी लिकी जेंग 12 अंडर पार के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ हसन महमूद ने चटकाए 6 विकेट



सिलहट। बांग्लादेशी तेज गेंदबाज हसन महमूद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट चटकाए। इसी के साथ हसन ऑस्ट्रेलियाई स्टार नाथन लियोन के बाद ऐसे दूसरे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले पांच 'फाइव-विकेट हॉल' पांच अलग-अलग देशों में लिए। हसन महमूद ने सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में 24 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 90 रन देकर 6 शिकार किए। इस दौरान एक ओवर मेडन निकाला। टेस्ट क्रिकेट में यह महमूद का पांचवां 'फाइव-विकेट हॉल' है। महमूद ने साल 2024 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 43 रन देकर 5 शिकार किए थे, जबकि साल 2024 में चेन्नई में भारत के विरुद्ध 83 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

युवा पेसरों के दम पर सीरीज में बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे।

श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी।

भारतीय गेंदबाजों को डालनी होगी 'फुललैंग्थ'

अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है, जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंग्थ' गेंद डालनी होगी।





कम्बोज को टेस्ट का मिला फायदा

अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिए लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की, जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नई गेंद सौंपी जा सकती है । चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों।

बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने कहा, ' मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे, जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए।

कोंवे सीरीज से बाहर केली टीम में



वेलिंगटन। भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे को अभ्यास के दौरान सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण बाकी मैचों से बाहर हो गए। कोंवे को पहले वनडे से पूर्व लंबी चोट के कारण आकलैंड में अस्पताल ले जाना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली को उनकी जगह शनिवार को होने वाले दूसरे मैच में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह जानकारी दी। फील्डिंग के दौरान कोंवे की टक्कर मैट हेनरी से हुई थी हालांकि हेनरी कनकशन से बच गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं।

आर्यवीर का धमाका, इंडिया अंडर-19 ने नेपाल को हराया



एजेंसी ▸▸ अल अमेरत

आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

ईशान सूद (18 रन देकर 3 विकेट) और अर्जुन राजपूत (8 रन देकर 3 विकेट)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को 42.3 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद 70) और रायचंदानी (नाबाद 53) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल 19.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाकर 185 गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर 51 रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने 43 रन और आशीष लूथर के 29 रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया।

आर्यवीर ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने आक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने 52 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। रायचंदानी 63 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

बैडमिंटन

युवा ओलंपिक : 15 साल की तन्वी ने जीती चांदी



एजेंसी ▸▸ डकार

भारत की तन्वी पात्री युवा ओलंपिक की एकल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई, जिन्हें फाइनल में चीन की झांग यि शिन ने हराया।

1 घंटा और 22 मिनट तक चले मुकाबले में 15 साल की तन्वी को मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन ने 15-21, 21-13, 26-24 से हराया। तन्वी ने कहा,' यह उपलब्धि मेरे लिए काफी मायने रखती है और इससे आगे अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी।' तन्वी से पहले भारत के एचएस प्रणय (2010) और लक्ष्य सेन (2018) ने युवा ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

■ रजत पदक जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला शटलर

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,'तन्वी पात्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पंद्रह वर्ष की उम्र में रजत पदक जीतना असाधारण उपलब्धि और पूरे देश के लिये गर्व का पल है।'

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में सेंथिलकुमार



लंदन। भारत के वेलावान सेंथिलकुमार ने लंदन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने पराग्वे के 124वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को मारकांटोनियो को 11-5, 11-7, 14- 12 से हराया। अब उनका सामना दुनिया के 99वें नंबर के खिलाड़ी आमिर खालिद जोसेलिन से होगा। भारत के 167वीं रैंकिंग वाले अयान वाजिराली पहले दौर में ऊंची रैंकिंग वाले बेन स्मिथ से हार गए।

यूईएफए यूरोपा लीग : ओलंपिक मार्सिले ने बायर लेवरकुसेन को दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ बर्लिन

अमीन गौरी के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से ओलंपिक मार्सिले ने यूईएफए यूरोपा लीग में बायर लेवरकुसेन पर 1-0 से जीत हासिल की। मेहमान टीम ने बेएरिना में बेहतर शुरुआत की।

गौरी ने पेनल्टी एरिया के अंदर एक लंबे पास को नियंत्रित करने और अपने मार्कर से बचने के बाद शुरुआती मौका गंवा दिया, लेकिन गोलकीपर मार्क फ्लेकेन ने उसे रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों में से किसी ने भी लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं किया। मेजबान टीम 42वें मिनट में गोल करने के सबसे करीब पहुंची जब मिगुएल गुटिरेज का डिफ्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके बाद हाफटाइम से पहले जेरेल क्वांसाह का शॉट थोड़ा वाइड चला गया।



आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच चार दिवसीय मैच

टेस्ट सीरीज से पहले लय तलाशेंगे बुमराह-जडेजा

एजेंसी ▸▸ लिंकन

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत ए की तरफ से खेलते हुए शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में 3 अक्टूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी20 और मौजूदा वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे।



चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध

भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था।

न्यूजीलैंड पहुंचे जडेजा

सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में 7 विकेट लिए और एक शतक बनाया। वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्रॉफी की अपनी फॉर्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रॉ रहे थे।

शानदार फार्म में पडिक्कल और जुरेल

देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गए पिछले मैच में नाबाद 155 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। पहले मैच के बाद वनडे टीम से बाहर किए गए ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं।



आदेश का पालन न होने पर मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा व आयुक्त लोक शिक्षण सहित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से होना पड़ेगा उपस्थित

10 साल से सातवें वेतनमान का इंतजार, अवमानना मामले में राज्य शासन को अंतिम मोहलत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने अनुदान प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों को वर्ष 2016 से लंबित सातवें वेतनमान के भुगतान के मामले में राज्य शासन को एक बार फिर सख्त चेतावनी दी है। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने अवमानना प्रकरण में आदेश का पालन करने के लिए शासन को एक और अंतिम अवसर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस बार भी आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा एवं आयुक्त लोक शिक्षण सहित संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होना पड़ेगा।

जबलपुर निवासी राजेन्द्र कुमार तिवारी ने याचिका दायर की है। प्रतिवादियों की ओर से आदेश के पालन संबंधी कंप्लायंस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि 15 अक्टूबर 2026 को ही अंतिम अवसर देते हुए दो सप्ताह का समय प्रदान किया गया था। इसके बावजूद अब तक आदेश का पालन नहीं किया गया और न ही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत हुई। कोर्ट ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए न्यायहित में एक और अंतिम अवसर प्रदान किया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया



कि निर्धारित समय में आदेश का पालन नहीं होने की स्थिति में मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा, आयुक्त लोक शिक्षण सहित संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देना होगा। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर 2026 से शुरू होने वाले सप्ताह में नियत की गई है। उल्लेखनीय है कि अनुदान प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक वर्ष 2016 से सातवें वेतनमान के लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब हाईकोर्ट की सख्ती से इस मामले में अनुपालन की उम्मीद बढ़ी है।

हाईकोर्ट ने एकलपीठ के आदेश के परिप्रेक्ष्य में कार्रवाई पर लगाई रोक

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आरोपों में टीएनसीपी के ज्वाइंट डायरेक्टर को अंतरिम राहत

जबलपुर। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोपों से घिरे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी), भोपाल के ज्वाइंट डायरेक्टर नीरज आनंद लिखार को मप्र हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने संबंधी सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही निर्देश दिया है कि सिंगल बेंच के आदेश के परिप्रेक्ष्य में फिलहाल लिखार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाए। नरसिंहपुर निवासी आदित्य ठाकुर ने नीरज आनंद लिखार के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लिखार के भाई का हलवा जाति का प्रमाण पत्र उच्च स्तरीय जांच समिति द्वारा निरस्त किया जा चुका है। ऐसे में नीरज आनंद लिखार के जाति प्रमाण पत्र की वैधता की भी जांच कराई जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने 29 जून 2026 को नीरज आनंद लिखार के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने के निर्देश दिए थे। इस आदेश को चुनौती देते हुए लिखार ने युगलपीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की। अपील पर सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने नोटिस जारी करते हुए अंतरिम राहत प्रदान की।

कोटा-इटावा एक्सप्रेस में अतिरिक्त शयनयान कोच की सुविधा

6 से 8 नवंबर तक तीन दिनों के लिए लगाया जाएगा अतिरिक्त कोच

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल द्वारा यात्रियों की बढ़ती प्रतीक्षा सूची एवं अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 19811 कोटा-इटावा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त शयनयान श्रेणी (स्लीपर) कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के तहत उक्त ट्रेन में 06, 07 एवं 08 नवंबर 2026 को प्रारंभिक स्टेशन कोटा से एक अतिरिक्त शयनयान कोच जोड़ा जाएगा। अतिरिक्त कोच लगने से शयनयान श्रेणी में अधिक आरक्षित बर्थ उपलब्ध होंगी, जिससे प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलेगी तथा यात्रियों की यात्रा अधिक सुविधाजनक हो सकेगी। पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क, होल्डिंग एरिया एवं अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती

दीपावली एवं छठ पूजा पर स्टेशनों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं

जबलपुर। दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए जबलपुर रेल मंडल द्वारा प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता के निर्देशन में जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं एवं भीड़ प्रबंधन की निरंतर निगरानी की जा रही है। जबलपुर, मदन महल, कटनी, कटनी मुड़वारा, सतना, सागर, दमोह, पिपरिया सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एटीवीएम (ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन) तथा एम-यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अधिक यात्री भार को ध्यान में रखते हुए जबलपुर, कटनी एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित करने का प्रावधान है। इसके साथ ही यात्रियों की सहायता एवं उचित मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं तथा अतिरिक्त रेलवे कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

होल्डिंग एरिया एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था

त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं संभावित भीड़ को सुव्यवस्थित रूप से नियंत्रित करने तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जबलपुर रेल मंडल द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत जबलपुर रेलवे स्टेशन पर 5 हजार वर्गफुट, कटनी रेलवे स्टेशन पर 2 हजार वर्गफुट, कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर 2 हजार वर्गफुट तथा सतना रेलवे स्टेशन पर 2 हजार वर्गफुट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया विकसित करने की व्यवस्था प्रस्तावित है। इन होल्डिंग एरिया के माध्यम से यात्रियों को व्यवस्थित रूप से एकत्रित रखने, प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

सीबीआई ने कटनी में ट्रैप कार्रवाई कर किया था गिरफ्तार

45 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता को जेल भेजा

जबलपुर। रेलवे में ठेकेदार के कर्मचारियों की नियुक्ति के एवज में रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार वरिष्ठ अनुभाग अभियंता को सीबीआई कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी), जबलपुर की टीम ने कटनी के न्यू कटनी जंक्शन में पदस्थ वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (इलेक्ट्रिक-एम) अजयवीर सिंह को 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को उसे जबलपुर स्थित सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 12 नवंबर 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए गए। सीबीआई के अनुसार कटनी निवासी ठेकेदार शशांक कुशवाहा ने अजयवीर सिंह के विरुद्ध रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों की नियुक्ति के एवज में अधिकारी ने प्रति कर्मचारी 1500 रुपये के हिसाब से कुल 45 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के लिए चार नवंबर को सीबीआई उपनिरीक्षक आयुष कुमार ने स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में जांच की। इसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद पांच नवंबर को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। सीबीआई ने पांच नवंबर की रात कटनी पुलिस लाइन में स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में ट्रैप कार्रवाई की तैयारी की। शिकायतकर्ता के पिता तेजराम कुशवाहा ने 500 रुपये के 90 नोट, कुल 45 हजार रुपये, टीम को उपलब्ध कराए। सीबीआई के मुताबिक, अजयवीर सिंह ने तेजराम कुशवाहा से यह रकम स्वीकार की। तय संकेत मिलते ही टीम ने कार्रवाई कर उसे पकड़ लिया और रिश्वत की रकम बरामद कर ली। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद शुक्रवार को उसे सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया।

इलाज कराने आए किसान की जेब से 9,500 गायब

जबलपुर। शहर के विजय नगर थाना क्षेत्र में इलाज कराने आए पन्ना जिले के अमानगंज निवासी एक किसान के 9,500 रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने इस संबंध में विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, किसान 6 अक्टूबर को दीनदयाल बस स्टैंड से माही अस्पताल जाने के लिए एक पीले रंग के ऑटो में सवार हुआ था। रास्ते में एसबीआई चौक के पास उतरने के बाद जब वह अस्पताल पहुंचा और अपनी जेब देखी तो उसमें रखे 9,500 रुपये गायब मिले। किसान के अनुसार, यह रकम इलाज के लिए रखी गई थी। पैसे गायब होने के कारण उसे इलाज के लिए रिश्तेदारों से आर्थिक मदद लेनी पड़ी। घटना के संबंध में किसान ने 14 अक्टूबर को विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल किसान की शिकायत में 9,500 रुपये चोरी होने की बात सामने आई है।



कार सवार 4 बदमाशों ने व्यापारी को टक्कर मारकर लूटे लाखों के जेवरात

सिहोरा के गौरहा गांव के पास वारदात को अंजाम, भागते समय गाय को भी मारी टक्कर

जबलपुर। सिहोरा के पास गौरहा गांव में शुक्रवार सुबह बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। कार सवार चार बदमाशों ने सोना-चांदी के व्यापारी को निशाना बनाते हुए पहले उनकी गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मारी और सड़क पर गिरते ही उनके पास रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। सुबह-सुबह हुई इस वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरगी मोहल्ला निवासी विकास सोनी, पिता मनोज सोनी, सोना-चांदी के व्यापारी हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे वे जेवरात लेकर गौरहा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से कार में सवार होकर आए चार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही विकास सोनी सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बदमाशों ने उनके पास रखे जेवरात लूटे और तेजी से मौके से फरार हो गए।

लूट की रकम को लेकर अलग-अलग दावे

लूटे गए जेवरात की कीमत को लेकर फिलहाल असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रारंभिक जानकारियों में कहीं जेवरात की कीमत 7 से 8 लाख रुपये बताई जा रही है, तो कहीं 15 से 20 लाख रुपये का उल्लेख किया गया है। वास्तविक कीमत का खुलासा व्यापारी के बयान और जेवरात के आकलन के बाद ही हो सकेगा।

भागते समय गाय को भी मारी टक्कर

लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश तेज रफ्तार से कार लेकर भागे। इसी दौरान गौरहा के पास उनकी कार ने एक गाय को भी टक्कर मार दी, जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात के बाद बदमाशों का इस तरह बेखौफ होकर फरार होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस व्यापारी से पूछताछ कर लूटे गए जेवरात की वास्तविक कीमत का पता लगा रही है। साथ ही कार सवार चारों बदमाशों की पहचान करने और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दिनदहाड़े व्यापारी को निशाना बनाकर हुई इस वारदात ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

ट्रांसपोर्ट व्यापारी सहित युवक जख्मी

रांझी और अधारताल में पुरानी रंजिश पर चाकूबाजी

जबलपुर। रांझी और अधारताल थाना क्षेत्र में मारपीट की दो वारदाते सामने आई हैं। रांझी में पनेहरा पेट्रोल पम्प के आगे एच टाइप क्वाटर के पास पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने एक ट्रांसपोर्ट व्यापारी पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। वहीं अधारताल कंचनपुर में भी पुरानी रंजिश पर दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना शोभापुर रांझी निवासी 39 वर्षीय ट्रांसपोर्ट व्यापारी सुरेश यादव उर्फ यश गत रात लगभग 8.30 बजे अपनी बुलट मोटर सायकिल से अपने घर शोभापुर की ओर जा रहा था तभी पनेहरा पेट्रोल पंप के आगे एच टाइप क्वाटर के पास पहुंचा, तभी शोभापुर तरफ से अजय पटेल, जगदीश पटेल एवं यशवंत पटैल आये और पुरानी रंजिश पर गालियां देने लगा, मना करने पर जगदीश पटेल, यशवंत पटेल बोले की मार दो इसे तो अजय पटेल ने हत्या करने की नियत से चाकू से उस पर हमला कर घायल कर दिया। वह अपनी जान बचाकर घर तरफ भागा घर के पास रास्ते में अभिषेक ठाकुर एवं अभिषेक, आयुष मिले जो उसे उपचार हेतु रांझी शासकीय अस्पताल लेकर आये, जहां से उसे विक्टोरिया अस्पताल रेफर किया गया। उसके बाद परिजन उसे जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराये हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विरूद्ध धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी 27 वर्षीय वैभव उर्फ चंचू मेहता गत शाम लगभग 7.30 बजे बमबम किराना दुकान के पास से अपने दोस्त कुशाग्र यादव उर्फ पट्टू के साथ अपने घर आ रहा था रात लगभग 7.45 बजे साहिल गौतम उर्फ साहिल राजपूत के घर के सामने कंचनपुर पहुँचे वहां साहिल गौतम उर्फ साहिल राजपूत एवं राज उर्फ राजकिशोर झा वहां खड़े थे जिन्होंने उसे और उसके दोस्त को रोक लिया तथा पुरानी रंजिश पर साहिल गौतम को गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। राज झा ने उसे पकड़ लिया तथा साहिल गौतम उर्फ साहिल राजपूत ने हत्या करने की नियत से उस पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया वहीं उसका दोस्त झगड़ा देखकर भाग गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1),126(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



डीआईजी ने एएसपी मनीष भारद्वाज को सौंपी जांच

हाईकोर्ट की सुरक्षा ड्यूटी छोड़, वसूली करने पहुंचे रक्षित निरीक्षक निलंबित

जबलपुर। कुंडम रोड पर वाहन चेकिंग के नाम पर वाहन चालकों से रुपये मांगने की शिकायत को पुलिस विभाग ने गंभीरता से लिया है। मामले में डीआईजी अतुल सिंह ने रक्षित निरीक्षक (आरआई) योगेश चौकसे को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच एएसपी मनीष भारद्वाज को सौंपी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरआई योगेश चौकसे की ड्यूटी हाईकोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था में लगाई गई थी। इसके बावजूद वे वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बिना शासकीय वाहन और वायरलेस सेट के साथ कुंडम रोड पर वाहन चेकिंग करने पहुंच गए। इसी दौरान वाहन चालकों से चेकिंग के नाम पर रुपये मांगने की शिकायत डीआईजी अतुल सिंह तक पहुंची।

डीआईजी ने वायरलेस सेट पर किया संपर्क, जवाब से बढ़ा संदेह

शिकायत मिलने के बाद डीआईजी अतुल सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी के संबंध में जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पता चला कि योगेश चौकसे की ड्यूटी हाईकोर्ट सुरक्षा में निर्धारित थी और उन्हें कुंडम रोड पर वाहन चेकिंग करने के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी ने निर्देश नहीं दिए थे। डीआईजी ने मोबाइल और वायरलेस सेट के माध्यम से उनसे संपर्क कर उनकी मौजूदगी और कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी। बताया गया है कि इस दौरान उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए।

एएसपी मनीष भारद्वाज करेंगे विस्तृत जांच

प्रारंभिक जानकारी और शिकायतों को आधार बनाते हुए डीआईजी ने आरआई योगेश चौकसे को निलंबित कर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। पूरे मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की जिम्मेदारी आईपीएस अधिकारी एएसपी मनीष भारद्वाज को सौंपी गई है। अब जांच में यह स्पष्ट होगा कि वाहन चेकिंग किसके निर्देश पर की जा रही थी और वाहन चालकों से रुपये मांगने की शिकायतों में कितनी सच्चाई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240